CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम :20°C


देहरादून, शुक्रवार 15 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 277 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 27 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरीः राजनाथ सिंह पेज 2



ऑरेंज कैप टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचे विराट कोहली खेल टाइम्स



सामाजिकता की सबसे बड़ी कुंजी है परिवार सम्पादकीय



ताइवान पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ईंधन बचाने के मद्देनजर अपने कर्मचारियों के लिए सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने का फैसला लिया है और कुछ उपायों की घोषणा की है। सरकार ने दिल्ली में ईंधन बचत, प्रदूषण कम करने और 'मेड इन इंडिया' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा भारत, मेरा योगदान अभियान के तहत व्यापक दिल्ली 'एक्शन प्लान' जारी किया है। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए घर से काम करने, ऑनलाइन बैठकें, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग जैसे कई महत्वपूर्ण कदमों की घोषणा की गई है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र को भी कर्मचारियों के सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। सरकारी कार्यालयों का समय अलग-अलग करने और सोमवार को मेट्रो डे मनाने की बात कही गई है, ताकि लोग अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

### ईरान ने यूएई तट के पास एक जहाज को किया जब्त

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के पूर्वी तट के पास लंगर डाले एक जहाज को अज्ञात लोगों द्वारा जब्त कर ईरान की दिशा में ले जाने की खबर सामने आई है। इस घटना की पुष्टि ब्रिटिश सैन्य संगठन यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने की है। घटना के बाद पूरे होर्मुज स्ट्रेट क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। यह जहाज फुजैरा बंदरगाह से लगभग 38 समुद्री मील (करीब 70 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में लंगर डाले था, जब उस पर अनधिकृत लोगों ने कब्जा कर लिया।

### सबरीमाला मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं की एंट्री और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई गुरुवार को पूरी कर ली है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता में 9 जजों वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने 16 दिन तक केंद्र, धार्मिक संगठनों और याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनीं। कोर्ट धार्मिक स्वतंत्रता, अनुच्छेद 25 और 26 के दायरे, संवैधानिक नैतिकता और धार्मिक प्रथाओं में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमा जैसे कई अहम संवैधानिक सवालों पर फैसला देगी। इनमें सबसे अहम मासिक धर्म के उम्र वाली 10 से 50 साल की महिलाओं की सबरीमाला मंदिर में एंट्री का विवाद है।

# वैश्विक संकट के बीच भारत का ब्रिक्स एकजुटता का आह्वान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अस्थिरता और कमजोर होती बहुपक्षीय संस्थाएं वैश्विक व्यवस्था को अधिक नाजुक बना रही हैं और ब्रिक्स देशों को स्थिरता तथा वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार के लिए एकजुट होकर कदम उठाने चाहिए।



■ **विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में प्रतिबंधों और आतंकवाद पर जताई चिंता**

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने गुरुवार को यहां हुए ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक असुरक्षा और संस्थागत सुधारों पर केंद्रित संबोधन में कहा कि दुनिया अभूतपूर्व भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रही है। इसके पीछे सशस्त्र संघर्ष, जलवायु संबंधी आपदाएं और कोविड महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि ये संकट अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि वैश्विक चुनौतियों का ऐसा संगम हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं की क्षमता की परीक्षा ले रहे हैं और जिनका सबसे अधिक असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिरता, सतत विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई और दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिक्स देशों को केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रभावी और समन्वित समाधान विकसित करने चाहिए। डा. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की बुनियाद रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संवाद और कूटनीति ही संघर्षों के समाधान के टिकाऊ उपाय हैं।

# 16 राज्यों व 3 केंद्र शासित प्रदेशों में SIR की घोषणा

## चुनाव आयोग ने तीसरे चरण का किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर जाकर करेंगे सर्वेक्षण**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। चुनाव आयोग के अनुसार, जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है।

आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम मई 2026 से शुरू होकर दिसम्बर 2026 तक चलेगा और अलग-अलग राज्यों में अंतिम मतदाता सूची सितम्बर से दिसम्बर 2026 के बीच प्रकाशित की जाएगी। आयोग ने बताया कि एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर -शेष पृष्ठ दो पर




### सीईसी ने की एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह से भाग लेने की अपील

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पूरे उत्साह से भाग लेने की अपील की है। श्री कुमार ने गुरुवार को 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के तीसरे चरण के शुभारंभ के कार्यक्रम की घोषणा पर कहा कि मैं सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण में उत्साहपूर्वक भाग लेने और अपने मतदाता-गणना प्रपत्र भरने की अपील करता हूं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि एसआईआर का संचालन यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाताओं के नाम शामिल हों।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **कहाः सरकार को ही फैसला लेना है, तो कमेटी में नेता विपक्ष को रखने का दिखावा क्यों**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग में नियुक्तियों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार को ही फैसला करना है, तो सिलेक्शन कमेटी में विपक्ष के नेता (एलओपी) को रखकर स्वतंत्रता का दिखावा करने की जरूरत क्या है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर की सिलेक्शन कमेटी में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल होते हैं, लेकिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली समिति में कोई स्वतंत्र सदस्य नहीं रखा गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए मौजूदा कमेटी में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल हैं। इनमें बहुमत के आधार पर एक नाम का चयन होता है। अभी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हैं। पूरा मामला मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं से जुड़ा है। इस पर कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नई चयन प्रक्रिया में केंद्र को ज्यादा अधिकार दिए गए हैं, जिससे आयोग की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। यह चुनौती सुप्रीम कोर्ट की 2023 के फैसले 'अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ' के बाद सामने आई है। उस फैसले में कहा गया था कि जब तक संसद कानून नहीं बनाती, तब तक चुनाव आयोग में नियुक्तियां प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजेआई वाली समिति के जरिए की जाएंगी।

# दिल्ली में चलती स्लीपर बस में गैंगरेप

■ **समय पूछने पर महिला को चलती बस में खींचा**

**नई दिल्ली।** एक भयावह घटना ने राष्ट्रीय राजधानी को एक बार फिर झकझोर दिया है। सोमवार देर रात दिल्ली के रानी बाग इलाके में एक चलती स्लीपर बस के अंदर 30 वर्षीय महिला का अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया गया।

पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई बस को जब्त कर लिया है और पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीतमपुरा की एक झुग्गी बस्ती निवासी पीड़िता मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में काम करती है। रात की शिफ्ट खत्म करने के बाद वह घर जा रही थी, जब वह सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड पर पहुंची। वहां एक स्लीपर बस खड़ी थी। जब उसने बस के दरवाजे पर खड़े एक युवक -शेष पृष्ठ दो पर

### वीडी सतीशन केरलम के सीएम होंगे

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन पारावूर सीट से विधायक हैं। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम सीएम वीडी सतीशन होंगे। नाम का ऐलान होने के बाद सतीशन ने कहा कि मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं।

### पश्चिम एशिया संकट का असरः कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से दबाव

# अप्रैल में 8.30 % पर पहुंची थोक महंगाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है।

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में भारी उछाल दर्ज किया गया है। मार्च महीने में थोक महंगाई दर 3.88 प्रतिशत के स्तर पर थी, जो अप्रैल में तेजी से बढ़कर 8.30 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इस जबरदस्त वृद्धि के पीछे मुख्य कारण ईंधन, बिजली और कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में आई बेतहाशा तेजी है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, अप्रैल 2026 में महंगाई की दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण है। थोक महंगाई में आया यह तेज उछाल सीधे तौर पर पश्चिम एशिया में चल रहे संकट को दर्शाता है। इसके साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट की प्रभावी नाकेबंदी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। यह जलमार्ग भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत अपने आयातित कच्चे तेल का अधिकांश हिस्सा इसी मार्ग से प्राप्त करता है।




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### ईंधन बचाने की पहल विधान परिषद की संसदीय समितियों के भ्रमण कार्यक्रम स्थगित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने के आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फ्लीट 50 प्रतिशत कम करने के फैसले के बाद अब उत्तर प्रदेश विधान परिषद ने भी बड़ा कदम उठाया है। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने परिषद की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित भ्रमण के सभी कार्यक्रमों को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डा. राजेश सिंह ने बताया कि अब संसदीय समितियों की बैठकों में जिला स्तरीय अधिकारी अग्रिम आदेशों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से प्रतिभाग करेंगे। इससे अधिकारियों का जिलों में आना-जाना कम होगा और ईंधन की बचत होगी।

### केरल में सतीशन कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गए

**नई दिल्ली।** केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीडी सतीशन को पार्टी विधायक दल का नेता घोषित किया गया है। कांग्रेस की केरल प्रदेश प्रभारी दीपादास मुंशी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में में बताया कि सतीशन को केरल में पार्टी विधायक दल का नेता बनाया गया है। इस मौके पर उनके साथ केरल के लिए नियुक्त किए गए केन्द्रीय पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक भी मौजूद थे। श्रीमती दास मुंशी ने बताया कि गत सात मई को तिरुवनंतपुरम में पार्टी विधायक दल की बैठक में नेता चुनने का अधिकार पार्टी हाईकमान को दे दिया गया था। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोस में पार्टी के नेता राहुल गांधी, केन्द्रीय पर्यवेक्षकों तथा केरल के पार्टी सांसदों और अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श किया।

### कई जिलों में आंधी से सैकड़ों पेड़ धराशाई, बिजली के खंभे उखड़े

# उप्र में चक्रवाती तूफान व बारिश से 104 मरे

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा देने का दिया निर्देश, बांदा रहा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को चक्रवाती तूफान और बारिश ने जम कर कहर बरपाया। मौसम जनित हाद. सों में पूरे राज्य में 104 से अधिक लोग अकाल मृत्यु का शिकार हुए। प्रयागराज, भदोही, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सीतापुर और बहराइच समेत कई जिलों में आंधी से सैकड़ों पेड़ धराशाई हो गए, जबकि बिजली के खंभे उखड़ने से विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई और कई इलाके अंध. ेरे में डूब गए।

आंधी बारिश से दर्जनों कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुंचा। आंधी-पानी की चपेट में आने से अलग-अलग जिलों में 104 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज्यादा वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर मंडल में लोगों की मौत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकान और टीन शेड उड़ गए, वहीं फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश और धूल भरी आंधी के कारण सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही। कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। मरने वालों में भदोही में 18, मिर्जापुर में 15, प्रयागराज में 17, प्रतापगढ़ और बरेली में 4-4, फतेहपुर में 10, उन्नाव और बदायूं में 6-6, सीता. पुर, रायबरेली, चंदौली, कानपुर देहात, हरदोई और संभल में दो-दो, कौशांबी, शाहजहांपुर, सोनभद्र और लखीमपुरखीरी में एक-एक लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर रात बैठक कर आंधी, बेमौसम बारिश, आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं की समीक्षा की और 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए। योगी ने प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर जाने के लिए कहा। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

### आंधी में उड़ा व्यक्ति दूर जाकर खेत में गिरा

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के भमोरा थाना क्षेत्र में बुधवार को तेज आंधी और बारिश के दौरान एक हैरान कर देने वाला हादसा सामने आया, जिसमें बारातघर की उड़ती टीननुमा चादर को पकड़ने का प्रयास कर रहा एक व्यक्ति हवा में उड़कर दूर खेत में जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके शरीर में कई फ्रैक्चर बताए जा रहे हैं। ग्राम बबियाना निवासी नन्हे (50) गांव में बने बारातघर के पास खड़े थे। अचानक मौसम खराब हो गया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज हवाओं के कारण बारातघर की टीन की चादर उड़ने लगी। इसी दौरान नन्हे उसे संभालने के लिए उससे जुड़े लोहे के पाइप को पकड़ लिया, लेकिन हवा का दबाव इतना तेज था कि वह खुद भी चादर के साथ कई फीट ऊपर उठ गए।

# रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी:राजनाथ

नई दिल्ली, वार्ता



■ तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकते: रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने का आह्वान किया है और कहा है कि तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा अब पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकती।

सिंह ने गुरुवार को यहां प्रमुख रणनीतिक संवाद 'कलम और कवच' में अपने वर्चुअल संदेश में कहा कि इस मंच का नाम ही देश के भविष्य के सुरक्षा ढांचे की सशक्त दृष्टि को दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कलम विचारों, तर्क और आगे की सोच रखने के साहस का प्रतीक है। कवच शक्ति, सुरक्षा और राष्ट्र की रक्षा करने की क्षमता का प्रतीक है। जो देश स्पष्ट रूप से सोच सकता है और मजबूती से अपनी रक्षा कर सकता है, वही दुनिया में ऊंचा खड़ा होता है। हम ऐसे ही भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं।

वैश्विक संघर्षों के बदलते स्वरूप पर सिंह ने कहा कि दुनिया भर में रणनीतिक परिदृश्य लगातार अधिक अनिश्चित, प्रतिस्पर्धी और प्रौद्योगिकी- आधारित होता जा रहा है। उन्होंने भू-राजनीतिक तनाव, संघर्ष, साइबर खतरे, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी और हाइब्रिड युद्ध के उभरते स्वरूपों को देशों के सामने मौजूद प्रमुख चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी दुनिया में राष्ट्रीय सुरक्षा पुराने आयामों पर आधारित नहीं रह सकती। इसके लिए हमारी तैयारी, लचीलापन, नवाचार और रणनी. तिक आत्मविश्वास आवश्यक है।ष रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं, बल्कि भारत के लिए रणनीतिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं के लिए अत्यधिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहता है, वह संकट के समय कमजोर बना रहता है। हमें अपने राष्ट्रीय तंत्र के भीतर ही प्रमुख प्रणालियों का डिजाइन, विकास, उत्पादन, रखरखाव और उन्नयन करना होगा। इसी तरह हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को सुरक्षित रख पाएंगे।

रक्षा मंत्री ने विभिन्न हितधारकों के बीच अधिक समन्व्य की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि आधुनिक युद्ध में कई क्षेत्रों के बीच निरंतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध पारंपरिक सीमाओं का सम्मान नहीं करता। सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम अपनी थल, जल, वायु, साइबर और अंतरिक्ष सेनाओं को कितनी दक्षता से एक साथ ला पाते हैं। यह इस पर भी निर्भर करेगा कि हमारी प्रयोगशालाएं, उद्योग, स्टार्टअप, नीति निर्माता और सैन्य संस्थान कितनी निकटता से मिलकर काम करते हैं। रक्षा तैयारियों में तेजी से नवाच. ार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में वही देश आगे रहेंगे, जो विचारों को तेजी से परिचालन क्षमता में बदल सकें।

# आंधी-तूफान से हुई 104 मौतों पर अखिलेश ने जताया दुख

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में आए भीषण आंधी-तूफान से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भदोही, फतेहपुर, सोनभद्र, बदायूं समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और तूफान के कारण 104 लोगों की मौत हो गई, जबकि घर, पेड़ और दीवारें गिरने से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

सपा अध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि घायलों के लिए बेहतर और मुफ्त इलाज की तत्काल व्यवस्था की जाए तथा प्रभावित इलाकों में शीघ्र खाना-पानी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके लिए अस्थाई रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की। यादव ने कहा कि मृतकों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया जाए और आपदा में हुए जानमाल, फसल तथा वाहनों के नुकसान का जल्द आकलन कर प्रभावित परिवारों को बीमा राशि और उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने सपा के कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि जो लोग इस आपदा से अप्रभावित हैं, वे पीड़ित परिवारों की हरसंभव सहायता के लिए आगे आएं। सपा प्रमुख ने मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# दिल्ली में फिर चलती बस में दुष्कर्म समाज के लिए कलंक: आप

नई दिल्ली, वार्ता



■ निर्भया कांड की यादें ताजा हुई, केजरीवाल और सौरभ ने उठाए सवाल

आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दिल्ली की सड़कों पर चलती बस के अंदर एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म ने एक बार फिर निर्भया कांड की यादें ताजा कर दी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को एक्स पर कहा कि दिल्ली में एक बार फिर चलती बस में दुष्कर्म हुआ। हमने निर्भया से कुछ नहीं सीखा। यह हादसा पूरे समाज के लिए कलंक है।

आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि दिल्ली में निर्भया कांड दोहराया गया है। 30 साल की एक महिला को रात में बस में समय पूछने के बहाने अगवा कर लिया गया और इसके बाद चलती बस में करीब दो घंटे तक कई लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। यह बस दिल्ली के रानी बाग इलाके में सात किमी तक घूमती रही। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस से और क्या उम्मीद की जा सकती है, जिसके मुखिया उपराज्यपाल चाहते हैं कि दिल्लीवासी उनकी रील देखें, जिनमें वे छोले-भटूरे और जलेबी खा रहे हैं। श्री भारद्वाज ने कहा कि चलती बस में ड्राइवर और कंडक्टर ने महिला का सामूहिक दुष्कर्म किया। यह जानकारी दिल्ली पुलिस ने मीडिया को देर से क्यों दी। इसके पीछे क्या कारण था? क्या पुलिस दुष्कर्म की घटना को दबाना चाहती थी? क्या पुलिस पीध्ति पर दबाव बनाना चाहती थी, मामले को दबाने की कोशिश कर रही थी या फिर आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद मीडिया को बताना चाहती थी कि ऐसा हुआ था, मगर पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार रील्स पर चलती है। हमारी आपत्ति रील्स बनाने पर नहीं है, बल्कि उन्हें अपने हिंसाब से एडिट और पेश करने पर है। दिल्लीवाले सरकार के ऑडियंस नहीं हैं, लेकिन आज भाजपा ने दिल्ली के नागरिकों और मतदाताओं को महज एक ऑडियंस बना दिया है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75398.72
निफ्टी 23689.60

सोना 152887 प्रति 10 ग्राम
चांदी 257055 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में तेजी जारी, प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत चढ़े

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग, धातु और फार्मा सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी देखी गई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 789.74 अंक (1.06 प्रतिशत) चढ़कर 75,398.72 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बाजार में तेजी रही है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.17 प्रतिशत चढ़ा, जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। निफ्टी आईटी सूचकांक 1. 99 प्रतिशत गिर गया। धातु, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत तक ऊपर रहे। बैंकिंग, वित्त, रसायन, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने अच्छा पैसा लगाया। सेंसेक्स में भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक सवा पांच फीसदी से ज्यादा की बढ़त में रहा। कंपनी के अच्छे तिमाही परिणाम के बाद यह तेजी देखी गई। इटरनल का शेयर सवा तीन प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का ढाई फीसदी और अडानी पोर्ट्स का दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयर एक से दो प्रतिशत तक चढ़े। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, एलएंडटी, इंडिगो और बजाज फिनसर्व के शेयर भी हरे निशान में रहे।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 4.37 लाख के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वाहनों की मांग में पिछले साल सितम्बर के बाद से जारी तेजी इस साल अप्रैल में भी बरकरार रही और घरेलू बाजार में यात्री वाहनों तथा तिपहिया वाहनों की रिकॉर्ड थोक बिक्री दर्ज की गई। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की बिक्री, जिनमें कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं, अप्रैल में सालाना आधार पर 25. 4 प्रतिशत बढ़कर 4,37,312 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल अप्रैल में देश में 3,48,847 यात्री वाहन बिके थे। तिपहिया की बिक्री में 32.8 प्रतिशत का उछाल आया और यह 65,668 इकाई के नए मासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

# गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में नरमी दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव स्थिर रहा। चावल के साथ चीनी की कीमतों में भी टिकाव रहा। गेहूं महंगा हुआ, जबकि खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,786 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे में भी टिकाव देखा गया। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत 31 रुपये और तुअर दाल की 26 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल 14 रुपये और मसूर दाल 13 रुपये सस्ती हुई। चना दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 42 रिंगिट टूटकर 4,396 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73. 31 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 107 रुपये और वनस्पति की 46 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 27 रुपये और सरसों तेल 18 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 17 रुपये और सोया तेल नौ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया।

मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी की कीमत गत दिवस से स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7666. 92 रुपये, मसूर काली 8094.74 रुपये, मूंग दाल 10172.90 रुपये, उड़द दाल 10824.16 रुपये, तुअर दाल 11243.65 रुपये प्रति क्विटंल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**16 राज्यों...** पूरा देश इसमें कवर हो जाएगा। आयोग के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदाता सूची के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसमें बर्फ से ढके क्षेत्रों में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखा जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के तीसरे चरण में दिल्ली को शामिल किया जाएगा, जहां 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण में 16 राज्य आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, झारखंड, महाराष्ट्र, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय, कर्नाटक, तेलंगाना, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा और तीन केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दमन-दीव शामिल होंगे। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर का दूसरा चरण नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवम्बर 2025 से किया गया था। इस चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एसआईआर किया गया। इनमें से चुनावी राज्य तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे। जबकि एसआईआर के पहले चरण में सिर्फ बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था।

**दिल्ली में...** से समय पूछा, तो आरोपियों ने जवाब देने के बजाय उसे जबरदस्ती बस के अंदर खींच लिया। पीड़िता के अनुसार, जैसे ही उसे बस में घसीटा गया, आरोपियों ने दरवाजा बंद कर दिया और चालक को बस चलाने का निर्देश दिया। चलती बस के अंदर, दो लोगों ने उसके साथ बार-बार बलात्कार किया। यह त्रासद घटना लगभग 7 किलोमीटर तक नांगलोई मेट्रो स्टेशन तक जारी रही। लगभग दो घंटे तक यौन उत्पीड़न करने के बाद, आरोपियों ने उसे खून से लथपथ हालत में रात करीब 2 बजे सड़क पर फेंक दिया और फरार हो गए। हमले के तुरंत बाद पीड़िता ने पुलिस को फोन किया। पहली कॉल नांगलोई पुलिस स्टेशन को गई, लेकिन चूंकि अपराध स्थल रानी बाग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता था, इसलिए मामला स्थानांतरित कर दिया गया। एक महिला सब-इंस्पेक्टर पीड़िता को बाबासाहेब अंबेडकर अस्पताल ले गईं, जहां चिकित्सा जांच में सामूहिक बलात्कार की पुष्टि हुई। डाक्टरों ने पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी, लेकिन उसने इन्कार कर दिया। उसने बताया कि उसके पति को टीबी है और वे घर पर ही रहते हैं। दंपति की तीन बेटियां हैं, जिनकी उम्र 8, 6 और 4 साल है। अस्पताल में भर्ती होने पर बच्चों का पेट कौन भरेगा, इस चिंता में उसने गंभीर चोटों के बावजूद घर पर ही इलाज कराने का विकल्प चुना। पुलिस ने बिहार रजिस्ट्रेशन नंबर वाली बस को जब्त कर लिया है। बस मालिक से संपर्क कर लिया गया है और चालक के साथ-साथ दो मुख्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। बस के रूट और आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी समीक्षा की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि बस के अंदर पर्दे लगे हुए थे, जिससे बाहर से कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। बस के अंदर से सबूत इकट्ठा करने के लिए एक फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। बस को जब्त कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# होसबले के पाक से बातचीत संबंधी बयान का किया स्वागत

श्रीनगर, वार्ता



■ नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला बोले- युद्ध कोई विकल्प नहीं है

जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने वाले बयान का स्वागत किया है।

अब्दुल्ला ने कहा कि यह इस बढ़ती हुई समझ को दर्शाता है कि अब युद्ध कोई विकल्प नहीं रहा। गौरतलब है कि होसबले ने हाल ही में कहा था कि भारत को सीमा पार आतंकवाद का कड़ाई से जवाब देना चाहिए, लेकिन साथ ही पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे भी खुले रखने चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ा कदम है। होसबले ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत होनी चाहिए और आज पूर्व सेना प्रमुख ने भी उनके बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अब कोई यह सोच रहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है। यह बातचीत का मामला है और बातचीत के जरिए ही हमें अपनी समस्याओं का हल निक. ालना चाहिए। अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के दूसरे ऐसे बड़े राजनीतिक नेता बन गए हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के साथ बात. चीत की वकालत करने वाले होसबले के बयान का स्वागत किया है। इससे पहले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में स्थाई शांति के लिए दोनों देशों के बीच लगातार संपर्क जरूरी है। होसबले की इस टिप्पणी ने वर्षों से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों, सीमा पर तनाव और औपचारिक द्विपक्षीय बात. चीत के निलंबन के बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर राजनीतिक और रणनीतिक हलकों में एक नई बहस छेड़ दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई है कि आज दिल्ली में शुरू हो रही ब्रिक्स की बैठक पश्चिम एशिया में शांति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि ब्रिक्स की बैठक हो रही है और हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति होगी। मुझे उम्मीद है कि ब्रिक्स भी इस पर दबाव डालेगा।ष बड़ी ताकतों से जुड़े चल रहे कूटनीतिक प्रयासों का जक्रि करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चीन में हैं। मुझे यकीन है कि चीन भी अपनी भूमिका निभाएगा, ताकि शांति बनी रहे। जब उनसे प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों के काफिले के आकार में की गई कटौती के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा कदम है। उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है और इससे पता चलता है कि हमारे पास ईंधन की कमी है और जाहिर है, जब कमी है तो हमें उसे पूरा करना होगा। मुझे यकीन है कि हर कोई अपने काफिले का आकार कम करेगा।

### बाइस साल में 54 बार विदेश यात्रा पर गए राहुल: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने और वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है तथा सवाल किया है कि उनके विदेश दौरे का खर्च कौन उठाता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के विदेश दौरे का ब्योरा दिया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए गांधी पिछले 22 वर्ष में 54 बार विदेश यात्रा पर गए और इन दौर पर 64 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आया, जो एक बड़ी जांच का विषय है। उन्होंने बताया कि गांधी ने जिन देशों के दौरे किए, उनमें इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, कंबोडिया, सिगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल है।

# सीएम के हाथों 307 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को कुल 307 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। जिसमें 243 चिकित्सा अधिकारियों, 42 फार्मासिस्ट, उद्यान विभाग के अन्तर्गत 22 प्रयोगशाला सहायकों एवं मशरूम पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल रोजगार का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की सवा करोड़ जनता की सेवा का संकल्प पत्र है।

मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण राज्य में स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों में संकट की घड़ी में जनता की पहली उम्मीद स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्मिक ही होते हैं। उन्होंने नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि वे संवे. दनशीलता, समर्पण और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।




■ कहा, नियुक्ति पत्र नहीं, यह है जनसेवा का संकल्प पत्र
■ साढ़े चार वर्षों में राज्य में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी

## राज्य सरकार कृषि एवं उद्यानिकी को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्धः धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि एवं उद्यानिकी को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कीवी, ड्रैगन फ्रूट, हाई डेंसिटी एप्पल, मशरूम उत्पादन तथा मधुमक्खी पालन जैसी उच्च मूल्य फसलों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नव नियुक्त युवा प्रदेश को कृषि नवाचार और आधुनिक उद्यानिकी के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सभी भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता से हो रही है। प्रदेश में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इसका परिणाम है कि पिछले साढ़े चार वर्षों में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं।

आयुष्मान योजना के माध्यम से लाखों परिवारों को उपचार का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में अब तक 62 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं तथा लगभग 12 लाख मरीजों का 2200 करोड़ रुपये से अधिक का कैशलेस उपचार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और संचालन तेजी से किया जा रहा है।

वर्तमान में प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि 2 निर्माणाधीन हैं। इसके साथ ही 9 नर्सिंग कॉलेज और 3 नर्सिंग स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा हल्द्वानी में आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण प्रगति पर है। दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए टेलीमेडिसिन एवं हेली एंबुलेंस सेवाएं भी संचालित की जा रही हैं।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, विधायक उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, सचिव सचिन कुर्वे, डॉ. एस. एन. पाण्डेय एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### उत्तराखंड में मशरूम उत्पादन की अपार संभावनाएं : जोशी

कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा अतिसघन सेब बागवानी, कीवी मिशन, ड्रैगन फ्रूट मिशन, मधुमक्खी पालन नीति तथा जाइका परियोजना जैसी विभिन्न योजनाओं का सफल संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में मशरूम उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्रोत के रूप में उभर सकता है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और उनके सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में गुणात्मक सुधार आएगा।

### राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी : सुबोध

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि नये चिकित्सकों और फार्मासिस्ट की नियुक्ति होने से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों तक चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता हो और लोगों को अपने निकटतम क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चिकित्सक पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ जन सेवा के प्रति समर्पित रहेंगे।

# केदारनाथ यात्रा में हेली टिकट के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रूद्रप्रयाग। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी करने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों द्वारा यात्रियों की आस्था और जल्द दर्शन की मजबूरी का फायदा उठाते हुए लाखों की धोखाधड़ी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामले में कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नैनीताल निवासी तारादत्त ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी एवं अन्य परिजनों के लिए केदारनाथ धाम की हेलीकॉप्टर टिकट बुक कराने को लेकर अनिल नौटियाल नामक व्यक्ति से संपर्क किया था। आरोपी ने खुद को टिकट बुकिंग कराने में सक्षम बताते हुए विश्वास में लिया और अलग-अलग किश्तों में कुल 41,600 ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए।

पीड़ित के अनुसार आरोपी ने पहले 27,000 और बाद में 14,600 की अतिरिक्त रकम मांगी, जिसे उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से भेज दिया। लेकिन जब 1 मई 2026 को वे फाटा हेलीपैड पहुंचे तो उन्हें कोई टिकट उपलब्ध नहीं कराया गया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया और बाद में मोबाइल भी स्विच ऑफ कर लिया। काफी इंतजार और संपर्क के प्रयासों के बाद पीड़ित को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ।

■ साइबर जालसाज सक्रिय, 41 हजार रुपये ऐंठकर आरोपी फरार

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने आरोपी अनिल नौटियाल पुत्र घनश्याम नौटियाल निवासी मुनिक. ीरेती, टिहरी गढ़वाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 318 (4) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस द्वारा एफआईआर संख्या 0016/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि केदारनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर टिकट केवल अधिकृत और सरकारी वेबसाइट के माध्यम से ही बुक करें। किसी भी अनजान व्यक्ति, सोशल मीडिया एजेंट या फर्जी दलाल के झांसे में आकर ऑनलाइन भुगतान न करें। यात्रा सीजन में बढ़ती भीड़ के बीच साइबर ठग सक्रिय हो चुके हैं, ऐसे में श्रद्धालुओं को सावधानी और सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है।

# आम लोगों की मेहनत की कमाई लूटने वालों को नहीं बख्शा जायेगा: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बहुचर्चित एलयूसीसी चिटफंड घोटाले में सीबीआई द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि गरीब व मेहनतकश जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वालों की अब खैर नहीं है। उन्होंने कहा कि चिटफंड योजनाओं के नाम पर लोगों को ठगने वाले घोटालेबाजों पर अब कानून का शिकंजा कस चुका है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



■ एलयूसीसी घोटाले में सीबीआई की कार्रवाई से निवेशकों ने ली राहत की सांस
■ कहा, सरकार आम जनता के साथ, आरोपियों के खिलाफ होगी ठोस कार्रवाई

डॉ. रावत ने कहा कि एलयूसीसी ने पहाड़ के भोले-भाले एवं मेहनतकश लोगों को अनियमित जमा योजनाओं में अधिक लाभ का लालच देकर अवैध तरीके से करोड़ों रुपये की ठगी की है। इस प्रकरण में सीबीआई ने ठोस कार्रवाई करते हुये पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हजारों निवेशकों ने राहत की सांस ली है। डॉ. रावत ने विश्वास जताया कि जांच एजेंसियां निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से जांच कर सभी दोषियों को कानून के तहत कठोर दंड दिलाएंगी। डॉ. रावत ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार आर्थिक अपराधों और भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित निवेशकों के साथ खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भविष्य में इस प्रकार के चिटफंड घोटालों और वित्तीय अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। डॉ. रावत ने कहा कि कुछ विपक्षी नेता पीड़ित लोगों को गुमराह कर उनके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं।

# उत्तराखण्ड सहित 19 राज्यों में 29 मई से शुरु होगा एसआईआर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने गुरुवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कान्फ्रेंस कर आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने तीसरे चरण में 19 राज्यों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की घोषणा कर दी है। उत्तराखण्ड राज्य में 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम के निर्देशन में एसआईआर की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।



## एक क्लिक पर अपने बीएलओ के लिए बुक करा सकते हैं फोनकॉल

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ष्बुक ए कॉल विद बीएलओष के फीचर से मतदाता एक क्लिक पर अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करके या ईसीआई व एनईजी मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर अपनी कॉल बुक करा सकते हैं। कॉल बुक कराने के बाद दो दिन के भीतर बीएलओ द्वारा मतदाता से स्वयं संपर्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 11733 पोलिंग बूथों के सापेक्ष सभी दलों द्वारा 21808 बीएलए की ही नियुक्ति हुई है।

■ 29 मई से 7 जून 2026 तक गणना प्रपत्र के प्रिंटिग
■ कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य होंगे सम्पादित
■ 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ करेंगे घर-घर सर्वे

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड में 29 मई से 7 जून 2026 तक गणना प्रपत्र के प्रिंटिग, कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य सम्पादित किए जाएंगे। 8 जून से 7 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन करेंगे। उत्तराखण्ड में 14 जुलाई को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा। इसी क्रम में 14 जुलाई से 13 अगस्त के बीच दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच 10 जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक सभी नोटिस जारी कर दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में 11733 पोलिंग बूथ के सापेक्ष वर्तमान में प्रदेश में राजनैतिक दलों द्वारा 21 हजार 808 बीएलए की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आगामी अप्रैल माह से प्रदेश में और भी सघन डोर-टू-डोर अभियान चलाकर कम मैपिंग वाले बूथ पर स्पेशल फोकस करते हुए मैपिंग का कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के कम में प्रत्येक बूथ पर एब्सेंट, शिफ्टेड और डेथ सूची तैयार की जा रही है, ताकि मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य और गहनता से किया जा सके। इस अवसर पर एसीईओ मस्तू दास, मीडिया नोडल अधिकारी रवि विजारनियां मौजूद रहे।

# प्रत्येक विकासखण्ड में विकसित होंगे आदर्श कृषि व उद्यान गांवः सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के प्रत्येक विकासखण्ड से एक-एक गांव का चयन कर उसे कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में आदर्श गांव के रूप में विक. सित किया जाए, ताकि स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके।

गुरुवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आयोजित उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, जलवायु, भूमि की गुणवत्ता और स्थानीय आवश्यकताओं का अध्ययन करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किस क्षेत्र में कौन-से फल, सब्जियां अथवा अन्य कृषि उत्पाद अधिक बेहतर ढंग से विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र विशेष की विशेषताओं के अनुरूप योजनाबद्ध कार्य कर राज्य को कृषि और बागवानी के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड को आगामी तीन वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं में किसानों के हित सर्वोपरि होने चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

■ किसानों की आय बढ़ाने, जैविक खेती, वैज्ञानिक तकनीक और विपणन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तीन वर्षीय कार्ययोजना बनाने के मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश



मुख्यमंत्री ने कहा कि गोविन्द बल्लभ पन्त, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से प्रदेशभर में किसानों के लिए बड़े स्तर पर कृषि गोष्ठियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, बेहतर खेती के तरीकों तथा उच्च गुणवत्ता वाले पौध, बीज और खाद उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से तिलहनी फसलों जैसे सरसों, तिल, सूरजमुखी, सोयाबीन के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को इन फसलों के प्रति जागरूक किया जाए, जिससे कृषि विविधीकरण को बढ़ावा मिले और किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त हो।

मुख्यमंत्री ने बायो गैस संयंत्र और सौर ऊर्जा संचालित पंपों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उत्तराखण्ड मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार डब्बू, सचिव डॉ. एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव बंशीधर तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पूर्व सैनिक से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

ऋषिकेश। कोतवाली ऋषिकेश पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत कार्रवाई करते हुए एक पूर्व सैनिक और उनकी पत्नी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। 10 मई को ओम विहार कॉलोनी, गुमानीवाला निवासी पूर्व सैनिक राय सिंह बिष्ट ने तहरीर दी थी कि आरोपी मनीष ने रात के समय उनके घर की दीवार फांदकर जबरन प्रवेश किया और उनके व उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर मोबाइल फोन फेंक दिया।

एसएसपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर गुरुवार को अभियुक्त मनीष पुत्र देवेन्द्र शर्मा को गुमानीवाला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुमित चौधरी और कांस्टेबल शेखर सैनी शामिल रहे।

# महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में एडमिशन का एक मौका और मिलेगा: रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट में एडमिशन के लिए प्रतिभाशाली छात्राओं को एक अवसर और दिया जाएगा। समीक्षा बैठक में खेल मंत्री ने अधिकारियों को इसके निर्देश दिए हैं।

सचिवालय के एफआरडीसी सभागार में आयोजित बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि अभी तक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट में एडमिशन के लिए 1000 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। लेकिन जानकारी का अभाव होने के चलते अगर कुछ मेधावी बालिकाएं आवेदन नहीं कर सकी है तो उनका स्पाट ट्रायल के जरिए एडमिशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए 16 पद सृजित कर दिए गए हैं और इन्हें जल्द से जल्द भरा जाएगा। 1 जुलाई से पहला सत्र शुरू किया जाएगा। बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने निर्देश दिया कि हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय की कक्षाएं भी इसी सत्र से शुरू होनी है और इसकी सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को 38 वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न जॉब देने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इसी साल इसकी विज्ञप्ति जारी करनी है और इस प्रक्रिया को गति देने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से बैठक का समय मांगने के लिए पत्र भेजा है।



■ आवेदन का समय आज खत्म, स्पाट ट्रायल के जरिए अवसर देने के निर्देश

### वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट की पॉलिसी तय

बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार उत्तराखंड में विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट की नीति तय कर दी गई है। इसके तहत सभी 13 जनपदों के लिए एक-एक खेल का चयन किया गया है।

# पुलिस सेटिंग के नाम पर रंगदारी मांगने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। पुलिस के 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत ऋषिकेश पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक स्थानीय कारोबारी को झूठे मुकदमों में फंसाने का डर दिखाकर 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले गिरोह के तीन और सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत तीन आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं।

गंगानगर, ऋषिकेश निवासी कारोबारी अतुल गुप्ता ने 10 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि अनुज गोयल और उसके साथियों ने उन्हें हत्या के प्रयास और लूट के झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। आरोपियों ने श्पुलिस सेटिंगश का झांसा देकर मामले को रफा-दफा करने के बदले 25 लाख रुपये की मांग की और डरा-धमकाकर 02 लाख रुपये वसूल लिए। एसएसपी देहरादून के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 13 मई को मुख्य आरोपी अनुज गोयल, आदित्य लोधी और शुभम चौहान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1,83,500 रुपये बरामद किए थे।

■ झूठे मुकदमों में फंसाने का डर दिखाकर मांगें थे 25 लाख

पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान इस षड्यंत्र में शामिल तीन अन्य साथियों के नाम सामने आए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 13 मई की देर रात देहरादून रोड फ्लाईओवर क्षेत्र से अंशुल, विवेक कुमार और आदित्य कुमार को दबोच लिया। इनके कब्जे से रंगदारी के हिस्से की नकद राशि और घटना में प्रयुक्त 3 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अंशुल (28 वर्ष), विवेक कुमार (25 वर्ष) और आदित्य कुमार (19 वर्ष) शामिल हैं।

ये सभी ऋषिकेश के वाल्मीकि नगर और मालवीय नगर क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने अंशुल से 5 हजार रुपये तथा विवेक और आदित्य से 2,हजार-2,हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।

# उत्तराखंड में जनगणना कार्य की प्रगति संतोषजनकः नारायण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। भारत के महा रजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने उत्तराखंड में जनगणना कार्य की प्रगति पर संतोष प्रकट किया है। उन्होंने गुरवार को देहराखास इलाके के कुछ घरों में पहुंचकर जनगणना कार्य की प्रक्रिया को करीब से देखा और फील्ड स्टॉफ से जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में जनगणना कार्य को लेकर लोग जिस तरह से उत्साह दिखा रहे हैं, वह उल्लेखनीय है।

चुनौतीपूर्ण, लेकिन जल्द नतीजे निकलने की उम्मीद: महा रजिस्ट्रार एवं आयुक्त जनगणना मृत्युंजय कुमार नारायण ने एक सवाल के जवाब में कहा कि डिजिटल माध्यम से जनगणना बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसके बावजूद, इस अभियान में सभी लोग उत्साहपूर्वक जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन डाटा एकत्रित करने का विकल्प भी फील्ड स्टॉफ के पास है, लेकिन इसे अनिवार्य रूप से डिजिटल फार्मेट में लाया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी कानून-व्यवस्था या फिर तकनीकी वजह से जनगणना कार्य में दिक्कत आने की कोई सूचना नहीं है।



■ देहराखास के कुछ घरों में पहुंचकर करीब से देखी जनगणना प्रक्रिया
■ महा रजिस्ट्रार/जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने की जनगणना कार्य की समीक्षा

उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से जनगणना के चलते इसके परिणाम जल्द निकलने की उम्मीद की जा सकती है।

**कोई दिक्कत तो नहीं, अच्छे से समझा रहे हो ना!:** देहराखास में जनगणना कार्य में व्यस्त सुपरवाइजर भूपेंद्र सिंह बिष्ट और प्रगणक हसीना जैदी से महा रजिस्ट्रार ने पूछा-कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। लोगों को अच्छे से समझा रहे हो कि उनकी सूचनाओं को गोपनीय रखा जाएगा। फील्ड स्टॉफ ने उन्हें सब कुछ सुचारू ढंग से चलने की जानकारी ही। महा रजिस्ट्रार ने आज देहराखास में जनगणना के कार्य को नजदीक से देखा।

स्थानीय निवासी हर्षिता तिवारी और अर्पणा शुक्ला ने कहा कि जनगणना कार्य में सहयोग जरूरी है। यह देश हित का मामला है।

**जनगणना के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन:** महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने देहराखास में जनगणना कार्य निदेशालय के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। अभी तक जनगणना निदेशालय का कार्य मातावाला बाग स्थित किराये के भवन से चल रहा था। इस मौके पर जनगणना कार्य सचिव दीपक कुमार, निदेशक ईवा आशीष श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक शैलेंद्र सिंह नी, उपनिदेशक तान्या सेठ, प्रवीण कुमार, आरके बनवारी, सहायक निदेशक संजीव कुमार व अरविंद कुमार सिंह उपस्थित थे।

### जनगणना के कार्य में पहली बार डिजिटल प्रयोग

मीडिया से बातचीत में महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि जनगणना की प्रक्रिया को डिजिटल फार्मेट पर लाया जा रहा है। इससे आंकड़ों की गुणवत्ता बेहतर रहेगी और गलतियों को आसानी से सुधारा जा सकेगा। उन्होने कहा कि पहली बार स्वगणना का विकल्प दिया गया है। पूरे देश में स्वगणना के विकल्प का इस्तेमाल करने वालों की संख्या का करोड़ में पहुंचना बताता है कि नए प्रयोग को लोग स्वीकार रहे हैं। भविष्य में उम्मीद की जा सकती है कि जनगणना के कार्य में स्वगणना और मजबूत भूमिका निभाएगी।

# देवप्रयाग विस क्षेत्र के अधिकांश गांव में नहीं पहुंचे गैस सिलेंडर



■ एलपीजी गैस सिलेंडर वितरण के लिए होगा रोस्टर तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा के अधिकांश गांवों में पिछले चार माह से एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन के कार्यशैली पर भी रोष व्यक्त किया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि रोस्टर के आधार पर एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं हो रही है। गुरूवार को गढ़वाल विवि के पूर्व छात्र संघ महासचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता ऋतांशु कंडारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर से वार्ता की। मौके पर ऋतांशु कंडारी ने कहा कि कीर्तिनगर ब्लॉक के लोस्तु बडियारगढ़, सिलकाखाल, धारी ढुंडसिर, कड़ाकोट, चौरास, डागर, हिंसरिया खाल, नैथाणा, रानीहाट, जाखणी, मूल्यागांव, कीर्तिनगर और देवप्रयाग ब्लॉक के पौड़ीखाल क्षेत्र, हिंडोलाखाल ब्लॉक, जमणीखाल, रणसोलीधार, बगवान, ललूडीखाल क्षेत्र में बीते तीन से चार महिने से एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति न नहीं हुई है। कहा कि गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण लोगों को खाना बनाने सहित दैनिक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि ग्रामीणों द्वारा कई बार संबंधित विभाग और एजेंसी को अवगत कराने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होने स्थानीय प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से करवाएं जाने की मांग की है। वहीं कीर्तिनगर तहसीलदार डॉ. प्रदीप कंडारी ने बताया कि एक-दो दिनों के भतीर उपजिलाधिकारी गैस ऐजेंसी के प्रबंधकों सहित पूर्ति निरीक्षकों कि बैठक लेंगे। जिसमें कीर्तिनगर एवं देवप्रयाग ब्लॉक से लगे गांवों के लिए रोस्टर को लेकर चर्चा की जायेगी।

## पुलिस ने नेपाली युवक समेत सात किए गिरफ्तार

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान अवैध शराब तस्करी पर रुद्रप्रयाग पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक नेपाली युवक को 13 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बखत महतरा पुत्र हर्क बहादुर निवासी कालिकोट, नेपाल के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 13 बोतल शराब बरामद की गई। मामले में कोतवाली सोनप्रयाग में आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केदारनाथ यात्रा काल के दौरान अब तक आबकारी अधिनियम के तहत कुल सात अभियोग पंजीकृत किए जा चुके हैं। इस दौरान 213 बोतल अवैध शराब बरामद की गई है तथा 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। शराब तस्करी में प्रयुक्त दो वाहनों को भी सीज किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यात्रा मार्ग पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# लकड़ी के मकान में भीषण आग महिला का सबकुछ जलकर राख



■ थराली की गंगा देवी ने जिला प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** जनपद चमोली के थराली मुख्य बाजार के समीप एक लकड़ी के पुराने मकान में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा मकान आग की लपटों में घिर गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

बताया जा रहा है कि मकान में गंगा देवी नाम की महिला रहती थी, जो दिहाड़ी मजदूरी कर अपना यापन करती थी. घटना के समय गंगा देवी मजदूरी के लिए बाहर गई हुई थीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग लगने से घर में रखा राशन, कपड़े, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार मकान के भीतर एक गैस सिलेंडर भी रखा हुआ था, जिससे आग और अधिक भयावह होने की आशंका बनी रही। हालांकि सिलेंडर में गैस थी या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। दमकल कर्मियों ने बड़ी सावधानी से आग पर काबू पाया और संभावित बड़े विस्फोट को टाल दिया।

घटना के बाद गंगा देवी के सामने रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित महिला ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

# समान कार्य समान वेतन लागू होने पर कर्मचारियों में खुशी

■ 277 कर्मचारियों को मिलेगा समान वेतन का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के कर्मचारियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन लागू किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल, स्थानीय विधायक एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत सहित मेडिकल कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कर्मचारियों ने इस निर्णय को लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आशुतोष सयाना एवं वित्त नियंत्रक प्रशांत कुमार शर्मा के प्रयासों की भी कर्मचारियों ने सराहना की। इस निर्णय से मेडिकल कॉलेज के लगभग 277 कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इनमें टैक्निशियन, क्लर्क, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, ओटी टैक्निशियन, नर्सिंग स्टाफ, एक्स-रे टेक्नीशियन तथा फार्मासिस्ट शामिल हैं। कर्मचारियों ने कहा कि समान कार्य के अनुरूप वेतन मिलने से उनका मनोबल बढ़ेगा और कार्यक्षमता में भी सुधार आएगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ आशुतोष सयाना ने सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। कार्यक्रम में अमित मलवाल, प्रदीप नौटियाल, त्रिलोक रावत, सोहन बर्तवाल, सचिन फोंदणी, आशुतोष मलासी, प्रीति जुयाल, गीता, मोनिका, मोहर सिंह, विवेक त्यागी, पंकज बर्तवाल और अनुराग बर्तवाल सहित आदि मौजूद रहे।

# नीट पेपर लीक पर कांग्रेस का पोस्टकार्ड अभियान



■ राष्ट्रपति से निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिला कांग्रेस कमेटी, उत्तरकाशी ने हनुमान मंदिर पार्क में एक बैठक आयोजित कर नीट पेपर लीक प्रकरण को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई । बैठक के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए महामहिम राष्ट्रपति को पोस्टकार्ड भेजकर अपनी मांगें प्रेषित कीं।

बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने तथा पूरे मामले में प्रधानमंत्री की जवाबदेही तय करने की मांग भी उठाई गई।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों ने देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मेहनत और प्रतिभा के दम पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य असुरक्षित होता जा रहा है। युवाओं का भरोसा व्यवस्था से उठना बेहद चिंताजनक स्थिति है।

बैठक में वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

गौरतलब है कि देश में नीट परीक्षा हर वर्ष 20 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं देते हैं। ऐसे में पेपर लीक जैसी घटनाएं न केवल विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं, बल्कि पूरे भर्ती एवं परीक्षा तंत्र की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करती हैं।

इस अवसर पर पूर्व प्रमुख कनकपाल सिंह परमार, कमल सिंह रावत, दिवाकर भट्ट, मनीष राणा, विजेंद्र नौटियाल, विपिन नौटियाल, सुधीश पंवार, नैन सिंह बिष्ट, सूर्यबल्लभ नौटियाल, सूरज रावत, सुरेन्द्रपाल और मनोज राही सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### बदरीनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**बदरीनाथ।** बदरीनाथ धाम स्थित प्रसिद्ध ब्रह्मकपाल तीर्थ में गुरुवार को तीर्थ पुरोहितों ने एकजुट होकर शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत, पुरोहितों ने अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन ठगी और क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से कर्मकांड कराए जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। पुरोहितों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेकर फर्जी वीडियो बना रहे हैं और ब्रह्मकपाल के नाम पर श्रद्धालुओं से ऑनलाइन पूजा के लिए अवैध वसूली कर रहे हैं। इस डिजिटल जालसाजी के खिलाफ तीर्थ पुरोहित पंचायत समिति ने पुलिस महानिदेशक, एसपी चमोली और थानाध्यक्ष बदरीनाथ को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से पुरोहितों में गहरा रोष है। समिति के अध्यक्ष उमेश सती सहित संजय हटवाल और मदन कोठियाल ने बताया कि ऑनलाइन ठगी के अलावा कुछ बाहरी तत्व तप्त कुंड और गांधी घाट के समीप यात्रियों को भ्रमित कर कर्मकांड करा रहे हैं। पुरोहितों का कहना है कि पुलिस की शिथिलता के कारण इन तत्वों के हौसले बुलंद हैं। इस विरोध प्रदर्शन में प्रमोद हटवाल, गौरव हटवाल, हरीश सती, रमेश कोठियाल, शैलेंद्र हटवाल समेत भारी संख्या में पुरोहित मौजूद रहे।

### पुलिस ने लौटाए श्रद्धालु के खोए दस हजार, ईमानदारी की मिसाल की पेश

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग पुलिस सुरक्षा के साथ-साथ सेवा और ईमानदारी की भी मिसाल पेश कर रही है। इंदौर मध्य प्रदेश निवासी श्रद्धालु नयन शर्मा के खोए हुए दस हजार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खोजकर वापस लौटा दिए। जानकारी के अनुसार, श्रद्धालु नयन शर्मा पुत्र स्वर्गीय रमाकांत शर्मा ने डायल 112 पर सूचना दी कि टोकन काउंटर के पीछे सरस्वती पुल के पास उनके दस हजार कहीं गिर गए हैं। सूचना मिलते ही 112 आपातकालीन सेवा में तैनात हेड कांस्टेबल सुशील थपलियाल और कांस्टेबल राजेश कुमार मौके पर पहुंचे और संभावित स्थानों पर तत्काल खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई के चलते अल्प समय में ही पूरी धनराशि सुरक्षित बरामद कर ली गई। बाद में पुलिस ने बरामद रकम श्रद्धालु नयन शर्मा को सौंप दी। अपनी मेहनत की कमाई वापस मिलने पर श्रद्धालु और उनके परिजनों ने रुद्रप्रयाग पुलिस की कार्यकुशलता और ईमानदारी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### श्रद्धालुओं का भरोसा जीत रही पुलिस, व्यवस्थाओं की जमकर सराहना

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा अपने चरम पर है और देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और भारी भीड़ के बावजूद रुद्रप्रयाग पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ अपने सेवा भाव और सहयोगी रवैये से श्रद्धालुओं का दिल जीत रही है। यात्रा मार्ग पर लागू की गई सुव्यवस्थित टोकन प्रणाली और बेहतर यातायात प्रबंधन के चलते श्रद्धालु बिना अधिक परेशानी के सुरक्षित दर्शन कर पा रहे हैं। पुलिस कर्मियों के सहयोगात्मक व्यवहार और व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी खुलकर सराहना की। गुजरात से परिवार सहित दर्शन के लिए पहुंचीं श्रद्धालु मीना बेन ने बताया कि यहां पुलिस का व्यवहार बेहद सहयोगपूर्ण है। उन्होंने दर्शन के लिए उचित मार्गदर्शन दिया और व्यवस्थाएं काफी बेहतर हैं। वहीं लखनऊ, उत्तर प्रदेश से आए श्रद्धालु ने कहा कि टोकन सिस्टम और पुलिस प्रशासन के बेहतर तालमेल के कारण लंबी कतारों में परेशान नहीं होना पड़ा। पुलिसकर्मी हर कदम पर सहायता के लिए मौजूद हैं। बेंगलुरु, कर्नाटक से पहुंचीं एक महिला श्रद्धालु ने भी रुद्रप्रयाग पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि यहां की पुलिस काफी मददगार है और किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा रहा है। टोकन प्रणाली से दर्शन प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक आसान और तेज हो गई है। पुलिस ने सभी श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान प्रशासन और पुलिस की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा कतारबद्ध होकर दर्शन करने की अपील की, ताकि यात्रा सुरक्षित और व्यवस्थित बनी रहे।

# ऑलवेदर रोड अधूरी, गंगोत्री हाईवे पर जाम से यात्री बेहाल



■ व्यापारियों की उम्मीदों पर भी लगा ब्रेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भटवाड़ी।** चारधाम यात्रा अपने चरम पर है, लेकिन गंगोत्री धाम यात्रा मार्ग पर उत्तरकाशी से भैरव घाटी तक जगह-जगह लग रहे लंबे जाम और वन-वे ट्रैफिक ने श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ा दी है। ऑलवेदर रोड का निर्माण कार्य पूरा न होने से यात्रा मार्ग सिंगल लेन बना हुआ है, जिसके चलते थोड़ी देर रुकावट होते ही वाहनों की लंबी कतारें लग जा रही हैं।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यात्रा सीजन के बावजूद उन्हें कारोबार का लाभ नहीं मिल पा रहा। यात्रियों के जाम में फंसने और जल्दबाजी में निकलने के कारण बाजारों में रुकावट कम हो गई है। इससे दुकानदारों की आमदनी प्रभावित हो रही है और क्षेत्र में नारा. जगी बढ़ रही है।

इसी बीच राजस्थान से आए यात्रियों के वाहन चालक की तबीयत सुक्की बैंड के पास अचानक बिगड़ गई। गुरुवार को 108 एंबुलेंस सेवा को चालक को प्राथमिक उपचार देकर भटवाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने में भी जगह-जगह जाम का सामना करना पड़ा। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस के फंसने से सड़क व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय व्यापारी सुनील रावत ने कहा कि सीमांत क्षेत्र की जनता वर्षों से ऑलवेदर रोड की मांग कर रही है।

चारधाम यात्रा प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ मानी जाती है, लेकिन सड़क सुविधाओं के अभाव में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों दोनों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गंगोत्री यात्रा मार्ग पर यात्रा सीजन में प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। सड़क संकरी होने के कारण कुछ मिनट का अवरोध भी कई किलोमीटर लंबे जाम में बदल जाता है।

# खिर्सू ब्लाक के 78 गांवों में पेयजल आपूर्ति हुई सुचारू

■ तकनीकि खराबी आने से दो सप्ताह से अधिक समय से बाधित थी पेयजल योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखण्ड खिर्सू की ढिकवालगांव पेयजल पंपिंग योजना करीब दो सप्ताह बाद फिर से सुचारू हो गई है। योजना ठप होने से क्षेत्र के 78 से अधिक गांवों में पेयजल संकट गहरा गया था, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब जलापूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली है।

पेयजल योजना बाधित होने से बुघाणी, देवलगढ़, जलेथा, बलोड़ी, सरणा, सुमाड़ी, ढिकवालगांव, धरीगांव, खालू, चमरोड़ा, भेसकोट और उज्ज्वलपुर समेत खिर्सू क्षेत्र के अनेक गांव प्रभावित थे। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज के प्राकृतिक स्रोतों और नौलों पर निर्भर रहना पड़ रहा था। सामाजिक कार्यकर्ता गब्बर सिंह भंडारी ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से क्षेत्र के अधिकांश गांवों में पेयजल संकट बना हुआ था। पानी की किल्लत का सबसे ज्यादा असर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर पड़ा।

ग्रामीणों को रोजाना लंबी दूरी तय कर पानी ढोना पड़ रहा था। वहीं जल संस्थान श्रीनगर के सहायक अभियंता अर्पित मित्तल ने बताया कि ढिकवालगांव पेयजल पंपिंग योजना की एसीबी में तकनीकी खराबी आने के कारण जलापूर्ति बाधित हुई थी।

# झंडीचौड़ में नगर निगम की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

■ संयुक्त अभियान में प्रशासन व पुलिस की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** नगर निगम कोटद्वार क्षेत्र अंतर्गत झंडीचौड़ में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर हेतु हस्तांतरित नगर निगम की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन, नगर निगम और पुलिस के संयुक्त दल ने अभियान चलाकर हटवा दिया।

नगर आयुक्त कोटद्वार पीएल शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त भूमि पूर्व में राजस्व विभाग से नगर निगम कोटद्वार को हस्तांतरित की गयी थी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि लगभग आधा बीघा भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अस्थायी एवं स्थायी निर्माण कर अवैध अतिक्रमण किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम, राजस्व विभाग तथा पुलिस बल के संयुक्त दल द्वारा मौके पर अभियान चलाया गया और अतिक्रमण को हटाते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हिंडोलाखाल ब्लॉक भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



■ 245 लाख रूपये की लागत से बना ब्लॉक भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के हिंडोलाखाल में नवनिर्मित ब्लॉक भवन का विधायक ने विधिवत लोकार्पण किया। करीब 2 करोड़ 45 लाख 15 हजार रुपये की लागत से निर्मित इस भवन के शुरू होने से क्षेत्रीय लोगों को प्रशासनिक कार्यों में बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि नए ब्लॉक भवन के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा आम जनता को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से मिल पाएगा। कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक ने भवन निर्माण कार्य में योगदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना भी की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विनोद बिष्ट ने विधायक विनोद कंडारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लॉक भवन क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और इससे आम जनता को सीधा लाभ भी मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ममता देवी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जोत सिंह बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंकी लिंग. वाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप चौहान, जिला पंचायत सदस्य रजनी के साथ ही खण्ड विकास अधिकारी महावीर सिंह सहित आदि मौजूद थे।

# मोहन खत्री बाल कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष मनोनीत



■ आन्दोलनकारियों में हर्ष, किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी मंच के सदस्यों ने वरिष्ठ राज्य निर्माण आन्दोलनकारी मोहन सिंह खत्री को उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद का उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर फूल-मालाओं और पुष्प गुच्छ के साथ जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर राज्य आन्दोलनकारी सम्मान परिषद के उपाध्यक्ष सुभाष बर्थवाल एवं वरिष्ठ आन्दोलनकारी रविन्द्र जुगरान ने संयुक्त रूप से कहा कि मोहन सिंह खत्री का जीवन संघर्षों और जनसेवा को समर्पित रहा है। उन्होंने न केवल पृथक राज्य आन्दोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि राज्य बनने के बाद भी वे निरंतर जनहित के कार्यों में सक्रिय रहे हैं। उनके मनोनयन से निश्चित रूप से उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद को उनके सुदीर्घ अनुभवों का लाभ मिलेगा और परिषद के कार्यों में तेजी आएगी।

मंच के अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी और प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने कहा कि एक कर्मठ आन्दोलनकारी को यह जिम्मेदारी मिलना पूरे प्रदेश के आन्दोलनकारियों के लिए गर्व का विषय है।सभी सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि खत्री के नेतृत्व में बाल कल्याण की योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े बच्चों तक पहुँचेगा।

स्वागत समारोह के दौरान आन्दोलनकारी जगत की कई प्रमुख हस्तियाँ मौजूद रहीं, जिनमें मुख्य रूप से ओमी उनियाल, श्रीमती द्वारिका बिष्ट, पृथ्वी सिंह नेगी, केशव उनियाल,पार्षद अशोक डोबरियाल, मोहन बहुगुणा, विनय बलूनी, रामलाल खंडूरी,रामेश्वरी परमार, राधा तिवारी, पुष्पलता सिलवाना, नरेन्द्र नौटियाल,संजय बलूनी, चन्द्रकिरण राणा, पूरन सिंह लिंगवाल, अनीता सक्सेना और रघुवीर तोमर आदि शामिल थे।

## सफाई कर्मियों के हितों पर प्रशासन गंभीर, 15 दिन में मांगी सर्वे रिपोर्ट

**रुद्रप्रयाग।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के निर्देश पर जिला सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं जिला स्तरीय सर्वे समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने की। बैठक में सफाई कर्मियों के कल्याण, मैनुअल स्कैवेंजिंग की स्थिति तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई।बैठक में मैनुअल स्कैवेंजिंग से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जनपद में वर्तमान में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है। हालांकि मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नगर निकायों एवं जिला पंचायतों को निर्देश दिए कि वे 15 दिनों के भीतर विस्तृत सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# दुगड्डा-ककड़पाली में धूल का गुबार उडने से ग्रामीण परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

श्रीनगर। विकासखंड कीर्तिनगर के दुगड्डा-ककड़पाली से कोटी मोटर मार्ग पर निर्माण कार्य के दौरान धूल उड़ने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की बदहाल स्थिति के चलते कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। मार्ग पर आवाजाही करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पीएमजीएसवाई खंड कीर्तिनगर और संबंधित ठेकेदार को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। स्थानीय निवासी महावीर सिंह और तनुज बडोनी ने बताया कि सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और लापरवाही को लेकर उन्होंने पहले भी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद अधीक्षण अभियंता ने मौके का निरीक्षण कर विभाग और ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए थे, लेकिन अधिकारियों के लौटने के बाद स्थिति जस की तस बनी रही। बताया कि सड़क पर पड़े पत्थरों और गिट्टी के कारण बुधवार को स्थानीय निवासी संदीप सिंह मेहर की बाइक फिसल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद क्षेत्र में लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने दुर्घटना के लिए पीएमजीएसवाई विभाग और संबंधित ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया है।

> निर्माणाधीन दुगड्डा-ककड़पाली मोटरमार्ग पर लगातार निगरानी बनाई जा रही है। पूर्व में ग्रामीणों की शिकायत पर लगातार पानी का छिडकाव किया जा रहा है। ग्रामीणों को एक दो दिनों की समस्या रह गयी है। एक सप्ताह के भतीर मोटरमार्ग में डामरीकरण का कार्य शुरू होने जा रहा है।
>
> **शिवम रावत, अधिशासी अभियंता, पीएमजीएसवाई कीर्तिनगर।**

### सीएम के निर्देशों के बाद प्राधिकरण ने उठाया बड़ा कदम

# एमडीडीए ने शुरू की 'तेल बचाओ मुहिम'

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत और ऊर्जा संरक्षण को लेकर किए गए आह्वान के बाद अब उत्तराखंड में भी सरकारी विभाग सक्रिय होते दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। वैश्विक परिस्थितियों और बढ़ते ऊर्जा संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा नागरिकों से छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलावों के माध्यम से राष्ट्रीय प्रयासों में सहयोग की अपील की गई है, जिसका सकारात्मक प्रभाव जनसामान्य पर पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वाहन फ्लीट में वाहनों की संख्या आधी करने, सप्ताह में एक दिन "नो व्हीकल डे" लागू करने और आवश्यकता पड़ने पर "वर्क फ्रॉम होम" व्यवस्था अपनाने जैसे कदम उठाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही सरकारी एवं निजी भवनों में एसी के सीमित उपयोग और अनावश्यक बिजली खपत रोकने पर भी जोर दिया गया है।




■ उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी बोले छोटी पहल से होगा बड़ा बदलाव

■ कार पूलिंग और ऊर्जा संरक्षण पर जोर

■ एमडीडीए का 'ग्रीन मिशन', कम होंगे वाहन और बिजली खर्च

**पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम**

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए संदेश को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण ने यह अभियान शुरू किया है। देहरादून लगातार बढ़ते ट्रैफिक और प्रदूषण की समस्या से जूझ रहा है। ऐसे में सरकारी विभागों द्वारा कार पूलिंग और साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने से न केवल ईंधन की बचत होगी बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल सरकारी आदेश नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। यदि अधिकारी-कर्मचारी साझा वाहन, साइकिल या पैदल कार्यालय आने की आदत विकसित करें तो इससे पेट्रोल-डीजल की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ा योगदान मिलेगा।

**एसी और बिजली उपयोग पर भी सख्ती**

उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत के आह्वान तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा कई स्तरों पर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यालयीय कार्यों में वाहनों के उपयोग को कम करने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। वाहनों की संख्या में कटौती और संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर जल्द ही ठोस निर्णय लिया जाएगा। एमडीडीए मुख्यालय में सेंट्रलाइज्ड एसी और अन्य एयर कंडीशनर के सीमित उपयोग के निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यालयों में कम उपयोग में आने वाली लाइटें, कंप्यूटर और अन्य विद्युत उपकरण बंद रखने के लिए भी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। प्राधिकरण ने ऊर्जा संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण आंतरिक दिशा-निर्देश लागू किए हैं, जिनका उद्देश्य बिजली और ईंधन दोनों की बचत करना है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सरकारी खर्चों में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।

**एक अधिकारी, एक वाहन" का संदेश:** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सरकारी कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिन अधिकारियों के पास एक से अधिक विभागों की जिम्मेदारी है, वे एक दिन में अधिकतम एक ही वाहन का उपयोग करेंगे।

सरकार का मानना है कि यदि प्रशासनिक स्तर पर इस तरह की पहल शुरू होती है तो इसका सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचेगा और आम लोग भी ऊर्जा बचत को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे।

**एमडीडीए ने शुरू की "तेल बचाओ मुहिम:** मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों पर मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने भी तत्काल प्रभाव से ऊर्जा संरक्षण और तेल बचत को लेकर कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों तेल बचत और ऊर्जा संरक्षण पर विशेष कार्ययोजना लागू करने के निर्देश दिए। अधिकारियों-कर्मचारियों से कार्यालय आने-जाने के दौरान "कार पूलिंग" अपनाने की अपील की गई, ताकि अनावश्यक ईंधन खपत को कम किया जा सके।

जो कर्मचारी कार्यालय के आसपास रहते हैं, उन्हें साइकिल या पैदल कार्यालय आने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके साथ ही अनावश्यक विदेश दौरों से बचने और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया गया।

## हीट रेजिलिएंट मॉडल विकसित करने की प्रक्रिया के तहत नगर निगम का चयन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भारत सरकार द्वारा देश के 12 चयनित शहरों में नेशनल इंस्टीट्यूट अर्बन अफेयर्स के सहयोग से हीट रेजिलिएंट मॉडल विकसित किये जाने की प्रक्रिया के अंतर्गत नगर निगम, देहरादून का चयन किया गया है। इस पहल के तहत करार की प्रक्रिया अग्रसर हैं।



इस कार्ययोजना का उद्देश्य बढ़ते तापमान एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करते हुए शहर को अधिक सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल बनाना है। योजना के अंतर्गत शहर में व्यापक स्तर पर हरित क्षेत्रों का विकास, जल संरक्षण को बढ़ावा, सार्वजनिक स्थलों पर छायादार एवं पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल व्यवस्थाओं का विस्तार तथा नागरिकों के लिये बेहतर शहरी वातावरण तैयार किया जायेगा। नगर निगम द्वारा विभिन्न प्रमुख स्थलों, पार्कों, सड़क किनारे क्षेत्रों एवं सार्वजनिक परिसरों में हीट रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किये जाने पर विशेष कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही हरित पट्टियों के विस्तार एवं तापमान नियंत्रण हेतु पौधारोपण अभियान को भी प्राथमिकता दी जायेगी। योजना के अंतर्गत ऐसे सार्वजनिक स्थलों का विकास किया जायेगा, जहाँ नागरिकों को अत्यधिक गर्मी के दौरान राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण एवं सतत शहरी विकास को ध्यान में रखते हुए आधुनिक एवं नवाचार आधारित व्यवस्थाओं को भी शामिल किया जायेगा। नगर आयुक्त नमामि बंसल द्वारा इस पहल को शहर के भविष्य के लिये एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। यह कार्ययोजना न केवल देहरादून को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के प्रति अधिक सक्षम बनाएगी, बल्कि शहर को एक स्वच्छ, हरित, सुरक्षित एवं सतत विकास वाले मॉडल शहर के रूप में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

## नीट परीक्षा रद्द करने का निर्णय छात्र हित मे, राजनीति न करे कांग्रेस: चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र द्वारा नीट की परीक्षा को रद्द करने का फैसला छात्रों के हित मे है और कांग्रेस को इस पर राजनीति से बाज आना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए यह आवश्यक कदम है।

चौहान ने कहा कि भाजपा पेपर लीक माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए संकल्पबद्ध है और दोषियों को दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि देश भर मे फैले रेकैट को नेश्तानाबूत करने के लिए जांच एजेंसी कई राज्यों मे छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की आशंका की भनक लगते ही परीक्षा रद्द और सीबीआई जांच की संस्तुति की गयी जिससे स्पष्ट है कि सरकार की मंशा साफ है।




■ कहा, छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए यह आवश्यक कदम

चौहान ने कहा कि दोषपूर्ण परीक्षा का परिणाम घोषित होने से बेहतर है कि परीक्षा ही रद्द की गयी है और शीघ्र ही पारदर्शी तरीके से परीक्षा होगी।

उन्होंने कहा कि मामले मे मुख्य आरोपी को पकड़ा गया है, लेकिन जाँच एजेंसी इसकी तह तक पहुँचकर हर अपराधी को कानून के दायरे मे लेने को जुटी है। उन्होंने कहा कि जो नाम भी मामले मे आये है उनका कोई राजनैतिक कनेक्शन सामने नही आया है और कांग्रेस एक एजेंडे के तहत आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है।

चौहान ने कहा कि छात्र हित मे इस संवेदनशील मुद्दे पर कांग्रेस सहित सभी दलों को राजनीति से बाज आना चाहिए।

### नीट पेपर लीक पर कांग्रेस ने बोला हमला

## 'पेपर' नहीं, छात्रों के भविष्य की नीलामी कर रही भाजपा: कांग्रेस

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट नहीं, यह भाजपा की कारस्तानी और छात्रों के भविष्य की नीलामी है।

आलोक शर्मा ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कोई संवैधानिक या सरकारी संस्था नहीं, बल्कि सरकार द्वारा बनाई गई एक एनजीओ जैसी एजेंसी है, जिसे 2017 में मोदी सरकार ने खड़ा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 के बाद केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में करीब 89 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए, जिनमें 58 परीक्षाएं दोबारा करानी पड़ीं।

■ भाजपा शासित राज्यों में 89 परीक्षाओं के पेपर हुए लीक, 58 परीक्षाएं दोबारा करानी पड़ीं: आलोक

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि 2017 से पहले नीट जैसी परीक्षाएं सीबीएसई कराती थी, लेकिन भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों ने एनटीए बनाकर अपने करीबी लोगों को इसमें बैठा दिया। उन्होंने मध्यप्रदेश के व्यापम घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि देश में व्यापम पार्ट-2 चल रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एन टी ए की ओर से कराई गई 14 बड़ी परीक्षाओं में से 6 के पेपर लीक होने के मामले सामने आ चुके हैं। आलोक शर्मा ने कहा कि जब से एनटीए बनी है, यह एजेंसी लगातार संदेह के घेरे में रही है, लेकिन आज तक कोई बड़ा अधिकारी जेल नहीं गया।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इस बार नीट का पेपर परीक्षा से 15 दिन पहले ही व्हाट्सऐप ग्रुपों में घूम रहा था। कई शिकायतों के बावजूद सरकार और एजेंसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि 24 से 30 लाख छात्र इस परीक्षा में बैठते हैं, माता-पिता अपनी जमा पूंजी खर्च करते हैं, लेकिन सरकार उनकी मेहनत को बर्बाद कर रही है।

आलोक शर्मा ने मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में होनी चाहिए। कांग्रेस ने मामले में जेपीसी गठन और 2024 की नीट परीक्षा की भी जांच कराने की मांग उठाई।

पत्रकार वार्ता में डॉ प्रतिमा सिंह, शीशपाल सिंह बिष्ट और मनोज सैनी सहित कई नेता मौजूद रहे।

## महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला पर मुकदमा दर्ज

**देहरादून।** राजधानी के डालनवाला कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत परेड ग्राउंड स्थित पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन करने और आत्मदाह की धमकी देने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने उत्तराखण्ड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला और उनके अन्य साथियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और लोक शांति भंग करने समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।घटनाक्रम के अनुसार, बीती 11 मई को ज्योति रौतेला नर्सिंग बेरोजगार संगठन की मांगों को लेकर अपने चार अन्य साथियों के साथ प्रतिबंधित क्षेत्र में स्थित पेयजल विभाग की टंकी पर चढ़ गई थीं। पुलिस और प्रशासन द्वारा काफी समझाने के बावजूद वे नीचे नहीं उतरीं। इस बीच, टंकी के नीचे उनके समर्थकों ने जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी जारी रखी।

## बीमा पॉलिसी के नाम पर 26 लाख की ठगी

**देहरादून( शाह टाइम्स संवाददाता )।** उत्तराखंड एसटीएफ की साइबर क्राइम टीम ने बंद पड़ी बीमा पॉलिसियों को दोबारा शुरू करने और मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने इस मामले में गिरोह के एक सदस्य को नोएडा से गिरफ्तार किया है, जिसने पीड़ित से ठगी गई रकम में से 20 लाख रुपये अपने खातों में मंगवाए थे।

पटेलनगर (देहरादून) निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पीएनबी मिडलाइफ इंश्योरेंस की तीन पॉलिसियां दो साल से बंद पड़ी थीं। अक्टूबर 2025 में उन्हें अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को बीमा कंपनी का अधिकारी बताया। जालसाज ने बंद पॉलिसी शुरू करने और भारी मुनाफे का झांसा देकर पीड़ित को अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद अलग-अलग किस्तों में पीड़ित से कुल 25.90 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा लिए गए। जब पीड़ित ने कंपनी के कस्टमर केयर से संपर्क किया, तो उसे ठगी का अहसास हुआ।एसएसपी एसटीएफ के निर्देश पर साइबर पुलिस ने बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और व्हाट्सएप डेटा का विश्लेषण किया। जांच में नोएडा निवासी 21 वर्षीय सूरज पुत्र विजय चौहान का नाम सामने आया। टीम ने दबिश देकर उसे सेक्टर-31, निठारी (नोएडा) से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि सूरज ठगी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए अपने बैंक खातों को किराए पर देता था और इसके बदले कमीशन लेता था। उसके खातों में मात्र कुछ महीनों के भीतर 42 लाख रुपये का संदिग्ध लेन-देन पाया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने जनता से अपील की है कि वे अपना बैंक खाता या ओटीपी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर से लूट और जानलेवा हमले का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी की पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश् के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रेमनगर क्षेत्र में हुई सनसनीखेज लूट की घटना के फरार दूसरे आरोपी को भी दबोच लिया है। एसएसपी देहरादून के कड़े रुख के चलते अपराधियों के हौसले पस्त नजर आ रहे हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूटा गया कीमती मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है।

घटनाक्रम के अनुसार, बीते 6 मई की रात आईटी पार्क में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर आकाश सहस्रधारा क्रॉसिंग पर घर जाने का इंतजार कर रहा था।

इसी दौरान स्कूटी सवार दो बदमाशों ने उसे जबरन बैठाया और जामुनवाला पुल की ओर ले गए। वहां बदमाशों ने आकाश के साथ बेरहमी से मारपीट की और उससे दो मोबाइल फोन व नकदी लूट ली। हैवानियत की हद पार करते हुए आरोपियों ने आकाश को पुल से नीचे फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वर्तमान में घायल युवक का दून अस्पताल में उपचार चल रहा है।

इस मामले में पीड़ित के पिता विनोद कुमार की तहरीर पर कोतवाली प्रेमनगर में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी देहरादून के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 मई को पहले अभियुक्त मृदुल गुरुंग को लूटे गए आईफोन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मृदुल से पूछताछ के बाद दूसरे आरोपी अश्मित थापा का नाम सामने आया था।

**कोल्हू पानी रोड से हुई गिरफ्तारी**

प्रभारी निरीक्षक प्रेमनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार फरार आरोपी की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कोल्हू पानी रोड से अश्मित थापा (21 वर्ष), निवासी कौलागढ़ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से करीब 50 हजार रुपये कीमत का लूटा गया रियल-मी फोन बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर लूट और मारपीट की इस वारदात को अंजाम दिया था।

### एक नजर .......

## सीएम से की वरिष्ठ भाजपा नेता उमा भारती ने मुलाकात



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भेंट की।

**4 महीनों में बचाए जनता के 10 करोड़ रुपये**

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ के नेतृत्व में संचालित राष्ट्रीय वित्तीय हेल्पलाइन 1930 कंट्रोल रूम ने वर्ष 2026 के शुरुआती चार महीनों (जनवरी से अप्रैल) में साइबर पीड़ितों की लगभग 10.01 करोड़ रुपये की गाढ़ी कमाई डूबने से बचा ली है। एसटीएफ की टीम प्रतिदिन प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित एक्शन लेते हुए साइबर ठगी में प्रयुक्त बैंक खातों को फ्रीज करवा रही है। पुलिस के अनुसार, हाल ही के 10 दिनों में कई बड़े मामलों में सफलता हाथ लगी है। देहरादून की निशा सजवाण से ऑनलाइन लिंक के जरिए हुई 3.15 लाख रुपये की ठगी की पूरी रकम होल्ड करा ली गई है। इसी तरह, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड का शिकार हुए संदीप तोमर के 47.90 लाख रुपयों में से 3.70 लाख रुपये और गूगल-पे फ्रॉड में गिरीश चंद्र जोशी के 56 हजार से अधिक रुपये टीम ने सुरक्षित कराए हैं।

## आतंकी नेटवर्क उत्तराखंड और बांग्लादेशी घुसपैठियों का भी भंडाफोड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस का श्ऑपरेशन प्रहारश् काल बनकर टूट रहा है। पुलिस महानिदेशक श्री दीपम सेठ ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान इस अभियान के तहत की गई बड़ी कार्रवाइयों का खुलासा किया। पिछले एक माह से जारी इस विशेष अभियान के तहत अब तक प्रदेश भर में 1,400 से अधिक वांछित और इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गढ़वाल और कुमाऊं परिक्षेत्र के आईजी और सभी जिला कप्तानों के साथ संवाद किया। बैठक में बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल अपराधियों की धरपकड़ है, बल्कि राज्य में छिपे आतंकी नेटवर्क और अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को बाहर निकालना भी है।

इसी कड़ी में पुलिस ने ऊधमसिंहनगर से आतंकी संगठन अल बदर से जुड़े दो संदिग्धों और देहरादून से अल बरक ब्रिगेड के संपर्क में रहे एक अभियुक्त को भारी मात्रा में अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त फर्जी दस्तावेजों के साथ रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिक भी पुलिस की गिरफ्त में आए हैं।

अभियान की व्यापकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि राज्यभर में 40 हजार से अधिक बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया है। संगठित अपराध पर लगाम कसने के लिए 40 अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट और 130 से अधिक पर गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने राज्यभर से 66 अवैध हथियार बरामद कर उनकी सप्लाई चेन को ध्वस्त करने का काम शुरू कर दिया है।

**चारधाम यात्रा में साइबर ठगों पर नकेल**

चारधाम यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए साइबर विंग विशेष सक्रियता दिखा रही है। यात्रा के नाम पर हेलीकॉप्टर टिकट और होटल बुकिंग की ठगी करने वाले 200 से अधिक फर्जी सोशल मीडिया लिंक ब्लॉक किए गए हैं। साथ ही 50 से अधिक संदिग्ध मोबाइल नंबरों को बंद कराकर 147 लिंक ऑपरेटरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## प्रतिबंधित नशीली दवाओं की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जनपद देहरादून पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल और गोलियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे इस अभियान में एएनटीएफ टीम ने मुखबिर की सूचना पर बसंत विहार क्षेत्र के हरबंसवाला तिराहे के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई, जिसके कब्जे से 960 नशीले कैप्सूल (ट्रामाडोल) और 975 प्रतिबंधित नशीली गोलियां (अल्प्रोजोलम) बरामद हुईं। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दिलशाद पुत्र खुर्शीद, निवासी ब्रह्मपुरी, थाना पटेलनगर के रूप में हुई है। पूछताछ में अभियुक्त ने कुबूल किया कि वह इन दवाओं को शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं और स्थानीय नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में था। उसने बताया कि वह यह खेप दिलशाद नाम के ही एक अन्य व्यक्ति से खरीदकर लाया था।

## जोशी ने रोजगार मेले में चयनित लोगों को सौंपे नियुक्त पत्र

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को आईआरडीटी ऑडिटोरियम, सर्वे चौक, देहरादून में सैनिक कल्याण विभाग एवं आईटीडीए के माध्यम से प्रायोजित पूर्व सैनिक आश्रितों के लिए आयोजित रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। यह रोजगार मेला कम्प्यूटर एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पूर्व सैनिक आश्रितों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने चयनित लोगों को नियुक्त पत्र भी वितरित किए और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया। रोजगार मेले में 21 निजी कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है।



■ पूर्व सैनिक आश्रितों के लिए आयोजित किया गया रोजगार मेला

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैनिक कल्याण विभाग एवं आईटीडीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह रोजगार मेला केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त पहल है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि वीरभूमि भी है, जहाँ प्रत्येक परिवार देशभक्ति, अनुशासन और त्याग की भावना से जुड़ा हुआ है।

मंत्री जोशी ने कहा कि पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया है और अब सरकार की जिम्मेदारी है कि उनके परिवारों एवं आश्रितों को शिक्षा, कौशल और रोजगार के माध्यम से सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनके अंतर्गत शिक्षा अनुदान, छात्रवृत्ति, चिकित्सा सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं पुनर्वास योजनाओं के माध्यम से निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

मंत्री जोशी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में सैनिक कल्याण विभाग एवं आईटीडीए विभाग के संयुक्त प्रयासों से 628 पूर्व सैनिक आश्रितों को कम्प्यूटर एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जबकि वर्तमान में 227 प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जनवरी 2024 में आयोजित रोजगार मेले में 22 पूर्व सैनिक आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराया गया था।सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने विश्वास जताया कि यह रोजगार मेला केवल नौकरी प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के "स्किल इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के युवा-सशक्त एवं आत्मनिर्भर उत्तराखंड के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में हमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट और उससे उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट को देखते हुए ईंधन पेट्रोल-डीजल की बचत और ऊर्जा संरक्षण की अपील की। इस अवसर पर सैनिक कल्याण निदेशक श्याम सिंह, उप निदेशक कर्नल वीपी भट्ट, विंग कमांडर निधि बधानी, अपर निदेशक आईटीडीए तीरथ पाल आदि उपस्थित रहे।

## उद्यमिता और नेटवर्किंग से मजबूत होगी राज्य की अर्थव्यवस्था: चौधरी

**देहरादून।** ग्राम्य विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम , खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी ने बीएनआई उत्तराखण्ड के प्रथम चौप्टर " बीएनआई दून जेम्स " द्वारा आयोजित 300+ करोड़ क्लोज्ड बिजनेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री चौधरी ने बीएनआई दून जेम्स के सदस्यों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेटवर्किंग, उद्यमिता और आपसी सहयोग की भावना राज्य की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर बीएनआई दून जेम्स के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा मंत्री चौधरी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न उद्यमी, व्यवसायी आदि मौजूद रहे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
UJVNL
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-412 **निविदा सूचना** दिनांक- 14/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सिविल), मनेरीभाली-II, चिन्यालीसौड़ इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा संख्या 05 एवं 06 / अधि.अभि. (सिविल) / एमबी- II / चिन्यालीसौड़ / 2026-27**

**1. कार्य का नामः** मनेरी भाली द्वितीय चरण परियोजना के चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी स्थित 120 KLD क्षमता के एमबीआर तकनीक वाले एसटीपी प्लान्ट का वार्षिक संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य।

**2. कार्य का नामः** शक्तिपुरम कॉलोनी, मनेरी भाली द्वितीय चरण परियोजना, चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी स्थित ए.पी. एवं बी.पी. आवासों की छतों में सीलन/रिसाव की मरम्मत एवं उपचार कार्य।

**1. अनुमानित लागत रू.** 12,00,373.00 (GST अतिरिक्त)

**2. अनुमानित लागत रू.** 19,77,689.00 (GST अतिरिक्त)

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 14.05.2026 सांय 5:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 06.06.2026 प्रातः 11:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (सिविल), एम.बी.-II, चिन्यालीसौड़**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
UJVNL
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-414 **निविदा सूचना** दिनांक- 14/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु एवं0) कुल्हाल विद्युत गृह इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा सं0.07 / यूजेवीएनलि0 / अ0(अनुएवं0) / केपीएस / 2026-27:** 33/11 केवी0 सबस्टेशन कुल्हाल से 33 केवी0 एवं 11 केवी0 लाईनों का छः माह हेतु अनुरक्षण का कार्य।

**अनुमानित लागत :** रु 06,67,775/- जी0एस0टी0 अतिरिक्त।

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 15/05/2026, 11:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 08/06/2026,15:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता, कुल्हाल**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# सीवरेज कार्य के चलते खोदी गई सड़कों की मरम्मत में तेजी, डीएम के निर्देश पर दिन-रात चल रहा कार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार शहर के अंतर्गत सीवरेज कार्य हेतु खोदी गई सड़कों से क्षेत्रीय जनता, व्यापारियों को हो रही परेशानी के दृष्टिगत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने चल रहे निर्माण कार्यों को त्वरित गति से दिन रात कार्य करते हुए पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कांट्रेक्टर को दिए गए थे। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए है की चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सीवरेज कार्य हेतु जो भी सड़के खोदी गयी है उन सड़कों का हर हाल में मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया जाए,जिसके अनुपालन में कार्य तीव्र गति से किए जा रहे है। परियोजना प्रबंधक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम मिनाक्षी मित्तल ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में केएफडब्लयू वित्त पोषित हरिद्वार



जलोत्सारण योजना पैकेज 01 एवं पैकेज 02 के अंतर्गत कराए जा रहे सड़क पुनर्निर्माण संबंधी कार्य जिसके तहत 13 मई को किए गए निर्माण कार्यों का विवरण निम्नवत है जिसमें- पैकेज 01 के अंतर्गत सूरजपुर कॉलोनी टाइल्स रोड 07 मीटर, मुखिया गली सीसी रोड 36 मीटर, इंटर कॉलेज रोड सीसी रोड 16 मीटर, एंड स्कूल सीसी रोड 05 मीटर,गली नं 03 सीसी रोड 20.3 मीटर,कुल 84.3 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा पैकेज 02 के अंतर्गत राज विहार फेस 3 सीसी रोड 30 मीटर,गणपति धाम सीसी रोड 23 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कुल 58 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सड़कों का कार्य दिन-रात त्वरित गति से किए जा रहे है।

# परिजन पहुंचे, लेकिन वार्ता रही बेनतीजा, कॉलेज प्रबंधन बोला, नियमानुसार जो कार्रवाई करनी है, आप स्वतंत्र हैं

## केयर कॉलेज विवाद में नया मोड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र के रोहालकी किशनपुर स्थित केयर कॉलेज में पिछले कई दिनों से चल रहा विवाद अब और गहरा गया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के परिजन कॉलेज पहुंचे, लेकिन कॉलेज प्रबंधन और परिजनों के बीच हुई बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। वार्ता असफल रहने के बाद मामले में तनाव और बढ़ता नजर आया। मिली जानकारी के अनुसार, छात्र-छात्राएं लंबे समय से अपने भविष्य, पढ़ाई और कॉलेज प्रबंधन से जुड़े मुद्दों को लेकर सवाल उठा रहे हैं। लगातार विरोध और कई दौर की बातचीत के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है।



गुरुवार को कॉलेज पहुंचे परिजनों ने भी प्रबंधन से स्पष्ट जवाब और समाधान की मांग की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। इस दौरान कॉलेज प्रबंधन की ओर से कहा गया कि "नियमानुसार आप जो भी कार्रवाई करना चाहते हैं, उसके लिए आप स्वतंत्र हैं।" इस बयान के बाद परिजनों में नाराजगी और बढ़ गई।

कॉलेज परिसर के बाहर दिनभर हलचल और तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। मामले को लेकर अब प्रशासन की भूमिका पर भी निगाहें टिकी हुई हैं। छात्र और अभिभावक जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं, ताकि बच्चों के भविष्य पर मंडरा रहा संकट खत्म हो सके। फिलहाल स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है। आने वाले समय में इस मामले में क्या फैसला निकलता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## संक्षिप्त खबर

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच पथराव, तीन गिरफ्तार

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच में हुए पथराव के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को दो पक्ष अचानक आमने-सामने आ गए थे और देखते ही देखते पूरे इलाके में ईंट-पत्थर चलने लगे। करीब आधे घंटे तक चले पथराव से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सड़क से गुजर रहे लोग जान बचाकर इधर-उधर भागते नजर आए, जबकि आसपास के लोगों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी थी। सूचना मिलने पर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों पक्षों के लोग गलियों में छिपकर फरार हो चुके थे। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र में दबिश देकर नौशाद, आजम और मुकर्रम निवासी मोहल्ला घोसियान को हिरासत में लिया। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। पूर्व में भी कई बार झगड़ा और पथराव की घटनाएं हो चुकी हैं। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि तीनों का शांतिभंग में चालान किया गया है। वायरल वीडियो के आधार पर अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

### साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 1.25 लाख, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** साइबर ठगों ने कनखल क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते में सेंध लगाकर एक लाख 27 हजार रुपये से ज्यादा की रकम उड़ा दी। पीड़ित ने पहले साइबर हेल्पलाइन और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। लक्सर रोड स्थित नूरपुर पंजनहेड़ी निवासी संजय कुमार का पंजाब नेशनल बैंक की जगजीतपुर शाखा में खाता है। संजय कुमार के मुताबिक नौ मई को उनके खाते से संदिग्ध ट्रांजेक्शन के जरिए 1,27,399 रुपये निकाल लिए गए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। घटना के अगले दिन उन्होंने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद 11 मई को साइबर क्राइम सेल हरिद्वार को भी पूरे मामले की जानकारी दी गई। कनखल इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

### घर में घुसकर चोरी, युवती पर हमला

**हरिद्वार।** नया हरिद्वार कॉलोनी में घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने और परिवार के जागने पर युवती पर हमला करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक टीम आरोपी की तलाश में जुटी है। रानीपुर मोड़ स्थित नया हरिद्वार कॉलोनी निवासी रामकिशन भारद्वाज ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह करीब चार बजे घर के अंदर किसी के चलने की आवाज सुनाई दी। इसी बीच परिवार की बेटी सोनाली की आंख खुल गई। उसने बाहर निकलकर देखा तो एक युवक घर के कमरों में घूम रहा था। सोनाली ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन भागते समय उसने युवती के गाल पर खरोंच मार दी और तेजी से बाहर निकल गया। बाद में पता चला कि आरोपी घर से तीन मोबाइल फोन, जिनमें एक आईफोन भी शामिल है, चोरी कर ले गया। मंदिर की गुल्लक में रखी नकदी भी गायब मिली। घटना की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# दो साल से बंद पड़ी हाई मास्क लाइट, ग्रामीण परेशान

## अंधेरे में हमेशा सड़क दुर्घटना होने की बनी रहती हैं संभावना

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** विकासखण्ड बहादराबाद के सहदेवपुर पतंजलि तिराहे में लाखों की लागत से बनी हाई मास्क लाइट दो साल से बंद पड़ी है। जिसके कारण शाम होते ही राहगीरों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताते चलें कि इस मार्ग से लगभग बीस गांव का आवागमन होता है जिसमे सहदेवपुर पतंजलि तिराहे पर हाई मास्क लाइट को लगाया गया था लेकिन दो साल से हाई मास्क लाइट खराब पड़ी है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण हाई मास्क लाइट को अब तक ठीक नहीं कराया गया है। उधर आमजनों द्वारा इस समस्या को सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन स्थिति जस के तस हैं। लोगों ने बंद पड़ी हाई मास्क लाइट को मरम्मत कराकर शुरू करने की मांग की है ताकि सरकार द्वारा किए गए लाखों रुपए खर्च सार्थक हो सके और ग्रामीणों को लाभ मिल सके।



पतंजलि तिराहे के जिस जगह पर हाई मास्क लाइट लगी हुई है। वहां पर चौबिसों घंटे तीनो ओर से वाहनों का परिचालन होते रहता है। अंधेरा होने के बाद वाहनों से सड़क दुर्घटना होने की हमेशा संभावना बनी रहती है। हाई मास्क लाइट को अगर ठीक करा दी जाती है तो आम ग्रामीणों को कई समस्याओं से निजात मिल सकती है।

### सहदेवपुर व पतंजलि तिराहे में पड़ती है यह हाई मास्क लाइट

आश्चर्य की बात यह है कि इस मार्ग से लगभग बीस गांव का आवागमन होता है लेकिन सालो से यह लाइट बंद पड़ी है। हाई मास्क लाइट के ठीक हो जाने से रात में ग्रामीणों को इस रास्ते से आने- जाने में काफी लाभ मिलेगा। लोगों का कहना हैं कि अगर बंद पड़ी हाई मास्क लाइट को अगर ठीक करा दिया जाता है तो चारों ओर रोशनी हो जाएगी जिससे दुर्घटना और अपराध में होने वाली घटनाओ कुछ कम हो जाएगी।

# मेयर किरण जैसल ने वार्ड 40 में सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने वार्ड 40 कस्साबान में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मेयर किरण जैसल ने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डो का समान रूप से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड के लोगों द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क बनने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। पूर्व राज्यमंत्री हाजी नईम कुरैशी ने कहा कि वार्ड पार्षद द्वारा निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिल रहा है। जनसुविधाओं का विकास कर वार्ड को नगर निगम का सबसे विकसित वार्ड बनाया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि आरिफ कुरैशी, पूर्व पार्षद सुबहान कुरैशी, अनीस कुरैशी, नफीस कुरैशी, नदीम कुरैशी, भाजपा



नेता राहुल वर्मा, पूर्व भाजपा पार्षद प्रत्याशी रही मोनिका वर्मा, अरशद कुरैशी, अयान कुरैशी, सोनू अंसारी, भाजपा मंडल महामन्त्री अंकुर पालीवाल आदि मौजूद रहे।

# गैंडीखाता इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान दिवस आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजकीय इंटर कॉलेज गैंडीखाता में "प्रतिभा सम्मान दिवस" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को निर्धारित धनराशि के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप शर्मा ने की, जबकि संचालन अजीत यादव एवं पवन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि का स्वागत व्यायाम शिक्षक अजय शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय बैंड के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई



गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में उदयचंद, संतोष सिंह, योगेश कुमार, सीताराम, सचिन कुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्रों को दी विधिक जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रावली महदूद में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों, कानूनों एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की सदस्य सुनीता चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों का लालन-पालन एवं उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करना एक चुनौतीपूर्ण विषय बन गया है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों का कानून के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें और कानून से सहायता प्राप्त कर सकें। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन सेमवाल ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक समझ को मजबूत करते हैं।

# स्वयंभू, शाश्वत व विश्व चेतना के प्रतीक हैं भगवान शिव : सुतिक्ष्ण मुनि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जस्साराम रोड़ स्थित श्री जगद्गुरू उदासीन आश्रम के 55वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन की कथा का शुभारंभ करते हुए आश्रम के महंत सुतिक्ष्ण मुनि ने कहा कि शिव स्वयंभू, शाश्वत और विश्व चेतना के प्रतीक हैं। भगवान शिव भक्तों को त्याग, तपस्या, करूणा और वात्सल्य का मार्ग दिखाते हैं। सहज और सरल रूप से की गयी उनकी आराधना मनोवांछित फल प्रदान करती है। कथा व्यास पंडित लक्ष्मी नारायण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि शिव महिमा का वर्णन करना असंभव है। ज्ञान, बैराग्य और भक्ति के प्रतीक भगवान शिव तत्व को प्रकाशित करने वाले अलौकिक प्रकाश पुंज हैं। उन्होंने कहा कि परम् कल्याणकारी शिव की आराधना कभी निष्फल नहीं जाती। प्रत्येक व्यक्ति को सहज और सरल भाव से भगवान शिव की आराधना अवश्य करनी चाहिए। सूक्ष्म आराधना से ही प्रसन्न होकर भगवान शिव भक्तों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर देते हैं। मुख्य यजमान कान्ता दुग्गल, नितिन दुग्गल, तरूण तुग्गल, चीतेश दुग्गल ने सभी संतों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, महंत सूरज दास, महंत बिहारी शरण सहित कई संत महंत मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर हमला, 10 आरोपी नामजद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली सिडकुल क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक पक्ष के 12 से 15 लोग हथियारों से लैस होकर दूसरे पक्ष के घर में घुस आए और हमला बोल दिया। तलवार, सरिया और लाठी-डंडों से हुई मारपीट में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 10 आरोपियों को नामजद कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में ग्राम औरंगाबाद टांडा निवासी अंकपाल सिंह ने बताया कि बलकार सिंह, जयपाल, साधु सिंह, दीपक सिंह, हरबीर सिंह, पिंकी कौर, सतनाम सिंह, अमनदीप, राजेंद्र सिंह, सोनू सिंह समेत अन्य लोग अचानक उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने हमला कर दिया।

हमले में अंकपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, महिपाल, प्रिया कौर और जयपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के लोगों ने किसी तरह जान बचाकर खुद को घर के अंदर बंद किया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि दस नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पर्यटक की कार का शीशा तोड़कर पर्स चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिल्ली से हरिद्वार घूमने आई महिला पर्यटक की कार का शीशा तोड़कर बाइक सवार बदमाश पर्स लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार रोहिणी सेक्टर-8 दिल्ली निवासी सुरभि जैन अपने परिवार के साथ हरिद्वार घूमने आई थीं। बुधवार सुबह वापसी के दौरान वह जैन शिकंजी पर रुकी थीं। इसी दौरान दो बाइक सवार युवक उनकी कार के पास पहुंचे और कुछ ही सेकेंड में कार का शीशा तोड़कर अंदर रखा पर्स निकाल लिया। पर्स में आईफोन-14 प्रो, मोबाइल सिम, आधार कार्ड और करीब आठ हजार नकद रखे थे। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आरोपी हाईवे की ओर फरार हो चुके थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फुटेज में दोनों युवक वारदात को अंजाम देते साफ नजर आ रहे हैं। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# राजा भगीरथ के नाम पर घाट व प्रतिमा स्थापित करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय सनातनी संगठन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप सैनी ने राजा भगीरथ के नाम पर हरिद्वार में भव्य घाट और उनकी प्रतिमा स्थापित करने तथा भगीरथ बिंदु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग की है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान राष्ट्रीय सनातनी संगठन की और से इस संबंध में 111 मीटर लंबा मांग पत्र भी जारी किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सैनी ने कहा कि महाराजा भगीरथ कठोर तपस्या करके गंगा को धरती पर लाए थे। लेकिन उनके योगदान को वह सम्मान नहीं मिला पाया, जिसके वे हकदार हैं। इसलिए ट्रस्ट ने हरिद्वार में उनके नाम पर भव्य घाट और प्रतिमा स्थापित करने तथा भगीरथ बिंदु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग उठाई है। मांग पत्र जारी



करते हुए उन्होंने कहा कि मांग पत्र पर 10 हजार से अधिक सनातनियों के हस्ताक्षर कराने के बाद इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि बीएचईएल सैनी समाज, मां भगवती जन सेना समिति, शिव कल्याण जन सेवा समिति समेत कई संस्थानों और समाज ने मांग पत्र पर हस्ताक्षर कर सगठन को समर्थन दिया है। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सैनी, राष्ट्रीय संरक्षक राजेन्द्र मौर्य, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य प्राणनाथ (संजय सैनी), प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, कार्यालय प्रमुख प्रीति देवी मौजूद रहे।

# अजरानंद अंध विद्यालय के 2 बच्चों को मिली नई रोशनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वसुधैव कुटुम्बकम् फाउंडेशन के प्रयासों से अजरानंद अंध विद्यालय के दो दृष्टिबाधित बच्चों की जिंदगी में रोशनी की नई किरण जगी है। विशेष चश्मे लगने के बाद 13 वर्षीय राजकुमार और 11 वर्षीय कृष्णा की दृष्टि में काफी सुधार हुआ है, और अब उन्हें देखने में आ रही समस्या से राहत मिली है। वसुधैव कुटुम्बकम् फाउंडेशन एवं ब्लड वॉलंटियर्स हरिद्वार की टीम के संयुक्त तत्वावधान में अजरानंद अंध विद्यालय में एम्स ऋषिकेश के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा एक वृहद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में विद्यालय के लगभग 65 दृष्टिबाधित बच्चों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान 6 बच्चों में उपचार की संभावना पाई गई, जिन्हें आगे के इलाज के लिए एम्स बुलाया गया। एम्स में परीक्षण के बाद 2 बच्चों राजकुमार (13) और कृष्णा (11) में विशेष चश्मों से दृष्टि सुधार की संभावना बताई गई। इन विशेष चश्मों की व्यवस्था के लिए उपाध्यक्ष निधि अग्रवाल ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर व्यक्तिगत डोनेशन के माध्यम से दोनों चश्मों की पूरी पेमेंट की। उपाध्यक्ष निधि अग्रवाल ने बतायारू यह भावुक कर देने वाला पल था। जब राजकुमार और कृष्णा ने पहली बार चश्मा लगाया और साफ-साफ देखकर मुस्कुराए, तो लगा कि हमारी मेहनत सफल हो गई। उन्होंने कहा कि चश्मा नहीं है, बल्कि यह छात्रों के लिए नई उम्मीद और नई जिंदगी है। सहकोषाध्यक्ष पूजा अरोड़ा ने कहा कि ब्लड वॉलंटियर्स हरिद्वार के सहयोग से यह हमारा पहला नेत्र शिविर था। बच्चों की जांच से लेकर एम्स तक ले जाने और फिर चश्मे दिलाने तक की पूरी प्रक्रिया में टीम ने भी



मेहनत की। जब बच्चे हमें पहचान कर नाम लेकर बुलाते हैं, तो सारी थकान दूर हो जाती है। विद्यालय प्रबंधन ने फाउंडेशन, एम्स, निधि अग्रवाल एवं उनकी टीम तथा ब्लड वॉलंटियर्स हरिद्वार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल दृष्टिबाधित बच्चों के लिए वरदान साबित हुई है।

## सूचना नाम संसोधन

किसी त्रुटि वश मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम अम्मार अहमद दर्ज है। जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम मुहम्मद अम्मार है। जो सही है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम मुहम्मद अम्मार के नाम से ही जाना पहचाना जाए। अरशद पुत्र जमशेद, निवासी बिझौली थाना कोतवाली मंगलौर (हरिद्वार)

## सूचना नाम संसोधन

मैं जावेद अली पुत्र मुनसब मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरे पिता का नाम मौ० मुनसफ है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज में मेरे पिता का नाम मुनसब है। वास्तविक में मेरे पिता का नाम मुनसब ही है। मौ० मुनसफ व मुनसब दोनों एक ही व्यक्ति (मेरे पिता) के नाम है। भविष्य में मेरे पिता का नाम मुनसब पढ़ा, लिखा व समझा जाए। जावेद अली पुत्र मुनसब निवासी नगला इमरती थाना कोतवाली रुड़की (हरिद्वार)

# फर्जी दस्तावेज से किसान की जमीन का बैनामा, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** किसान की जमीन हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा करा दिया गया। ज्वालापुर पुलिस ने अदालत के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अदालत में दायर प्रार्थना पत्र में ग्राम सराय निवासी अशोक कुमार पुत्र भरत सिंह ने बताया कि मौजा नसीरपुर उर्फ नसत्तरपुर स्थित उनकी कृषि भूमि उनके नाम दर्ज है। तीन जनवरी को जब वह खेत पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने बताया कि जमीन बिक चुकी है। यह सुनकर उनके होश उड़ गए। छानबीन करने पर पता चला कि एक जनवरी 2025 को मंजीत सिंह निवासी दिनारपुर थाना पथरी के नाम उनकी जमीन का बैनामा करा दिया गया। आरोप है कि बैनामे में किसी अन्य व्यक्ति की फोटो और आधार कार्ड लगाकर उसे अशोक कुमार बनाकर पेश किया गया। पीड़ित ने मंजीत सिंह, जोग्गा सिंह निवासी दिनारपुर, रणवीर निवासी पीतपुर लक्सर और एक अज्ञात व्यक्ति पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी अपनी जमीन नहीं बेची। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।


# कार्यालय अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खंड, लो.नि.वि., हरिद्वार

Phone/Fax No. 01334-227446, E-Mail ID-eepdhar@rediffmail.com

## ई-निविदा सूचना

पंत्राक : 1157/2ए | दिनांक 14/05/2026

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खंड, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग (सिंगल बिड सिस्टम) के अन्तर्गत आईटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 15.05.2025 से उपलब्ध होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना 2023-24 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार में भूपतवाला में वार्ड नं.-2 के जी0डी0 पुरम एवं सरीन फार्म में बी0सी0 द्वारा मार्ग का निर्माण कार्य। | 75000.00 | 2000.00+ 18% [illegible] | 04 माह | 90 दिन | मार्ग कार्य में "डी" एवं उच्चतर |

नोट : समस्त नियम व शर्तें ई-निविदा के साथ अपलोड होंगी, जिनका अनुपालन करना अनिवार्य है।

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो.नि.वि., हरिद्वार



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# निथला गांव के सार्थक जोशी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

■ जेईई मेन्स परीक्षा में पाई सफलता

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकासखंड कालसी के निथला गांव के होनहार छात्र सार्थक जोशी ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर शिक्षा जगत में शानदार उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सार्थक ने जेईई मेन्स परीक्षा में 96.06 पर्सेंटाइल प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया एसटी कैटेगरी में 514वीं रैंक हासिल की है। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2026 की एनडीए लिखित परीक्षा भी उत्तीर्ण कर बड़ी सफलता अर्जित की है।

सार्थक वर्तमान में केंद्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन के छात्र हैं। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया है। सार्थक के पिता राजेंद्र दत्त जोशी और माता विनीता जोशी ने बेटे की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसका श्रेय उसकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

सार्थक की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वही उनके मामा संदीप जोशी ने बताया सार्थक जोशी ने बिना किसी कोचिंग के ये सफलता प्राप्त की है जिस से हमें गर्व है वही स्थानीय लोगों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# संविदा श्रमिकों का तीन दिन से धरना जारी

■ कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार पर लगाया मनमानी करने का आरोप



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** उत्तराखंड के लखवाड़-व्यासी जलविद्युत प्रोजेक्ट में पिछले तीन दिनों से संविदा श्रमिकों का धरना जारी है। श्रमिकों का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं और उनकी जायज मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने अपनी समस्याओं को पहले भी सबके सामने रखा था और यह मामला वर्तमान में श्रम न्यायालय (लेबर कोर्ट) में भी चल रहा है।

विकासनगर अंतर्गत परियोजना क्षेत्र जुड्डो से लगते पाली गांव में यह संविदा श्रमिक पिछले तीन दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। संविदा श्रमिक संघ उत्तराखंड के बैनर तले धरने पर बैठे इन श्रमिकों आरोप है कि हक के लिए आवाज उठाने पर उन्हें काम से बाहर निकाल दिया जाता है।

बताया कि उनकी मुख्य मांगों में समय पर वेतन मिलना, टनल में काम करने वालों को विशेष भत्ता देना, कार्यस्थल पर शौचालय की व्यवस्था करना और बिना वजह की छंटनी पर रोक लगाना शामिल है। श्रमिकों का साफ कहना है कि जब तक ठेकेदार और कंपनियां उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं करतीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

श्रमिकों की मांग है कि टनल में कार्य करने वाले श्रमिकों को टनल एलाउंस दिलाया जाए, कंपनियों के द्वारा केंद्र सरकार के श्रमिकों को दिए जा रहे वेतन को लागू किया जाए, कंपनियों द्वारा श्रमिकों को वार्षिक 16 दिन लोकल अवकाश, राष्ट्रीय अवकाश व होली, दीवाली, दशहरा पर अवकाश दिया जाए आदि मांगों का ज्ञापन यूजेवीएनएल के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया है।

# चकराता पुलिस की नशे पर कार्रवाई जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

■ 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**चकराता।** जनपद देहरादून को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत चकराता पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चकराता क्षेत्र में अवैध शराब, चरस, स्मैक और गांजा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली चकराता पुलिस द्वारा क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान टाइगर फॉल पियातरा रोड पर पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पदमु पुत्र गद्दी निवासी ग्राम सुजोऊ, कोतवाली चकराता, जनपद देहरादून बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। चकराता पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में एसएसआई कृष्ण कुमार सिंह, कांस्टेबल यशपाल पंवार, मुनेश रावत, रविंद्र सजवाण एवं सुधीर शामिल रहे।

# जोशी ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स



■ कार्लीगाड़ सहस्त्रधारा पहुंचे कैबिनेट मंत्री कहा - बरसात से पूर्व संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं

**देहरादून ।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कार्लीगाड सहस्त्रधारा में आपदा प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपदा से आए मलवे का तत्काल चौनलाइजेशन करने के निर्देश देते हुए कहा कि बरसात से पूर्व संवे. दनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को खनन संबंधी टेंडर प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, जिससे मलवा निस्तारण एवं नदी-नालों के सुचारु प्रवाह का कार्य तेजी से किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए प्रभावित क्षेत्रों से जल्द से जल्द मलवा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, सिंचाई विभाग के ईई दीक्षांत गुप्ता, जिला खान अधिकारी ऐश्वर्य शाह, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, ग्राम प्रधान राकेश जवाड़ी, कनिष्ठ प्रमुख धीरज थापा आदि उपस्थित रहे।

# नवीन चकराता के पुरोडी में पानी की किल्लत से बढ़ी परेशानी

■ दूरस्थ स्रोतों पर निर्भर हुए ग्रामीण



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** गर्मी बढ़ने के साथ ही नवीन चकराता क्षेत्र के पुरोडी गांव में पेयजल संकट ने विकराल रूप लेना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में पानी की नियमित आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए करीब एक किलोमीटर दूर स्थित गंगाडी के प्राकृतिक स्रोत से पानी लाना पड़ रहा है। लगातार बढ़ती समस्या से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

करीब 500 से अधिक आबादी वाले इस क्षेत्र में पानी की कमी से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह-शाम पानी के लिए लंबी दूरी तय करना उनकी मजबूरी बन गया है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी अमित जोशी, डॉ. नंद लाल भारती, खजान रावत, अंकित तोमर, मनजीत तोमर और मनीष रावत ने बताया कि हर साल गर्मियों में क्षेत्र में पेयजल संकट पैदा हो जाता है, लेकिन इस बार हालात ज्यादा गंभीर बने हुए हैं। उनका कहना है कि अभी पर्यटन सीजन पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है, फिर भी पानी की भारी कमी महसूस की जा रही है।

आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर स्थिति और खराब हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि नवीन चकराता और पुरोडी क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हैं। यहां संचालित होटल, होमस्टे और रेस्टोरेंट जैसी गतिविधियां पूरी तरह पेयजल व्यवस्था पर निर्भर हैं। पानी की कमी के कारण पर्यटन कारोबार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है, जिससे स्थानीय लोगों की आजी. विका पर भी असर पड़ सकता है।

व्यवसायियों का कहना है कि वर्तमान समय में पानी की व्यवस्था निजी टैंकरों के सहारे की जा रही है, जिसमें अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। इसके बावजूद पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार जल संस्थान को समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और जल संस्थान से मांग की है कि क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान के लिए ठोस एवं स्थायी कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके और पर्यटन गतिविधियां भी प्रभावित न हों।

# चकराता कोतवाली में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग

■ व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** व्यापार मंडल चकराता के तत्वावधान में स्थानीय व्यापारियों ने चकराता कोतवाली में महिला पुलिस एवं महिला पीआरडी कांस्टेबल की तैनाती की मांग को लेकर कोतवाल चकराता को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने पर्यटन सीजन को देखते हुए जल्द महिला कांस्टेबलों की नियुक्ति किए जाने की मांग उठाई।

व्यापारियों ने कहा कि चकराता तेजी से एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है और वर्तमान में पर्यटन सीजन शुरू होने के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। ऐसे में कई बार महिलाओं से जुड़े विवाद एवं अभद्रता की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनसे निपटने में महिला पुलिस कर्मियों की अनुपस्थिति पुलिस के लिए परेशानी का कारण बनती है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई मामले कोतवाली तक पहुंच चुके हैं। विगत रात्रि छावनी बाजार स्थित एक होटल में सोनीपत (हरियाणा) से आए दो युवक विशाल राहुल एवं उनके साथ आई एक युवती द्वारा जमकर हंगामा किया गया। आरोप है कि होटल में तोड़फोड़ करने के साथ होटल स्वामी के साथ अभद्रता भी की गई। महिला पुलिस कर्मी मौजूद न होने के कारण युवती को संभालने में पुलिस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में पुलिस ने तीनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की।

व्यापारियों ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में महिला पुलिस की अनुपस्थिति के चलते पुलिस एवं आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने चकराता कोतवाली में स्थायी रूप से महिला कांस्टेबल एवं महिला पीआरडी जवानों की तैनाती को आवश्यक बताते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून को भी ज्ञापन प्रेषित किया गया है।

ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश चांदना, छावनी परिषद सदस्य अनिल चांदना, होटल व्यवसायी अमित जोशी, सचिव रवीश अरोड़ा, अनिल चौहान, अंकित मोहल, राहुल चौहान, राहुल चांदना, कमल रावत, आनंद राणा, शूरवीर सिंह, अनुभव अरोड़ा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# फसलों में मचान व्यवस्था को 'रोलर हुक तकनीक' उपयोगी सिद्ध हो रही है

शाह टाइम्स संवाददाता



फसलों में मचान व्यवस्था को 'रोलर हुक तकनीक' हो रही उपयोगी साबित

**सहिया।** कृषि विज्ञान केंद्र ढकरानी देहरादून द्वारा टमाटर एवं कद्दू वर्गीय फसलों में मचान व्यवस्था हेतु "रोलर हुक तकनीक" का प्रयोग किसानों के बीच आधुनिक एवं उन्नत खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह तकनीक विशेष रूप से बेलदार एवं लम्बी बढ़वार वाली फसलों के बेहतर प्रबंधन, उच्च गुणवत्ता उत्पादन तथा रोग नियंत्रण में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। इस तकनीक के अंतर्गत खेत में मजबूत तार या पाइप संरचना स्थापित कर उस पर रोलर हुक लगाए जाते हैं। पौधों को धागे अथवा रस्सी के माध्यम से इन हुकों से सहारा दिया जाता है, जिससे पौधों की बेल एवं तना ऊपर की ओर व्यवस्थित रूप से बढ़ते हैं। पौधों की वृद्धि के अनुसार रोलर हुक को समायोजित किया जा सकता है, जिससे पौधों का प्रबंधन सरल हो जाता है।

कृषि विज्ञान केंद्र, देहरादून में रोलर हुक तकनीक के प्रयोग से पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न सब्जियों की उन्नत एवं वैज्ञानिक तरीके से खेती की जा रही है।

डॉ. बिजेता, सब्जी विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, देहरादून द्वारा जानकारी दी गई कि रोलर हुक तकनीक के प्रयोग से सब्जियों की खेती को अधिक वैज्ञानिक, व्यवस्थित एवं लाभकारी बनाया जा सकता है। इस तकनीक के माध्यम से विशेष रूप से टमाटर एवं कद्दू वर्गीय फसलों में बेहतर वृद्धि, गुणवत्तायुक्त उत्पादन तथा रोग एवं कीट प्रबंधन में सहायता प्राप्त होती है।

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलेक्टर ( प्रथम श्रेणी ) श्रीनगर गढ़वाल।**
**बंटवारा वाद सं0 08/2026**

1. मुकेश पुरी 2. महेश पुरी 3. मनीष पुरी सभी पुत्रगण स्व० राम लाल पुरी पौत्र स्व० रूपराम निवासी कमलेश्वर बागवान पुराना श्रीनगर पट्टी कटूलस्यूँ तहसील श्रीनगर

.. वादीगण

बनाम

(1) रतनलाल पुरी पुत्र कुन्दन पूरी (2) दयाराम पुरी पुत्र कुन्दन पुरी (3) स्व०पाखू देवी पत्नी स्व० सोमवार पुरी (लावलद फोत हो गई है) (4) स्व० श्यामलाल पुत्र स्व० भवान पुरी (वंशज 1/1 गोदाम्बरी देवी पत्नी स्व० श्यामलाल, 1/2 दाताराम पुरी पुत्र स्व० श्यामलाल) सभी निवासीगण ग्राम डांग-ऐठाणा, पटटी कटूलस्यूँ तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी। (5) स्व० भूपराम पुरी पुत्र स्व० फतेराम पुरी, (वंशज 1/1 सरला पत्नी स्व० राजेन्द्र पुरी, पुत्रवधु स्व० भूपराम पुरी. 1/2 कार्तिक पुरी पुत्र स्व० राजेन्द्र पुरी पौत्र स्व० भूपराम पुरी,) निवासी कमलेश्वर बागवान, पुराना श्रीनगर, पटटी कटूलस्यूँ तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी। (6) दिनेश कुमार पुत्र श्याम सिंह (7) प्रकाश पुरी पुत्र रतन लाल (8) शशांक बहुगुणा पुत्र हरीबल्लभ (9) जशपाल सिंह पुत्र गजपाल सिंह (10) सुनील कुमार पुत्र गजपाल सिंह (11) सुशील कुमार पुत्र गजपाल सिंह (12) कान्ती पुरी पुत्र गजपाल सिंह (13) सावित्री देवी पत्नी उमराव सिंह (14) ओम प्रकाश सिंह पुत्र उमराव सिंह (15) विक्रम सिंह पुत्र उमराव सिंह (16) कृष्ण सिंह पुत्र उमराव सिंह (17) हरी सिंह पुत्र खड़क सिंह (18) दिनेश सिंह पुत्र खड़क सिंह (19) विजेन्द्र सिंह पुत्र शिव सिंह (20) त्रिलोक सिंह पुत्र सेत सिंह (21) महावीर सिंह पुत्र गोपाल सिंह (22) दौलत सिंह पुत्र अवतार सिंह (23) राजेन्द्र सिंह पुत्र कुंवर सिंह (24) विधिशंकर पुत्र हरिशंकर (25) उदयशंकर पुत्र हरिशंकर (26) अतुल, कुमार पुत्र हरिशंकर (27) रोशनी रावत पत्नी शम्भू सिंह (28) सावित्री देवी पत्नी उमराव सिंह (29) ओम प्रकाश सिंह पुत्र उमराव सिंह (30) विक्रम सिंह पुत्र उमराव सिंह (31) कृष्ण सिंह पुत्र उमराव सिंह (32) आशीष पुत्र श्रीकृष्ण नौटियाल (33) हिम्मत सिंह पुत्र आधार सिंह (34) नरेश सिंह पुत्र भीम सिंह सभी निवासीगंण ग्राम डांग-ऐठाणा, पट्टी कटूलस्यूँ, तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी गढ़वाल (35) नगर निगम श्रीनगर गढ़वाल।

**प्रतिवादीगण**

आपको सूचित किया जाता है कि वादी द्वारा मेरे न्यायालय मैं बंटवारा वाद अंर्तगत धारा 176 ज०वि० एवं भु०य० अधिनियम 1950 अनुकूलन उपरान्तरण 2007, 2011, अधि० सं0-14 तथा अधि०सं०-1012 के तहत ग्राम डांग-ऐठाणा, पट्टी कटूलस्यूँ, तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी गढ़वाल के वर्तमान खतौनी खाता 00101 के कूल क्षेत्रफल 0.6250 है० तथा खतौनी संख्या 00137 के कुल क्षेत्रफल 0. 2280 है० पर बंटवारा वाद के सम्बन्ध में आपके विरूध. प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आपके जवाब दावा हेतु दिनांक 29.05.2026 की तिथि नियत है। अत: इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के माध्यम से आपको सुचित किया जाता है कि आप दिनांक 29.05.2026 को स्वयं या बजरिये अधिवक्ता के उपस्थित होकर अपना जवाब दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु विज्ञप्ति आज दिनांक 07.05.2026 को न्यायालय की आज्ञा व मुद्रा से जारी।

**असिस्टेन्ट**
**कलेक्टर प्रथम श्रेणी**
**श्रीनगर गढ़वाल।**

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाईसेंस नंबर UK0720120212361 में मेरा नाम गलती से AJAM KURESHI दर्ज व अंकित हो गया है, जबकि मेरा नाम MOHD AZAM है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। मौ0 आजम पुत्र मौ0 असगर, निवासी वार्ड नं0 2, मुस्लिम बस्ती, विकासनगर, देहरादून, उत्तराखंड।

**NOTICE**

I, Sangeeta Ben w/o No. 15416950Y Hav (Amb Asst) Makwana Dipak Kumar Bhikha Bhai presently residing at MH Dehradun. In my Husband's Army Documents my name is wrongly entered as Sangeeta Ben whereas correct Name is Makvana Sangitaben as per Aadhar card. It should be updated.

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., पुरोला (उत्तरकाशी)**
Office of the Executive Engineer Construction Division P.W.D. Purola (Uttarkashi)
E-Mail eepwdpurola@rediffmail.com, Fax/Tel No. 01373-223324

पत्रांक : 810/निविदा — दिनांक 14.06.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहर बन्द निविदाएं दिनांक 09-06-2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/डाकघर बचत बैंक पास बुक एवं भारत सरकार में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पुरोला के पदनाम से बन्धक हो लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100/- के रेवेन्यू स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 15-05-2026 से 08-06-2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालय कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 09-06-2026 अपराह्न 03:00 बजे इन्ही कार्यालयों में निविदा बाक्स में डाली जा सकती है :-

(1) कार्यालय अधीक्षण अभियंता, षष्ट्म वृत्त,लो0नि0वि0, उत्तरकाशी । (2) अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बड़कोट। (3) अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चम्बा । (4) अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पुरोला।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | स्वीकृति की प्रत्याशा में प्राकृतिक आपदा वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत वर्षा काल में मोरी नैटवाड सांकरी जखोल मोटर मार्ग (राज्य मार्ग संख्या 48) कि0मी0 1 से 20 तक एवं नैटवाड तथा दोणी क्षेत्र के अन्य मोटर मार्गो के बन्द होने पर मार्ग खोलने के लिये जे0सी0बी0 मशीन किराये पर उपलब्ध कराना (मुख्यालय नैटवाड़)। | 1000.00 +18% GST | 30,000.00 | 60 दिन | 05 माह | मार्ग कार्य में 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी |
| 2 | स्वीकृति की प्रत्याशा में प्राकृतिक आपदा वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत वर्षा काल में मोरी नैटवाड सांकरी जखोल मोटर मार्ग (राज्य मार्ग संख्या 48) कि0मी0 21 से 42.15 तक एवं सांकरी तथा जखोल क्षेत्र के अन्य मोटर मार्गो के बन्द होने पर मार्ग खोलने के लिये जे0सी0बी0 मशीन किराये पर उपलब्ध कराना (मुख्यालय सांकरी)। | 1000.00 +18% GST | 30,000.00 | 60 दिन | 05 माह | -तदैव- |
| 3 | स्वीकृति की प्रत्याशा में प्राकृतिक आपदा वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत वर्षा काल में त्यूनी पुरोला नौगांव मोटर मार्ग (राज्य मार्ग संख्या-17) कि0मी0 51 से 84 तक एवं खाबली गुन्दियाटगांव तथा पुरोला क्षेत्र के अन्य मोटर मार्गो के बन्द होने पर मार्ग खोलने के लिये जे0सी0बी0 मशीन किराये पर उपलब्ध कराना (मुख्यालय पुरोला)। | 1000.00 +18% GST | 30,000.00 | 60 दिन | 05 माह | -तदैव- |
| 4 | एस0डी0आर0एफ0 के अन्तर्गत पुरोला के त्यूनी पुरोला नौगांव मोटर मार्ग (राज्य मार्ग सं0 17) के कि0मी0 76 कि0मी0 77 व कि0मी0 80 क्षतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण व मरम्मत कार्य। | 500.00 +18% GST | 6,000.00 | 60 दिन | 06 माह | -तदैव- |
| 5 | जिला योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत मोरी रेकचा में मोटर मार्ग से गांव के चौक तक पीसीसी खण्डिजा निर्माण | 1000.00 +18% GST | 18000.00 | 60 दिन | 06 माह | -तदैव- |

निविदायें दिनांक 10-06-2026 को अपराह्न 12:00 बजें उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियो के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**सामान्य शर्ते**

1. निविदा की शेष शर्ते, जी0पी0डब्लू0-8, निविदा प्रपत्र एम0एफ0-83, 79/97, 69/70 एवं शासनादेश सं0 2611/111(2)/07-75 (सा0)/2000 दिनांक 26-10-07 के अनुसार होगी।
2. निविदा से सम्बन्धित शर्ते किसी भी कार्य दिवस में सभी निविदा विक्रय कार्यालय में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियंता**
**निर्माण खण्ड, लो.नि.वि. पुरोला**

**कार्यालय जिला क्रीड़ा अधिकारी स्पोर्ट्स स्टेडियम मनेरा उत्तरकाशी**

पत्रांक : 65/कॉ.प्र. पत्रा./2026-27/खेल/उत्तरकाशी / — दिनांक : 14.06.2026

**कान्ट्रैक्ट खेल प्रशिक्षकों के चयन हेतु अल्पकालिक प्रेस-विज्ञप्ति**

विशेष प्रमुख सचिव, उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 563/VI-3/2024-30(14)/2022, दिनांक 11, जुलाई 2024 एवं निदेशक खेल निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून के पत्र संख्या-109/जि०यो०पत्रा०/2026-27/दे० दून/दिनांक 18 अप्रैल 2026 के द्वारा वर्ष 2026-27 की जिला योजना की संरचना हेतु मार्ग निर्देशिका तथा जिलाधिकारी महोदय के द्वारा दिये गये अनुमोदन दिनांक 8, मई 2026 के क्रम में जिला खेल कार्यालय उत्तरकाशी द्वारा वर्ष 2026-27 में निम्नलिखित स्थानों पर उनके नाम के सम्मुख अंकित खेलों के प्रशिक्षण शिविर 15, मार्च 2027 तक संचालित किये जाने है।

| क्र. स. | प्रशिक्षण शिविर का स्थान | खेल का नाम |
|---|---|---|
| 1. | स्पोर्ट्स स्टेडियम मनेरा उत्तरकाशी में | वालीबॉल, बैडमिन्टन एवं बाक्सिंग |
| 2. | विकास खण्ड पुरोला में | नेटबॉल एवं वालीबॉल |

उपरोक्त खेलों के प्रशिक्षण शिविर संचालित करने के लिए मानदेय पर कॉन्ट्रैक्ट खेल प्रशिक्षकों के चयन हेतु आवेदन पत्र पंजीकृत / साधारण/बाईहैण्ड आंमत्रित किये जाते हैं।

यदि विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरान्त खेल निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून/जिला प्रशासन उत्तरकाशी से प्रशिक्षण शिविरों के संचालन के सम्बन्ध में संशोधित दिशा-निर्देश प्राप्त होते हैं तो उक्त निर्धारित शर्तो/नियमों में आवश्यक संशोधन किया जायेगा।

आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की आयु दिनांक 15 अप्रैल 2026 को 21 वर्ष से कम एवं 70 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। (शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ्य होना चाहिए) तथा सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में कार्यरत अभ्यर्थियों को कान्ट्रैक्ट प्रशिक्षक के रूप में चयनित नहीं किया जायेगा।

कान्ट्रैक्ट प्रशिक्षक चयन हेतु केवल उत्तराखण्ड रज्य के मूल/स्थायी निवासी ही पात्र होगें। निर्धारित आवेदन पत्र/नियम एवं शर्ते जिला खेल कार्यालय उत्तरकाशी से किसी भी कार्य दिवस पर प्रात: 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं, आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर जिला खेल कार्यालय उत्तरकाशी में दिनांक 28.05.2026 की सायं 5.00 बजे तक जमा किये जायेंगे। उक्त तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अभिलेखों का निरीक्षण / परीक्षण दिनांक 04.06.2026 को प्रात: 11.00 बजे से चयन समिति द्वारा किया जायेगा, जिसमें सभी आवेदनकर्त्ताओं को अपने मूल अभिलेखो सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।

यह चयन पूर्ण रूप से अस्थाई है, प्रशिक्षण शिविर की अवधि एवं संख्या बजट की उपलब्धता के आधार पर घटायी भी जा सकती है। विज्ञप्ति को बिना कारण बताये निरस्त या आंशिक संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगा।

**( बबीता विष्ट )**
**जिला क्रीड़ा अधिकारी उत्तरकाशी**

# चारधाम यात्रा मार्ग पर मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि् प्रशासन विभाग ने यात्रा मार्ग पर दवा प्रतिष्ठानों के खिलाफ सघन निरीक्षण अभियान चलाया। अपर आयुत्तफ खाद्य संरक्षा एवं औषधि् प्रशासन उत्तराखंड ताजबर सिंह जग्गी के निर्देश पर उप औषधि् नियंत्रक हेमंत नेगी के नेतृत्व में गठित संयुत्तफ टीम ने केदारनाथ यात्रा के प्रमुख पड़ाव गौरीकुंड, सोनप्रयाग, पफाटा एवं रामपुर स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया।



- नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग पर प्रशासन सख्त
- केदारनाथ यात्रा के प्रमुख पड़ाव गौरीकुंड, सोनप्रयाग, पफाटा एवं रामपुर स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान टीम ने मेडिकल स्टोर्स पर औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख, एक्सपायरी दवाओं के रख-रखाव, फार्मासिस्ट की उपस्थिति तथा कोल्ड चेन में रखी जाने वाली दवाओं के भंडारण की गहन जांच की। साथ ही नारकोटिक एवं साइकोट्रॉपिक दवाओं की बिक्री पर विशेष निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि इन दवाओं का दुरुपयोग नशे के रूप में न हो सके। टीम ने एनडीपीएस एक्ट 1985 तथा औषधि् एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 के अंतर्गत रखे जाने वाले रजिस्टर, बिल बुक एवं स्टॉक का भी सत्यापन किया। सभी दवा विक्रेताओं को बिना वैध् चिकित्सकीय पर्चे के शेड्यूल एवं नारकोटिक दवाओं की बिक्री न करने के सख्त निर्देश दिए गए। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा के निर्देशों के अनुपालन में यात्रा मार्ग पर आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। सभी मेडिकल स्टोर्स को 24 घंटे उचित मूल्य पर जरूरी दवाएं उपलब्ध् कराने तथा पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

औषधि् निरीक्षक रुद्रप्रयाग अमित आजाद ने कहा कि यात्रा मार्ग पर नशे के दुरुपयोग को रोकना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नारकोटिक दवाओं की खरीद-बिक्री पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल में औषधि् निरीक्षक रुद्रप्रयाग अमित आजाद, औषधि् निरीक्षक चमोली हार्दिक भट्ट एवं औषधि् निरीक्षक पौड़ी डॉ. सीमा बिष्ट शामिल रहे।

# नगर निगम ने चलाया अवैध वेंडिंग के विरुद्ध अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण एवं अवैध वेंडिंग के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया।इसी क्रम में रांझावाला, वार्ड संख्या 3 में अवैध रूप से निर्मित पुलिया को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के तहत हटाया गया। पार्षद मोहन बहुगुणा, वार्ड संख्या 10 डोभालवाला की शिकायत पर मेसर्स धन्वंतरी लग्जरी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, कालीदास रोड द्वारा नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए नाले का मूल स्वरूप बहाल किया गया। साथ ही कालीदास रोड स्थित नाले में डाले गए अवैध मलबे को दो जेसीबी मशीनों की सहायता से हटाया गया।



इसके अतिरिक्त नगर निगम की टीम द्वारा तिलक रोड, पीपल मंडी, हनुमान चौक, राजेंद्र नगर, सिल्मोर मार्ग, लालपुर एवं मंडी क्षेत्रों में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से रखी गई 10 ठेलियां, 2 चिप्स रैक, 1 इलेक्ट्रॉनिक तराजू तथा 10 विज्ञापन सामग्री जब्त की गईं।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण एवं अनधिकृत वेंडिंग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। शहर को व्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुगम बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# जिलाधिकारी ने जनगणना कार्यों की समीक्षा की

- भवन गणना एवं सूचीकरण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल द्वारा जनगणना कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में 25 अप्रैल से 24 मई, 2026 तक संचालित होने वाले भवन गणना एवं सूचीकरण (एचएलबी) कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में सभी अधिशासी अधिकारियों एवं तहसीलदारों से क्रमवार उनके क्षेत्रों में संचालित कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एन्यूमरेटर एवं सुपरवाइजर अपने आवंटित कार्यों का कम से कम 50 प्रतिशत कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।



जिन कार्मिकों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है, उन्हें तत्काल प्रशिक्षण हेतु भेजा जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य पूर्ण कर डाटा फ्रीज करने से पूर्व प्रत्येक प्रविष्टि का भलीभांति परीक्षण किया जाए। उन्होंने सुपरवाइजरों को भी निर्देशित किया कि वे समस्त विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, एसडीएम टिहरी कमलेश, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति, तहसीलदार धीरज सहित सभी चार्ज अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# नशा और अपराध का अड्डा बना कोटद्वार शहर : नेगी

- पूर्व कैबिनेट मंत्री ने प्रेस वार्ता कर बोला हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री, सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कोटद्वार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश और स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है, उसकी कल्पना राज्य आंदोलनकारियों ने कभी नहीं की थी। नेगी ने हाल ही में कोटद्वार के एक निजी विद्यालय के छात्र की नशे के कारण हुई मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर शासन-प्रशासन प्रदेश में बढ़ते अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने में क्यों असफल साबित हो रहा है? छोटे-छोटे बच्चों और स्कूली छात्रों तक नशीले पदार्थ पहुंचना अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है । कहा कि नशे के इस अवैध कारोबार के पीछे जो भी लोग शामिल हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार को इस दिशा में केवल बयानबाजी नहीं बल्कि ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान नेगी ने उत्तराखंड में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने रैतपुर सतपुली में प्रताड़ना से विवश होकर युवक द्वारा आत्महत्या, चंपावत में नाबालिग के साथ हुई घटना, अंकिता भंडारी हत्याकांड सहित अन्य बेटियों के साथ हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि देवभूमि की पहचान लगातार धूमिल हो रही है। कहा कि प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा चुकी हैं। पहाड़ों से लगातार पलायन हो रहा है, युवाओं के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा है और सरकार ठोस समाधान देने में विफल है। नेगी ने अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इस योजना ने सेना में भर्ती होकर देशसेवा का सपना देखने वाले लाखों युवाओं की उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है। साथ ही पूर्व सैनिकों एवं सैन्य परिवारों से जुड़े पेंशन संबंधी मुद्दों को लेकर भी उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने प्रदेश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। वहीं कोटद्वार की स्थानीय समस्याओं जैसे बदहाल सड़कें, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं, आवारा पशुओं का आतंक, पेयजल संकट, बिजली व्यवस्था की खामियां नगर निगम द्वारा भेजे जा रहे आवासीय संपत्ति कर नोटिस, गैस सिलेंडर के लिए जनता को हो रही परेशानियों और अन्य नागरिक समस्याओं पर भी सरकार को घेरा ।

कहा कि जब उत्तराखंड राज्य निर्माण के लिए लाखों लोगों ने आंदोलन किया, अनेक राज्य आंदोलनकारी शहीद हुए, तब किसी ने भी ऐसे उत्तराखंड की कल्पना नहीं की थी, जहां अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पलायन और अव्यवस्था चरम पर हो।

उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए ईमानदारी से ठोस पहल की जाएं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है, इसलिए उससे बहुत अधिक उम्मीद करना कठिन है। अंत में सुरेंद्र सिंह नेगी ने जनता से अपील की कि वे अधिक जागरूक बनें, अपनी समस्याओं को लेकर चुप न बैठें और सरकार को जगाने का प्रयास करें।

# एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसान बनवाएं यूनिक फार्मर आईडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** सचिव, राजस्व परिषद रंजना राजगुरु की अध्यक्षता में एग्रीस्टैक कार्यों की समीक्षा बैठक वर्चुअल माध्यम से जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में डिजिटल क्रॉप सर्वे का लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष कार्य गतिमान है। इसके साथ ही अंश निर्धारण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होने की जानकारी भी दी।

जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने जनपद टिहरी गढ़वाल के सभी सम्मानित कृषकों से अनुरोध किया है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने हेतु एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों की यूनिक फार्मर आईडी तैयार की जानी है।

उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि वे स्वयं अथवा अपने निकटतम सीएससी सेंटर पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से अपनी यूनिक फार्मर आईडी अवश्य बनवा लें, जिससे किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त किया जा सके। सी0एस0सी. सेण्टर के स्तर पर किसी प्रकार की असुघ्विधा की स्थिति मे सीएससी मैनेजर को मोबाइल पर फोन कर सकते हैं।

# सीएमओ के निर्देश पर ऋषिकेश में चलाया गया अभियान

**देहरादून।** सीएमओ अधिकारी देहरादून डॉ मनोज कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा ऋषिकेश नगर के सार्वजनिक स्थान एवं बस अड्डे के आसपास तंबाकू निषेध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान कर रहे व्यक्तियों और बिना लाइसेंस के तंबाकू बेच रहे विक्रेताओं का चालान भी किया गया। कुल 15 लोगों के चालान किए गए, जिनसे 1780 रुपए का अर्थदंड वसूला गया। बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं को नोटिस दिए गए और नगर निगम से लाइसेंस प्राप्त करने के उपरांत ही तंबाकू उत्पाद बेचने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान जिला सलाहकार दजबच अर्चना उनियाल, सामाजिक कार्यकर्ता रेखा उनियाल, बालाजी सेवा संस्थान से ममता थापा, अनुराग उनियाल आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया चौधरी का भव्य स्वागत

- संगठन की मजबूती एवं जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का किया आहवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

टिहरी गढ़वाल। प्रदेश के ग्राम्य विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम , खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी के प्रथम टिहरी भ्रमण के दौरान भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

भाजपा जिला कार्यालय टिहरी पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री चौधरी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती एवं जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया।



मंत्री चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों एवं संगठन की मजबूती से आगामी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पुनः प्रदेश में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवान, विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय, विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह,राज्यमंत्री खेम सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष उदय रावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### जिले में प्रत्येक गुरूवार को “नो व्हीकल डे” का अनुपालन अनिवार्य: डीएम

**नई टिहरी:** प्रधानमंत्री के अभियान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने तथा मुख्यमंत्री की ओर से उत्तराखण्ड में उक्त अभियान को प्रभावी बनाए जाने के दृष्टिगत जनपद टिहरी गढ़वाल में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह बृहस्पतिवार को “नो व्हीकल डे के रूप में मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी नितिका द्वारा आज जनपद के समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन कार्यालय आने-जाने हेतु वाहन का उपयोग न करते हुए पैदल आवागमन करने के निर्देश दिए गए। इस पहल की शुरुआत माह अगस्त 2025 के प्रथम बृहस्पतिवार से जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा की गई थी।अब उक्त अभियान को विकासखण्ड एवं तहसील स्तर पर भी अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। इस क्रम में समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 14 मई (बृहस्पतिवार) से संबंधी आदेशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करें।

### एडीएम ने किया राजकीय आईटीआई मुनिकीरेती का आकस्मिक निरीक्षण

**नई टिहरी:** अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मुनिकीरेती का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के समय कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा था, जिसपर प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान का निर्धारित समय पूर्ण हो चुका है। संस्थान में वर्तमान में सिलाई-कढ़ाई एवं इलेक्ट्रिकल ट्रेड संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें कुल 29 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि वर्तमान में संस्थान उत्तरप्रदेश उपभोक्ता संघ के जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा है। इस पर उन्होंने संस्थान हेतु स्थायी भूमि एवं भवन उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी। साथ ही छात्रों के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था हेतु टीएचडीसी सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से सीएसआर मद के अंतर्गत सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया। जिस पर अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी द्वारा संबंधित विषयों पर आवश्यक पत्रावली तैयार करने के निर्देश दिए गए।

# उत्पादन इकाईयों में प्रशिक्षित महिलाओं को दें प्राथमिकता : चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टिहरी गढ़वाल।** टिहरी गढ़वाल में गुरुवार को भरत सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री, ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, उत्तराखण्ड सरकार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने मंत्री भरत चौधरी का शाल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

मंत्री भरत चौधरी ने अपने संबोधन में जनपद टिहरी में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न उत्पादन इकाइयों में प्रशिक्षित महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों की ड्रेस तथा अन्य ड्रेस कोड वाले संस्थानों के लिए बड़े स्तर पर उत्पादन कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि क्राफ्ट्समैन द्वारा कटिंग कार्य तथा महिलाओं द्वारा स्टिचिंग एवं फिनिशिंग कार्य किया जाए तथा ऐसी इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कीवी की खेती को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने, मालू के पत्तों के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए यात्रा मार्गों पर ताजे पत्तों की प्लेटों में भोजन परोसने की व्यवस्था विकसित करने की बात कही। मंत्री ने प्लम के तेल के और प्लांट स्थापित करने पर बल देते हुए कहा कि इसका निर्यात होता है तथा अच्छे मूल्य प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि लिंगड़ा विश्व में यहां पूरी तरह ऑर्गेनिक रूप में उपलब्ध है। साथ ही बुरांश के रस को बिना बिना चीनी और पानी मिलाए तैयार कर उसकी बेहतर पैकेजिंग एवं वैल्यू एडिशन करने पर भी जोर दिया।




इस बैठक में विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय, विधायक घनसाली शक्तिलाल शाह, राज्य मंत्री खेम सिंह चौहान, बीजेपी जिलाध्यक्ष उदय रावत, चंबा नगर पालिका अध्यक्ष शोभनी धनोला, पूर्व विधायक प्रतापनगर विजय सिंह पंवार, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी मो. असलम बीजेपी मीडिया प्रभारी राजेंद्र डोभाल, बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्षक्ष मनीष राणा, एसडीएम कमलेश, उद्यम विभाग से शैली डबराल, सभी बीडीओ सहित संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# यूडब्ल्यूए इंडिया ने किया सालाना स्कॉलरशिप देने का ऐलान

**देहरादून ।** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया (यूडब्ल्यूए) ने यूडब्ल्यूए इंडिया के जरिए एक अहम स्कॉलरशिप प्रोग्राम का ऐलान किया है। यह भारतीय बाजार में अपने आप में सबसे बड़ी और अहम पहलों में से एक है। इस पहल से यूडब्ल्यूए की उस लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को और मजबूती मिलती है, जिसके तहत वह अलग-अलग एकेडमिक, सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि वाले होनहार स्टूडेंट्स के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एजुकेशन को अधिक आसानी से उपलब्ध बनाना चाहता है।

# गंगा बचाओ अभियान की सफलता को मांगा समर्थन

**नई टिहरी।** टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय ने राधा स्वामी सत्संग, व्यास प्रमुख बाबा गुरिन्दर सिंह जी से हिमालय-गंगा बचाओ अभियान को सफल बनाने के लिए मिशन का समर्थन और आशीर्वाद प्रदान के लिए प्रार्थना की। विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि हिमालय और हिमालयी नदियों का अस्तित्व संकट में है और वैज्ञानिकों का आंकलन है कि हिमालय में हिम और हिमालयी नदियों में जल 2050 तक ही रहेगा, जिसमें मिशन के मुख्यालय ब्यास की पवित्र नदी ब्यास भी शामिल है। उपाध्याय ने कहा कि मिशन में बड़ी शक्ति है और उसका अंत राष्ट्रीय स्तर पर विशाल प्रभाव है।

# केदारनाथ धाम यात्रा: डीएम और एसपी ने साझा की प्रगति रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के सफल और सुगम संचालन को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा और पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर यात्रा व्यवस्थाओं और अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। 22 अप्रैल से शुरू हुई इस यात्रा में अब तक साढ़े पांच लाख से अधिक श्रृद्वालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अब तक 60 हजार से अधिक श्रृद्वालुओं को ओपीडी और इमरजेंसी सेवाओं का लाभ दिया गया है, जबकि 51,939 यात्रियों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई है। आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 श्रृद्वालुओं को हेलीकॉप्टर और 70 यात्रियों को दंडी-कंडी के माध्यम से सुरक्षित रेस्क्यू कर उच्च चिकित्सालयों में पहुंचाया गया है।



इस दौरान अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। प्रशासन का एकमात्रा लक्ष्य श्रृद्वालुओं को एक सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

### स्वच्छता के लिए व्यापक अभियान

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम और पैदल मार्ग को स्वच्छ रखने के लिए प्रशासन ने बड़े स्तर पर इंतजाम किए हैं। पैदल मार्ग पर 412 पर्यावरण मित्रा और 30 सुपरवाइजर तैनात हैं। 350 से अधिक शौचालय और 600 से अधिक डस्टबिन स्थापित किए गए हैं। कॉम्पैक्टर मशीनों के जरिए कूड़े का वैज्ञानिक निस्तारण किया जा रहा है, जिसके तहत अब तक 64 टन ठोस अपशिष्ट निस्तारण के लिए भेजा जा चुका है।

### सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में सख्ती

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि धाम और यात्रा मार्ग पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। संदिग्ध् सामग्री रोकने के लिए वाहनों और यात्रियों के सामान की सघन चेकिंग की जा रही है। यातायात नियमों के उल्लंघन पर अप्रैल माह में 409 वाहनों का चालान कर 11.03 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। सुरक्षा के लिए 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस, फायर सर्विस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मुस्तैद हैं। पुलिस द्वारा स्थापित 7 खोया-पाया केंद्रों ने बेहतरीन काम करते हुए 180 बिछड़े श्रृद्वालुओं को उनके परिजनों से मिलाया है, साथ ही 5 मोबाइल फोन और 60 पर्स-बैग भी लौटाए हैं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

**नई टिहरी:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में ‘विशेष गहन पुनरीक्षण’ के संबंध में को बैठक आयोजित की गई। आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जनपद की सभी छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उपजिलाधिकारियों (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी), तहसीलदारों (सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) एवं एस.आई.आर. हेतु नामित जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में वर्तमान मतदाता सूची का वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग, अनमैप मतदाताओं की सूची तैयार करने सहित आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी, एसडीएम कमलेश, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति, एडीईओ निर्वाचन विजय तिवारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिवम त्रिपाठी, सांख्यिकी अधिकारी साक्षी शर्मा आदि संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# PBKS ने MI को 201 रन का लक्ष्य दिया

■ प्रभमिसरन सिंह का अर्धशतक, अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली, शार्दूल ठाकुर ने 4 विकेट लिए



**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने अभी खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 201 रन का टारगेट दिया है। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली। आखिर में जेवियर बार्टलेट ने 7 गेंदों में नाबाद 18 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया।

मुंबई के लिए शार्दूल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए। वहीं दीपक चाहर को 2 विकेट मिले। शुरुआत में पंजाब ने तेज रन बनाए, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। इसके बावजूद उमरजई और बार्टलेट की तेज पारियों ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर दीपक चाहर ने धीमी गेंद पर उमरजई की विस्फोटक पारी का अंत कर दिया। बड़े शाट की कोशिश में उमरजई गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और लान्ग आन पर विल जौक्स ने आसान कैच पकड़ लिया।

उमरजई ने सिर्फ 17 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 4 छक्के शामिल रहे। शार्दूल ठाकुर का विकेट लेने का सिलसिला जारी है। उन्होंने क्रास-सीम गेंद पर मार्को यास को बोल्ड कर दिया। गेंद नीचे रही, जैनसन ने लाइन के पार बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन बाउंस को पूरी तरह पढ़ नहीं सके। गेंद बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। कार्बिन बाश ने धीमी क्रास-सीम गेंद पर शशांक सिंह को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। गेंद उम्मीद से धीमी रही और नीचे भी रही, जिससे शशांक शाट खेलने से चूक गए। उन्होंने रिव्यू लिया, लेकिन अल्ट्राएज में बल्ले का कोई संपर्क नहीं मिला और बाल ट्रैकिंग में तीनों रेड आए। शशांक ने 2 रन बनाए। 14वें ओवर की दूसरी बाल पर शार्दूल ने सूर्याश शेडगे को आउट कर पंजाब को मुश्किल में डाल दिया। लेग स्टंप पर आई फुल गेंद को शेडगे ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में शार्ट मिडविकेट की तरफ चली गई। वहां राज बावा ने अपनी बाईं ओर शानदार डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। शेडगे 5 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। राज बावा ने शानदार गेंद पर कूपर कोनोली को बोल्ड कर मुंबई को एक और बड़ी सफलता दिलाई। शार्ट आफ लेंथ गेंद पिच से अंदर आई, कोनोली कट शाट खेलने की को. शिश में पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे आफ स्टंप पर जा लगी। कोनोली 22 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। शार्दूल ने एक ही ओवर में मैच का रुख बदल दिया। ओवर की शुरुआत में प्रभसिमरन ने शानदार सिक्स लगाया, लेकिन अगली ही गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में वह कार्बिन बाश को कैच दे बैठे।

# लियाम ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास लिया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैम्पशायर के ऑलराउंडर लियाम डॉसन ने तत्काल प्रभाव से प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 36 वर्षीय डॉसन ने अपने 20 सीजन लंबे करियर में 380 विकेट लेने के साथ ही 18 शतक भी लगाए। इंग्लैंड के लिए आठ वर्ा बाद वापसी करने से पहले डॉसन को 2024 में प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन अवॉर्ड्स में पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।

हालांकि 2026 के सीजन की शुरुआत में हैम्पशायर के पहले पांच मुकाबलों में चार मैच खेलने और सीमित सफलता के बाद उन्होंने लाल गेंद क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला कर लिया। वह हैम्पशायर के लिए सीमित ओवर प्रारूप में और द हंड्रेड में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए खेलना जारी रखेंगे। इस साल टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के दल का हिस्सा होने को मद्देनजर देखते हुए वह सफेद गेंद क्रिकेट में अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं।

डॉसन ने कहा, मैंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट में अपने करियर को लंबा करने के लिए यह फैसला लेने के लिए सही समय था। मुझे गर्व है कि मैंने हैम्पशायर के लिए 200 से अधिक मुकाबले खेले और इन वर्ाों में कई खिलाड़ियों के साथ सुनहरी यादें साझा की। मैं हैम्पशायर के लिए सफेद गेंद क्रिकेट खेलने के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं और इस सफलता को जारी रखना चाहता हूं।

**खेल विशेष**

## अलावेस ने ला लीगा चैंपियन बार्सिलोना को चौंकाया

**मैड्रिड, वार्ता।** पहले से ही ला लीगा चैंपियन एफसी बार्सिलोना बुधवार को डेपोर्टिवो अलावेस से 1-0 से हार गया। टाइटल जीतने के तीन दिन बाद, बार्सिलोना रविवार और सोमवार को अपने जश्न के असर से परेशान दिखा, और उसने अपने नॉर्मल लेवल से काफी नीचे का परफॉर्मेंस दिया। इब्राहिम डायबेट ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अलावेस के लिए मैच का एकमात्र गोल किया। इस जीत ने अलावेस को बॉटम थ्री से बाहर निकाला और उसके बचने की उम्मीदें जदिा रखीं। सेविला ने विलारियल से 3-2 से जीत हासिल की, और स्टैंडिग में 10वें स्थान पर पहुंच गया। विलारियल, जिसने अगले सीजन के यूएफा चैंपियंस लीग में पहले ही जगह पक्की कर ली है,

## अजीत ने 71 किग्रा कैटेगरी में डबल ब्रॉन्ज मेडल जीते

**गांधीनगर, वार्ता।** भारत ने 2026 एडब्ल्यूएफ एशियन सीनियर वेटलिफ्टिग चैंपियनशिप में अपना शानदार कैंपेन जारी रखा, क्योंकि अजित नारायण ने कॉम्पिटिशन के चौथे दिन शानदार परफॉर्मेंस देते हुए क्लीन एंड जर्क और ओवरऑल टोटल दोनों इवेंट्स में पुरुषों की 71 किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीते। एशिया के कुछ बेहतरीन वेटलिफ्टर्स के खिलाफ मुकाबला करते हुए, अजित ने जबरदस्त ताकत और धैर्य दिखाते हुए कुल 314 किग्रा वजन उठाया, जिसमें क्लीन एंड जर्क में 174 किग्रा का शानदार प्रदर्शन भी शामिल था, जिससे भारत को पोडियम पर अच्छी जगह मिली। इस कैटेगरी में गोल्ड मेडल वॉन जू री (पीआरके) ने जीता, जिन्होंने कुल 351 किग्रा वजन उठाया।

## यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर को 193 रन से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में गुरूवार को 193 रन से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने शिवम भान 131(80), रोहन राणा 42(21) और अक्षय सिग्नेचर 45(43) की शानदार पारियों की मदद से 40 ओवर में 10 विकेट पर 339 रन बनाए। खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर के बॉलर समर कोहार ने 24 रन देकर 2 विकेट, संपर्क गुप्ता ने 47 रन देकर 2 विकेट और इमरोजप्रीत सिंह ने 62 रन देकर 2 विकेट लिए। टारगेट का पीछा करते हुए खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर ने 23 ओवर में 10 विकेट पर 147 रन बनाए। इमरोजप्रीत सिंह ने 31(21) और प्रांजल सैनी ने 27(22) रन बनाए और मैच 193 रन से हार गया।

# स्वितोलिना ने 16 ब्रेकपॉइंट बचाकर रायबाकिना को हराया

**रोम, वार्ता।** एलिना स्वितोलिना ने एलेना रायबाकिना के खिलाफ 20 ब्रेक पॉइंट का सामना किया, उनमें से 16 बचाकर बुधवार रात को वर्ल्ड नंबर 2 पर उलटफेर भरी जीत हासिल की और आठ साल में पहली बार इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं। स्वितोलिना ने 2 घंटे और 23 मिनट में 2-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके जो लड़ने का जज्बा दिखाया, वह लंबे समय से उनके शानदार करियर की पहचान रहा है, जिसमें दो रोम टाइटल शामिल हैं।

उन्होंने ए टाइटल लगातार दो सालों 2017 और 2018 में जीते थे, जिसमें से आखिरी बार वह सेमीफाइनल में पहुंची थीं। स्वितोलिना ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, हमारी प्यारी बेटी, स्काई को जन्म देने के बाद, कोर्ट पर इस तरह के पल मेरे लिए वाकई खास हैं। टॉप 10 में वापस आना, बड़े मैच खेलना, उन्हें जीतना, इससे मुझे आगे बढ़ने और आगे बढ़ने का एक बहुत ही शानदार और बहुत कीमती एहसास होता है। इस जीत के साथ, स्वितोलिना डब्ल्यूटीए टूर पर रायबाकिना के खिलाफ 4-4 से बेहतर हो गई हैं और अब उनका सामना एक और मल्टी-टाइम चैंपियन, इगा स्वियाटेक से होगा। तीन बार की रोम विनर स्वियाटेक, बुधवार को जेसिका पेगुला पर 67 मिनट में 6-1, 6-2 से जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई थीं।

# वापसी कर रही CSK की नजरें प्लेऑफ पर

**लखनऊ, वार्ता।** सीजन की शुरुआत में हार का सामना करने के बाद अचानक प्लेऑफ में जगह बनाने के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनने वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने कैंपेन को काफी बदल दिया है और अब शुक्रवार को 59वें मैच में बाहर हो चुकी लेकिन खतरनाक दिखने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स 20 लीग मैच 6 से एक अनचाही चुनौती का सामना कर रही है। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में, दांव आधिकारिक तौर पर सिर्फ एक तरफ हो सकते हैं,

लेकिन दोनों टीमों से जुड़ी इमोशनल बातें इस मुकाबले में और दिलचस्पी जगाती हैं जो प्लेऑफ की दौड़ पर काफी असर डाल सकती हैं। चेन्नई के लिए, मिशन सीधा है: जीत का सिलसिला जारी रखना और टॉप-4 में अपनी पकड़ मजबूत करना। लखनऊ, जो एक उतार-चढ़ाव भरे कैंपेन के बाद पहले ही मुकाबले से बाहर हो चुका है, के लिए बाकी मैच इज्जत बचाने और दूसरों के सपनों को तोड़ने का आखिरी मौका है। इस सीजन में सीएसके से ज्यादा



तेजी से किस्मत बदलने वाली कुछ ही टीमों ने देखा है। चेन्नई फ्रेंचाइजी ने अपने कैंपेन की शुरुआत लगातार तीन हार के साथ की, जिससे टीम के बैलेंस को लेकर आलोचना हुई और अनुभवी खिलाड़ी एमएस धोनी के अलावा बाकी खिलाड़ियों की चिंता भी हुई, जो इस सीजन में नहीं खेले हैं, लेकिन हार मानने के बजाय, सीएसके ने डिसिप्लिन्ड बॉलिंग, निडर बैटिंग और युवा मैच-विनर खिलाड़ियों के आने से खुद को लगातार फिर से बनाया। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की लीडरशिप में, चेन्नई ने अब अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं और लगातार तीन जीत के साथ लखनऊ पहुंची है। यह वापसी संजू सैमसन के लगातार अच्छे प्रदर्शन से हुई है, जिन्होंने 11 पारियों में 169 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 430 रन बनाए हैं। धीमी शुरुआत के बाद, सैमसन ने दो सेंचुरी के साथ लय वापस पाई और तब से सीएसके की बैटिंग लाइन-अप का सेंटरपीस बन गए हैं।

एक और बड़ा बूस्ट विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल से मिला है, जिन्होंने सीजन का पहला हाफ बेंच पर बिताया, लेकिन तुरंत असर दिखाया। एलएसजी के खिलाफ रिवर्स मैच में सिर्फ 23 गेंदों पर उनकी जबरदस्त 65 रन की पारी ने सीएसके के वापसी के दौरान अपनाए गए अटैकिंग अप्रोच को दिखाया। बॉलिंग डिपार्टमेंट ने भी प्रेशर में अच्छा किया है। हरियाणा के पेसर अंशुल कंबोज 19 विकेट लेकर टूर्नामेंट की खोजों में से एक बनकर उभरे हैं, जबकि इंग्लिश ऑलराउंडर जेमी ओवरटन ने 14 विकेट लेकर पेस और कंट्रोल जोड़ा है। अफगान स्पिनर नूर अहमद और कैरेबियाई लेफ्ट आर्म स्पिनर अकील होसेन ने बीच के ओव. रों में और मजबूती दी है। इस बीच, लखनऊ का सीजन उल्टी दिशा में गया है।

# ऑरेंज कैप टेबल में तीसरे नम्बर पर पहुंचे विराट कोहली

■ पर्पल कैप पर भुवनेश्वर का कब्जा

**रायपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कोल. काता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ नाबाद 105 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबील) केवल जीत दिलाई। इसी के साथ वह ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं गेंदबाजी सूची में भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ा पर पहुंच गए है।

विराट कोहली ने रायपुर में केकेआर के खिलाफ आरसीबी के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल करियर का नौवां शतक लगाया। इस पारी की बदौलत वह इस सीजन सबसे



अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। केकेआर के खिलाफ नाबाद शतकीय पारी के बाद को. हली के आईपीएल की 12 पारियों में 165-75 के स्ट्राइक रेट से 484 रन हो गए हैं। उनसे आगे केवल बी साई सुदर्शन (501 रन) और हाइनरिक क्लासन (508 रन) हैं। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिोक शर्मा 481 रन हैं। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 477 रन के साथ पांचवें नंबर पर हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल के नाम 467 रन हैं।

# मेसी ने MLS में मियामी को जीत दिलाई



**वाशिंगटन, वार्ता।** लियोनेल मेसी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एमएलएस मैच में सिनसिनाटी को 5-3 से हराया। मेसी ने 24वें मिनट में गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन हाफटाइम के बाद केविन डेन्की और पावेल बुचा के गोल ने बुधवार को सिनसिनाटी को बढ़त दिला दी। आठ बार के बैलन डी' ओर विज. ेता मेसी ने रोड्रिगो डी पॉल के क्रॉस के बाद एक शांत फिनिश के साथ घंटे भर पहले बराबरी कर ली। मेजबान टीम ने ब्राजील के मिडफील्डर इवांडर के जरिए बढ़त हासिल की, जिन्होंने एरिया के बाहर जगह बनाकर टॉप-लेफ्ट कॉर्नर में एक लंबी दूरी का शॉट मारा।

लेकिन मियामी 79वें मिनट में फिर से बराबरी पर आ गई जब सब्स्टीट्यूट माटेओ सिल्वेटी बॉक्स में आए और दूर कोने में एक शॉट मारा, जिससे मेसी के साथ शुरू हुआ मूव खत्म हो गया। फ्लोरिडा की टीम ने तब बढ़त बना ली जब गोलकीपर रोमन सेलेन्टानो ने मेसी की फ्री-किक को रोक दिया, जिससे जर्मन बर्टेराम को रिबाउंड पर गोल करने का मौका मिला। सेलेन्टानो की रात और भी खराब होती गई क्योंकि मेसी की लंगड़ाने की कोशिश को रोकने के प्रयास में उन्होंने गलती से गेंद अपने ही नेट में डाल दी। इस नतीजे के बाद इंटर मियामी 13 गेम में 25 पॉइंट्स के साथ ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में दूसरे नंबर पर है, जो लीडर नैशविले से दो पॉइंट्स पीछे है, जबकि सिनसिनाटी नौ पॉइंट्स पीछे है।

# जेमी ओवर्टन आईपीएल से बाहर

■ डियान फॉरेस्टर लेंगे उनकी जगह

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में प्लेऑफ में पहुंचने के लिए जी तोड़ प्रयास कर रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को एक और बड़ा झटका लगा है क्योंकि ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन जांघ की चोट की जांच के लिए वापस इंग्लैंड लौट गए हैं। चेन्नई ने ओवर्टन की जगह डियान फॉरेस्टर को टीम में शामिल किया है। डियान फॉरेस्टर ओवर्टन की जगह 75 लाख रुपये में सीएसके में शामिल होंगे।

दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर फॉरेस्टर ने मार्च 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था और उन्होंने पांच इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिसमें



83 रन बनाए हैं। सीएसके ने बुधवार रात को सोशल मीडिया पर कहा कि जेमी ओवर्टन को दाईं जांघ में चोट लगी है और चोट से संबंधित आगे की जांच और प्रबंधन के लिए वह स्वदेश लौटेंगे। इस सीजन में इस समय तक ओवर्टन 17-78 की औसत और 8-89 की इकॉनमी के साथ 14 विकेट लेकर सीएसके के लिए दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। सीएसके के पिछले मुकाबले में वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे भाई आशु, अजीम व समीर पुत्रगण स्व. मुस्तकीम निवासीगण ग्राम शान्तरहशाह, पोस्ट दोलतपुर, थाना बहादराबाद जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गये है तथा ये अपराधिक किस्म के व्यक्ति है। इसलिए मैने इनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर अपने समस्त सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होगे।

**असलम पुत्र स्व. मुस्तकीम निवासी ग्राम शान्तरहशाह, पोस्ट दोलतपुर, थाना बहादराबाद जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती स्नेहलता भरत** पत्नी श्रीराम भरत निवासी मकान नं0 80, विद्या विहार कॉलोनी, भैरव मन्दिर कनखल, तहसील व जिला हरिद्वार, निम्नविवर्णित व्यवसायिक सम्पत्ति जिसकी भूमि की पैमाईश पूरब 28 फुट, पश्चिम 28 फुट, उत्तर 75 फुट व दक्षिण 75 फुट है कुल क्षेत्रफल 2100 वर्गफुट यानि 195.16 वर्गमीटर हैं, जिसके पूरब में हरिद्वार-रूडकी रोड, पश्चिम में सम्पत्ति अन्य व्यक्ति, उत्तर में सम्पत्ति मोहन जी पुरी वाली की व दक्षिण मे होटल क्लासिक है, सम्बन्धित नगर निगम कर खाता संख्या 210/1, स्थित योगी विहार कॉलोनी (अन्दर सीमा नगर निगम हरिद्वार) तहसील व जिला हरिद्वार, की वर्तमान स्वामी व अधिकारी पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 11.02.2025 के आधार पर है।

इस सम्पत्ति की श्रंखला का एक मूल दस्तावेज पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 23.10.2001 बही न0 01 जिल्द 1260/1320 पृष्ठ 205/445 से 450 दस्तावेज संख्या 5824 दिनांक 23.10.2001 कार्यालय उपनिबन्धक हरिद्वार, निष्पादक श्री केवल चन्दोक बहक श्री कन्हैया लाल पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह वास्तव में कहीं गुम हो गया है और तलाश के बाद भी नही मिल सके है यह सम्पत्ति कही भी किसी के भी के पक्ष या किसी भी प्रकार से बन्धक अथवा प्रभारित आदि नही है।

यदि उपरोक्त सम्पत्ति स्वामी के अतिरिक्त किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्थान का कोई अधिकार या दावा या स्वत्व या हित उपरोक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध मे या गुमशुदा मूल दस्तावेज के सम्बन्ध मे विक्रय, बन्धक, उपहार, प्रभार या किसी अन्य प्रकार से है तो वह व्यक्ति या वित्तीय संस्थान इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस की अवधि के अन्दर समुचित दस्तावेज साक्ष्य के साथ सम्पर्क या लिखित रूप से सूचित कर सकता है अन्यथा **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** सम्बन्धित प्रस्तावित बन्धक की कार्यवाही को पूर्ण कर लेगा और उसके पश्चात किसी का कोई दावा किसी प्रकार का बैंक पर बाध्यकारी नही होगा।

दिनांक-14.05.2026
**श्रीमती स्नेहलता भरत**

**न्यायालय सहायक अभिलेख अधिकरी / उपजिलाधिकारी ऋषिकेश।**
**अदालती सूचना**

वाद संख्या-/2025 मौजा-श्यामपुर।
**वादीः**- श्री सुरजीत लाल पुत्र श्री गबरू लाल निवासी गाम नौला, रतुरा रूद्रप्रयाग उत्तराखण्ड।

**बनाम**

प्रतिवादी-समस्त सहखातेदार खाता संख्या-01565 मौजा श्यामपुर तहसील ऋषिकेश देहरादून।
1. बचन सिंह पुत्र शेर सिंह मौजा श्यामपुर, 2. पुरूषोत्तम पुत्र शेर सिंह मौजा श्यामपुर, 3. अरविन्द सिंह पुत्र बुद्धि सिंह निवासी श्यामपुर। 4. सुनीता रावत पत्नी गोपाल सिंह निवासी दिल्ली। 5. राजेश्वरी पत्नी सुन्दर सजवाण। 6. कमला पत्नी साहब सिंह निवासी श्यामपुर। 7. मृदूल सेमवाल पुत्र सुनील यादवनन्द सेमवाल।

अन्तर्गत धारा 143 जेड0 ए0 एल0 आर0 एक्ट
**घोषणा पत्र**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि मौजा श्यामपुर परगना परवादून तहसील ऋषिकेश खाता खतौनीं नं0-1565 खसरा नं0-402 मि0 रकबा 0.0050 है0 भूमि को कुरा 143 ज0वि0अधि0 1950 के अन्तर्गत अक्षित भूमि घोषित किये जाने बावत प्रार्थना पत्र वादी उपरोक्त द्वारा प्रस्तुत किया गया है। जिस पर तहसीलदार ऋषिकेश के माध्यम से जाँच आख्या प्राप्त है। उक्त वाद में यदि कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 18/5/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद किसी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नही की जायेगी। इस भूमि को वादी अकृषक भूमि घोषित कराना चाहता है। घोषणा पत्र आज दिनांक 24/4/2026 को को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की जाय।

**(योगेश सिंह मेहरा)**
सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, ऋषिकेश।

## नशा मुक्ति केन्द्र में हुई हत्या का खुलासा

# नाबालिग साथी ने स्टील का कुण्डा घोप कर मार डाला

**❖गाली-गलोज व धमकाने से तंग आकर की हत्या**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रुड़की पर 112 से सूचना प्राप्त हुयी कि अनमोल जीवन समिति नशा मुक्ति केन्द्र ढण्डेरी ख्वाजगीपुर रुडकी में एक व्यक्ति आशीष मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पडा हुआ मिला जिसके शरीर पर गम्भीर चोट के निशान दिख रहे थे व आस-पास काफी मात्रा में खून बिखरा हुआ था।

जानकारी के अनुसार घटना की संवेदनशीलता को देखते हुये एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर घटना स्थल को सुरक्षित करते हुये फील्ड यूनिट टीम को मौके पर बुलाया गया। सूचना पर पर एसपी ग्रामीण व सीओ रुड़की भी घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुचें। नशा मुक्ति केन्द्र के बन्द व्यक्तियो से पूछताछ की गयी तो जांच में सामने आया कि मृतक आशीष की हत्या उसी के साथ रहने वाले एक 15 वर्षीय नाबालिक युवक द्वारा की गयी है। पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक अक्सर नाबालिक के साथ गाली गलोज करता था व मारपीट की धमकी देता था जिस कारण मृतक हत्या की गयी। प्रकरण में आरोपी नाबालिग को नियमानुसार पुलिस संरक्षण में लेकर घटना के संबंध में कोतवाली रुडकी पर वादी नवीन गौतम निवासी बसेडी खादर कोतवाली लक्सर द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दिनांक 13.05.2026 को मु0अ0सं0 202/2026 धारा 103/3(5) बनाम नाबालिक पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस टीम-प्रभारी निरीक्षक प्रदीप बिष्ट, व0उ0नि0 धर्मेन्द्र राठी, उ0नि0 नवीन चौहान, अ0उ0नि0 नरेन्द्र सिंह राठी, हे0कानि0 दिनेश गुप्ता, हे0कानि0 नूर मलिक, का0 लईक अहमद शामिल रहे।

# दुष्कर्म मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार वादिया के द्वारा प्रतिवादी राशिद पुत्र सुल्तान निवासी पुहाना थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार, रेशमा पत्नी सुहेल निवासी पंचठागढी जनपद मुजफ्फरनगर. व शबाना के विरूद्ध लिखित तहरीर दी कि प्रतिवादी रशीद के द्वारा वादिया के साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार करने व रेशमा व शबाना द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 24/26 धारा 69. 115(2)351(3), 89 पंजीकृत कराया गया जिसकी विवेचना महिला उपनिरीक्षक मनसा ध्यानी के सुपुर्द की गई थी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के द्वारा वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेंद्र राठी के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया पुलिस टीम के द्वारा दिनांक 14 5.26 को अभियुक्त राशिद पुत्र सुल्तान निवासी पुहाना थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त' राशिद को पकडने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेंद्र राठी, उपनिरीक्षक चंद्र मोहन सिंह, हेड कांस्टेबल



रजत, कांस्टेबल अनिल शर्मा शामिल रहे।

# दूल्हे के रिसेप्शन समारोह में युवती ने जमकर काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** शहर के एक बैंकट हॉल में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दूल्हे के रिसेप्शन समारोह में एक युवती ने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। युवती के आरोपों के बाद खुशियों का माहौल तनाव में बदल गया और बिना दुल्हन की विदाई के ही बारात को वापस लौटना पड़ा।

क्या है पूरा मामला: मिली जानकारी के अनुसार, युवक की शादी दो दिन पहले संपन्न हुई थी और बुधवार रात शहर के एक नामी बैंकट हॉल में रिसेप्शन (प्रीतिभोज) का कार्यक्रम चल रहा था। मेहमान खाने-पीने और जश्न में डूबे थे, तभी बुर्का पहनकर एक युवती वहां पहुंची और दूल्हे पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

युवती के गंभीर आरोप-युवती का दावा है कि दूल्हे के साथ उसके पिछले 8 वर्षों से संबंध थे। उसने आरोप लगाया कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया और अब उसे धोखा देकर दूसरी जगह शादी कर ली। युवती के इस खुलासे के बाद कार्यक्रम में मौजूद रिश्तेदारों और मेहमानों के बीच कानाफूसी शुरू हो गई और देखते ही देखते भीड़ छंटने लगी।

बिना दुल्हन के लौटी बारात:-घ्हंगामे की सूचना मिलते ही वधू पक्ष (लड़की वाले) भी सकते में आ गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए वधू पक्ष ने तुरंत अपनी बेटी की विदाई रोकने का फैसला किया। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि:घ"जब तक युवक इस मामले का निपटारा नहीं करता और युवती के आरोपों की सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक बेटी को विदा नहीं किया जाएगा। देर रात तक चले इस ड्रामे के बाद दूल्हे और उसके परिजनों को बिना दुल्हन के ही बैरंग वापस लौटना पड़ा। फिलहाल यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और मामले की जानकारी पुलिस तक भी पहुँचने की खबर है।

## सीएचसी मंगलौर की व्यवस्थाओं पर अस्पताल प्रशासन ने रखा अपना पक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर गुरुवार को सोशल मीडिया पर सीएचसी मंगलौर की व्यवस्थाओं को लेकर वायरल वीडियो पर अस्पताल प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपना पक्ष रखा है। चिकित्सा अधीक्षक गंभीर सिंह तालियांन ने बताया कि ब्ब्ज्ट फुटेज में दिखा कि मरीज विधायक की गाड़ी आते ही परिसर में जमीन पर लेट गया जिससे घटना पूर्व नियोजित लगती है। विधायक को दी गई सूचना कि मरीज का सुबह से इलाज नहीं हो रहा तथ्यात्मक नहीं है। अस्पताल में नियमित उपचार चल रहा था। उनका उद्देश्य आरोप लगाना नहीं बल्कि तथ्य सामने लाना है। जरूरत पड़ी तो उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी। साथ ही जनता से अपील की गई कि स्वास्थ्य सेवाओं को राजनीति से दूर रखें।

## मरीज को समय पर उचित इलाज न मिलने से नाराज

# चौ. इस्लाम की ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक से हुई तीखी बहस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब मरीज को समय पर उचित इलाज न मिलने से नाराज पूर्व नगर पालिका चेयरमैन चौधरी इस्लाम की ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक से तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ा कि ष्तू-तू मैं-मैं तक जा पहुंचा।

सूचना मिलते ही मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं और लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। विधायक ने कहा डबल इंजन की सरकार के दावों के बावजूद आमजन आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तरस रहा है। मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है यह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने सीएमओ को जांच कर दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं पूर्व पालिका अध्यक्ष चौधरी इस्लाम ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मरीज शहाब को घंटों तक भर्ती नहीं किया गया और स्टाफ टालमटोल करता रहा। इस बीच मरीज शहाब की पत्नी ने भी अस्पताल कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि जब वह पति के इलाज के लिए गुहार लगा रही थीं तो अस्पताल स्टाफ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और धक्का-मुक्की तक की। घटना के बाद अस्पताल में काफी



देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंगलौर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी दवाइयों का अभाव और स्टाफ का रवैया लंबे समय से परेशानी का कारण बना हुआ है।

# युवती ने बंधक बनाकर दुष्कर्म करने व जबरन देह व्यापार में धकेलने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हरियाणा निवासी एक 20 वर्षीय युवती ने कलियर पुलिस को तहरीर देकर उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और जबरन देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के करनाल जिले की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मानसिक तनाव के चलते बीते 18 मार्च को कलियर दरगाह पर आई थी। इस बीच उसकी मुलाकात आसिफ और जोगिंदर नाम के दो युवकों से हुई। उन्होंने युवती को अकेला देख कर उसे मदद का झांसा दिया और अच्छे कपड़ों व खाने का लालच देकर उसे अपने विश्वास में लेकर दोनों युवक उसे बहला-फुसलाकर भगवानपुर के पास रायपुर स्थित एक कमरे में ले गए। वहां आसिफ की पत्नी भी मौजूद थी। पीड़िता का आरोप है कि वहां उसकी पत्नी ने उसे दूध में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जिसके बाद वह बेसुध हो गई। और अगले दिन जब उसे होश आया तो वह नग्न अवस्था में थी।और उन्होंने उसे कमरे में बंधक बनाए रखा और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता ने बताया कि उसे जबरन देह व्यापार के धंधे में धकेले का प्रयास कर उसके साथ मारपीट करते थे।पीड़ित युवती किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर आई और उसने पुलिस को आपबीती सुनाई।युवती ने आरोपियों के खिलाफ कारवाई की मांग की है।कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

# जेठी जुमेरात पर कलियर में उमड़ी जायरीन की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** जेठ माह की दूसरी जुमेरात पर कलियर में भारी संख्या में जायरीन साबिर पाक की जियारत को कलियर पहुंचे। जायरीनों ने दरगाह पर जियारत कर मुरादें मन्नतें मांगी। इस दौरान कलियर के बाजारों में भारी भीड़ रही। कलियर में जेठ के महीने में आने वाली हर जुमेरात पर साबिर पाक की दरगाह में जियारत के लिए भारी संख्या जायरीन कलियर आते हैं।बुधवार शाम से ही दूर दराज से जायरीन जियारत करने के लिए कलियर पहुंचना शुरू हो गए थे। जेठ की दूसरी जुमेरात पर जायरीन कलियर दरगाह साबिर पाक पहुंचे। मान्यता है कि जेठ माह की चार जूमेरात का विशेष महत्व होता है। दरगाह में जियारत करने वाले लोग यहां पर गेहूं, गुड़ आदि को भी दान करते है।जेठ के महीने में लोग अपनी अपनी गेहूं की फसल को काटकर फारिग हो जाते हैं। कुछ जायरीन अपनी फसल का थोडा सा गेहूं लेकर कलियर साबिर पाक के लंगर में पेश कर अपनी मन्नते मांगते है।आने वाली फसलों ओर अमन शांति के लिए दुआ करते हैं। जेठ महीने की दूसरी जुमेरात होने की वजह से जायरीन साबिर पाक की दरगाह पर अपनी मन्नतें लेकर आए।साबिर पाक की दरगाह के अलावा दरगाह इमाम साहब ,किलकिलि साहब ,पीर गायब अली साहब ,अब्दाल साहब पर भी जायरीनों ने जियारत की।

# बैंक कर्मियों ने प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन ने रिक्त पदों पर नई भर्ती समेत अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार को झबरेड़ा स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बैंक कर्मियों ने प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ मुंह पर काला मास्क लगाकर काम करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

अखिल भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संघ के आह्वान पर आयोजित इस देशव्यापी आंदोलन के तहत झबरेड़ा शाखा के कर्मचारी सुबह से ही काला मास्क पहनकर कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने न केवल मास्क लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि वे बैंक के कामकाज को प्रभावित किए बिना अपनी बात प्रबंधन तक पहुँचाना चाहते हैं, लेकिन यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया तो वे कड़े कदम उठाने को विवश होंगे। संघ के



पदाधिकारियों के अनुसार, बैंक में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों के कारण मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे बैंकिंग सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। उनकी प्रमुख मांगों में रिक्त पदों पर अविलंब नई नियुक्तियां हो। प्रबंधन द्वारा अन्य लंबित मांगों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह केवल सांकेतिक प्रदर्शन है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बैंक प्रबंधन ने उनकी मांगों की अनदेखी जारी रखी, तो आगामी 25 और 26 मई 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल की जाएगी। इस हड़ताल से देश भर में बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह ठप रह सकती हैं। इस दौरान मुख्य रूप से आनन्द कुमार, पायल, प्रवीण, टिल्लू और सतीश कुमार समेत शाखा के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में संघ के निर्णय का समर्थन करने और आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया गया है।

# केबल तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर पर वादी विनोद कुमार अवर अभियन्ता विघुत वितरण उपखण्ड लंढौरा के द्वारा गाधारौणा 11000 लाईन से बिजली का केबल काटकर ले जाने के सम्बन्ध मे अन्तगर्त धारा 136 विघुत अधि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना का संज्ञान लेते हुए तुरंत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर को घटना के अनावरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसके अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा तत्काल टीम का गठन करते हुए घटना के अनावरण में लगाया गया। टीम द्वारा 31 सीसीटीवी खगांले गये। पकडे गये आरोपियों के नाम-सैफ अली पुत्र सकील अहमद व रविपुत्र सतीश निवासीगण खेमपुर थिथौला खेमपुर थिथौला मंगलौर हरिद्वार।

**खोया पाया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया का दिनांक 10.04.2026 को बैनामा कही गुम हो गया जिसकी बही सं० 1 जिल्द 2925 के पृष्ठ 243 से 264 पर क्रमांक 11160 पर दिनांक 03.12.2015 को उपनिबन्धक रूडकी द्वितीय मे दर्ज है।
श्रीमति बेबी पत्नी आलोक कुमार नि. ग्राम लतीफपुर खुब्बनपुर, तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार। मो०नं०-9917942729

## मांगों को लेकर कर्मचारियों का धरना जारी

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग ग्राम लाठरदेवा हुण के पास स्थित असाई ऑटो ग्लास फैक्ट्री के बाहर फैक्ट्री कर्मचारीयो द्वारा दूसरे दिन भी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रखा ।फैक्ट्री कर्मचारीयो का कहना है कि सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान से भी काफी कम वेतन उन्हें दिया जा रहा है। फैक्ट्री प्रबंधन लगातार उनका शोषण कर रहा है। फैक्ट्री प्रबंधन से कई बार अपनी मांगों को लेकर वार्ता करने का प्रयास किया गया लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन उनकी कोई बात सुनने व मानने को तैयार नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान नहीं दिया जाता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों के बीच पहुंचे लेबर इंस्पेक्टर विपिन कुमार का कहना है कि कर्मचारियों व फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता की गई । सरकार द्वारा तय किए गए नियम के अनुसार ही कर्मचारियों को वेतन व अन्य सुविधाएं फैक्ट्री प्रबंधन को देने को कहा गया है शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर ही मौजूद रहे।

# यूसीसी के तहत तीन तलाक व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी के तहत देश का पहला आपराधिक मुकदमा हरिद्वार जिले के बुग्गावाला थाने में दर्ज किया गया है। यह मामला ट्रिपल तलाक, हलाला, दहेज की मांग और वैवाहिक उत्पीड़न से जुड़े गंभीर आरोपों पर आधारित है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। दहेज में अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई और विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी पक्ष ने तीन तलाक देकर संबंध समाप्त करने और हलाला के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया।

बुग्गावाला पुलिस ने शिकायत का परीक्षण करने के बाद यूसीसी के प्रावधानों और अन्य लागू धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। चूंकि समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद यह पहला मामला माना जा रहा है, इसलिए कानूनी और सामाजिक हलकों में इसकी व्यापक चर्चा हो रही है।हरिद्वार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। दस्तावेजी साक्ष्यों, बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हरिद्वार में दर्ज यह मुकदमा यूसीसी के व्यावहारिक क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

## सनातन धर्मप्रकाश चन्द कालेज में पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

# शिक्षिकाओं-छात्राओं को सिखाए अग्निशमन के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिक्षिकाओं-छात्राओं को अग्निशमन के गुर सिखाने के लिए सनातन धर्मप्रकाश चन्द इण्टर कालेज रुड़की में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। जहां पर सिलेंडर लिकेज से होने वाली अग्नि दुर्घनाओं को रोकने व प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग के बारे में सभी जानकारी दी गयी। बताया कि आग ज्यादा फैलने पर सुरक्षित स्थान पर निकलने व तत्काल 112 पर सूचना देने को भी जागरुक किया गया। प्रेक्टिकली भी उपकरणों के प्रयोग का दिया गया डेमो

जानकारी के अनुसार उच्चाधिकारियों के आदेश एवं निर्देश के अनुपालन के क्रम में अग्निशमन केन्द्र रुड़की की टीम ने सनातन धर्मप्रकाश चन्द इण्टर कालेज रुड़की में जाकर अध्यापिकाओं-छात्राओं को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग विधि, एलपीजी सिलेंडर लिकेज से होने वाली अग्नि दुर्घनाओं को केसे रोका जा सकता है, आदि के बारे में विस्तार से बताया गया एवं आपातकालीन नंबर 112 के महत्व को भी अवगत कराया गया। क्योंकि छात्राएं समाज का एक अभिन्न अंग है आप सभी को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग विधि एवं जानकारी होना नितांत आवश्यक है साथ ही आपातकालीन स्थिति (अग्निकांड/ भूकम्प के समय हमे क्या करना/क्या नहीं करना) एवं प्राथमिक चिकित्सा के बारे में भी बताया एवं समझाया गया। राष्ट्र की संपत्ति/ जनहानि रोकने के लिए भी आवश्यक टिप्स दिये



गए। प्रधानाचार्य से निवेदन किया गया कि विद्यालय प्रांगण में स्थापित अग्निशमन उपकरणों को हमेशा उच्च कोटि एवं कार्यशील दशा में रखें समय-समय पर माक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित करते रहे। माक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित करने पर स्कूल प्रबंधन ने टीम का आभार व्यक्त किया गया। ऐसे जन जागरण कार्यक्रम आयोजित करने पर समाज में एक जागृति पैदा होती है।

# सुल्तानपुर मस्जिद में मीनार निर्माण की अफवाह निकली बेबुनियाद, एसडीएम ने की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सोशल मीडिया पर मस्जिद की मीनार का निर्माण कार्य जारी रहने की खबर फैलने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया लक्सर एसडीएम अनिल शुक्ला और क्षेत्राधिकारी (ब्व) देवेन्द्र नेगी पुलिस बल के साथ सुल्तानपुर स्थित बड़ी मस्जिद पहुंचे और जमीनी हकीकत का जायजा लिया

अधिकारियों ने मस्जिद के मुतवल्ली और जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक की गहन निरीक्षण के बाद प्रशासन ने पाया किमीनार का कोई भी नया निर्माण कार्य नहीं हो रहा थामस्जिद के पहले फ्लोर पर केवल अधूरे काम की फिनिशिंग और पत्थरों की साफ-सफाई का काम चल रहा थामीनार निर्माण पर प्रशासन द्वारा लगाई गई रोक यथावत जारी है। प्रशासन की सख्त हिदायत है। एसडीएम अनिल शुक्ला ने स्पष्ट किया कि बिना वैधानिक अनुमति के मीनार निर्माण की इजाजत नहीं दी जाएगी। वहीं, मस्जिद प्रबंधन ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है अपील प्रशासन ने आम जनता से सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न देने और क्षेत्र में शांति



व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है मस्जिद के मुताबिक कमरुद्दीन ने कहा कि प्रशासन के किसी भी आदेश के खिलाफ कुछ भी कार्य नहीं किया जाएगा आगे तभी कार्य होगा जब प्रशासन की मंजूरी होगी

# ब्रिक्स बैठक का आगाज

गुरुवार को नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू हो गया है। यह सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में हो रहा है। इस अवसर पर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बड़ी बेबाकी के साथ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने विचार खुलकर रखे। उनका यह कहना बिल्कुल सही है कि अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक असुरक्षा और संस्थागत सुधारों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि अभूतपूर्व भू राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चतता का इस समय विश्व सामना कर रहा है और इसके पीछे सशर्त संघर्ष, जलवायु संबंधी आपदाएं और कोविड महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं। भारतीय विदेश मंत्री ने साफ किया कि ये संकट अलग नहीं हैं, बल्कि ऐसा संगम हैं जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं की क्षमता की परीक्षा ले रहे हैं और इसका सबसे ज्यादा असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों पर पड़ रहा है। जैसीकि उम्मीद थी उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर खुलकर अपनी बात रखी और साथ ही चिंता जताते हुए कहा कि लगातार तनाव, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए खतरा बन रहा है। उन्होंने होर्मुज स्टेट और लाल सागर जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में निर्बाध आवाजाही को वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक बताया और सबसे बड़ी बात उन्होंने गाजा संघर्ष को मानवीय संकट बताया और इसका हल दो राष्ट्रीय समाधान के आधार पर ढूंढने की वकालत की। डा. जयशंकर ने यह भी स्पष्ट स्थिरता चुनिंदा नहीं हो सकती और शांति टुकड़ों में स्थापित नहीं की जा सकती। उन्होंने खुलकर एक तरफा प्रतिबंधों और दबावों की आलोचना की जो अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप नहीं हैं। ब्रिक्स ऐसे समय में हो रहा है जब वास्तव में दुनिया के सामने चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। पश्चिम एशिया संकट तो है ही, साथ ही कई वर्षों से रूस-यूक्रेन युद्ध भी बराबर जारी है। इसके अलावा भी कई जगह ऐसी हैं जहां टकराव की बातें सामने आती रहती हैं। जैसे चीन-ताईवान के बीच संघर्ष, कभी भी जन्म ले सकता है। ऐसे में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इस बैठक में किस तरह के फैसले सामने आते हैं, यह तो बैठक के बाद ही पता चलेगा, इस समय तो यह उम्मीद ही की जा सकती है कि ब्रिक्स से जुड़े सभी देश अपनी जिम्मेदारी का ठीक से निर्वहन करेंगे और टकराव का रास्ता छोड़कर सहयोग की ओर बढ़ेंगे। यही आज विश्व के हित में होगा।

## श्रीमुख से...

### युद्ध कोई विकल्प नहीं है



आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने वाला बयान स्वागत योग्य है, यह इस बढ़ती हुई समझ को दर्शाता है कि अब युद्ध कोई विकल्प नहीं रहा, यह एक बहुत बड़ा कदम है, मुझे खुशी है कि अब कोई यह सोच रहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है, यह बातचीत का मामला है और बातचीत के जरिए ही हमें अपनी समस्याओं का हल निकालना चाहिए, दिल्ली में शुरू हो रही ब्रिक्स की बैठक पश्चिम एशिया में शांति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी, ब्रिक्स की बैठक हो रही है और हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति होगी, ब्रिक्स भी इस पर दबाव डालेगा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन में हैं, मुझे यकीन है कि चीन भी अपनी भूमिका निभाएगा ताकि शांति बनी रहे। **-फारूक अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# सामाजिकता की सबसे बड़ी कुंजी है परिवार





**अतुल गोयल**

विश्वभर में हर वर्ष 15 मई को मनाया जाने वाला 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' मानव सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था 'परिवार' के महत्व को पुन: स्मरण करने का अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1993 में घोषित यह दिवस समाज, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और नैतिक मूल्यों के निर्माण में परिवार की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करता है। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' की थीम है 'परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण', जो वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि बढ़ती आर्थिक विषमता, सामाजिक असंतुलन, तकनीकी बदलाव और बदलती जीवनशैली का सबसे गहरा प्रभाव परिवारों और विशेष रूप से बच्चों पर पड़ रहा है। परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं होता बल्कि व्यक्ति के जीवन का पहला विद्यालय, पहला संस्कार केंद्र और पहली सामाजिक प्रयोगशाला होता है। मनुष्य बोलना, चलना, व्यवहार करना, प्रेम करना, सम्मान देना और जिम्मेदारियां निभाना सबसे पहले परिवार से ही सीखता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में परिवार को सदैव सर्वोच्च स्थान प्राप्त रहा है। यहां परिवार का अर्थ केवल माता-पिता और बच्चों तक सीमित नहीं था बल्कि दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, मामा-मौसी सहित बहुपीढ़ीय संयुक्त परिवार भारतीय समाज की पहचान हुआ करते थे। 'वसुधैव कुटुंबकम' का आदर्श इसी व्यापक पारिवारिक दृष्टि का प्रतीक है, जिसमें संपूर्ण विश्व को एक परिवार माना गया।

भारतीय जीवन पद्धति में परिवार केवल आर्थिक इकाई नहीं बल्कि संवेदनाओं और संस्कारों का जीवंत केंद्र था। घर के आंगन में दादा-दादी की कहानियां बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का आधार बनती थी। त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक चेतना के अवसर होते थे। भोजन एक साथ बैठकर किया जाता था और जीवन के छोटे-बड़े निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते थे। उस समय परिवार में 'मैं' से अधिक 'हम' की भावना महत्वपूर्ण थी किन्तु आधुनिकता, शहरीकरण, उपभोक्तावाद और डिजिटल जीवनशैली ने परिवार की पारंपरिक संरचना को गहराई से प्रभावित किया है। आज महानगरों में जीवन की तीव्र गति और प्रतिस्पर्धा ने रिश्तों की आत्मीयता को कमजोर किया है। लोग एक ही घर में रहते हुए भी भावनात्मक रूप से एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। भोजन की मेज पर संवाद की जगह मोबाइल फोन ने ले ली है। पहले जहां शाम का समय परिवार के साथ बिताया जाता था, वहीं अब अधिकांश समय अलग-अलग कमरों में स्क्रीन के सामने बीतता है। तकनीक ने सुविधा तो बढ़ाई है परन्तु रिश्तों की गर्माहट को कहीं न कहीं कम भी किया है।

इस बदलते परिवेश का सबसे गहरा प्रभाव बच्चों पर दिखाई देता है। आज का बच्चा डिजिटल रूप से अत्यंत सक्षम है लेकिन भावनात्मक रूप से पहले की तुलना में अधिक अकेला होता जा रहा है। परिवारों में संवाद की कमी, माता-पिता की व्यस्तता और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस इसी वास्तविकता की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बच्चों के भविष्य को किस प्रकार प्रभावित कर रही हैं। विश्व के अनेक देशों में आज भी करोड़ों बच्चे गरीबी, कुपोषण, शिक्षा की कमी और असुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जिन परिवारों की आय अस्थिर होती है या जिनके पास स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं होती, वहां बच्चों का समग्र विकास बाधित हो जाता है। आर्थिक असमानता केवल आय का अंतर नहीं बल्कि अवसरों की असमानता भी है। गरीब परिवारों के बच्चे अक्सर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षित वातावरण से वंचित रह जाते हैं, जिससे पीढ़ियों तक गरीबी और वंचना का चक्र बना रहता है। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, युद्ध, विस्थापन, बेरोजगारी और तकनीकी बदलाव जैसी चुनौतियां परिवारों पर अतिरिक्त दबाव डाल रही हैं। प्रवासन के कारण लाखों परिवार टूट रहे हैं। माता-पिता रोजगार की तलाश में दूर शहरों या देशों में चले जाते हैं और बच्चे भावनात्मक दूरी का सामना करते हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र इस वर्ष परिवार-केंद्रित सामाजिक सुरक्षा नीतियों पर विशेष जोर दे रहा है। बाल कल्याण, मातृत्व सहायता, पितृत्व अवकाश, सस्ती बाल देखभाल सेवाएं, प्रारंभिक शिक्षा और परिवार समर्थक नीतियां केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि भविष्य के स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। भारतीय समाज में भी पारिवारिक संरचना तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों का विस्तार हुआ है। गांवों की तुलना में महानगरों में पारिवारिक विघटन अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में युवा महानगरों और विदेशों की ओर जा रहे हैं, जिसके कारण बुजुर्ग माता-पिता अकेले रह जाते हैं। आर्थिक सहायता तो मिल जाती है लेकिन भावनात्मक सहारा धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। सबसे अधिक प्रभावित यदि कोई वर्ग हुआ है तो वह बुजुर्गों का है। कभी परिवार की धुरी माने जाने वाले बुजुर्ग आज अनेक घरों में उपेक्षा और अकेलेपन का जीवन जीने को विवश हैं।

पहले परिवार के निर्णयों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती थी लेकिन आज अनेक बुजुर्ग स्वयं को अप्रासंगिक महसूस करने लगे हैं। वृद्धावस्था में व्यक्ति को केवल दवा और धन की आवश्यकता नहीं होती बल्कि सम्मान, संवाद और अपनापन भी उतना ही आवश्यक होता है। भारत में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या बदलते सामाजिक ढांचे का गंभीर संकेत है। अनेक रिपोर्टों में यह सामने आया है कि बड़ी संख्या में बुजुर्ग मानसिक अवसाद, असुरक्षा और सामाजिक अलगाव का अनुभव कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक दूरी कम करने का दावा करती है लेकिन वास्तविक मानवीय संवाद का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जब समाज में सामूहिक बंधन कमजोर होते हैं, तब व्यक्ति अकेलेपन और असुरक्षा का शिकार हो जाता है। वर्तमान भारतीय समाज में यही स्थिति दिखाई दे रही है। आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति के बावजूद मानसिक तनाव, अवसाद और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसका एक प्रमुख कारण परिवारों के भीतर बढ़ती भावनात्मक दूरी भी है।

# अखिलेश की संवेदनशीलता ने दिखाई प्रेम की राह



**रोहित कौशिक**

हमारे समाज और राजनीति में कुछ खबरें कभी पुरानी नहीं होती। इसलिए ऐसी खबरों पर लगातार चिंतन-मनन होता रहता है। इस दौर में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या राजनीति में बढ़ती नफरत को कम करने की कोशिश की जा रही है ? क्या इस दौर में व्यक्तिगत हो चुकी राजनीति की धारा मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ? क्या इस दौर में राजनीतिक शुचिता की बात करने वाले राजनेता अपने दिल की सफाई कर पाए हैं। क्या इस दौर में ऊपर से साफ-सुथरे दिखने वाले राजनेता अपने दिल में जमे कटुता के मैल को साफ कर पाए हैं?

अगर गंभीरता से इन प्रश्नों के उत्तर खोजने की कोशिश की जाएगी तो हमारे अंदर निराशा का भाव ही पैदा होगा। सच्चाई तो यह है कि इस दौर की राजनीति में लगातार नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। एक तरफ विकास के लोक लुभावन नारे लगाए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ साम्प्रदायिक राजनीति को बढ़ावा देकर जानबूझकर राजनीति में नफरत का भाव पैदा किया जा रहा है। नफरत की इस गर्मी में प्रेम की ठंड़ी फुहार का अहसास हुआ है। नफरत की राजनीति के इस दौर में प्रेम पैदा करने की पहल हुई है। यह पहल की है उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने। वहीं अखिलेश यादव जिन्हें बदनाम करने की तमाम कोशिशें होती रहती हैं। वही अखिलेश यादव जिन्हें अक्सर नफरत की राजनीति का शिकार बनाया जाता है। हालांकि खबर के लिहाज से यह बात थोड़ी पुरानी हो चुकी है, लेकिन विश्लेषण के हिसाब से कोई भी खबर पुरानी नहीं होती है। इस अंधकार भरे समय में राजनेताओं की संवेदनशीलता पर लगातार बहस और विचार-विमर्श होते रहना चाहिए। जिस दौर में राजनीति में आज आदमी की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज कर हिन्दू-मुस्लिम के मुद्दे को ही प्रमुख बना दिया गया है, उस दौर में यदि किसी राजनेता की संवेदनशीलता की खबर आती है तो उस पर लगातार बहस होनी चाहिए।

दरअसल कुछ दिनों पहले बहराइच सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े मुद्दे पर विरोध जताते हुए अखिलेश यादव का पुतला जला रही थीं। उत्तर प्रदेश के बहराइच में भाजपा द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका गया था। जब भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल, अखिलेश यादव का पुतला जला रही थीं तब उनका चेहरा और बाल आग की चपेट में आ गए। उनका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। उन्हें आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के मेदांता अस्पताल ले रेफर कर दिया गया। अनुपमा जायसलवाल, अखिलेश यादव का पुतला जलाते हुए आग से झुलसी थी। इसके बावजूद अखिलेश यादव उन्हें देखने के लिए मेदांता अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सियासी कड़वाहट के बीच अखिलेश यादव की इस संवेदनशीलता ने सबको हैरान कर दिया। अखिलेश यादव का वह फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था जिसमें वे मेदांता अस्पताल में अनुपमा जायसवाल से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। अखिलेश यादव को अपने सामने देखकर अनुपमा जायसवाल के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई थी।

उस समय अखिलेश यादव ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भा की थी। अखिलेश यादव ने यह पहल कर एक बड़ी लकीर खींच दी। उन्होंने अपनी इस पहल से यह संदेश भी दिया कि लोकतंत्र में वैचारिक असहमति हो सकती है लेकिन व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं होनी चाहिए। इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव की इस संवेदनशीलता की काफी प्रशंसा हुई थी। इस मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ट्वीट कर जानकारी भी दी थी। अखिलेश यादव ने इस मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था कि हम नहीं चाहते कि समाज के बीच आग जले। हम चाहते हैं समाज में सौहार्द की फुहार हो।

# क्या भारत प्रतियोगी परीक्षाएं कराने की क्षमता खो चुका है!

**विजय शंकर पाण्डेय**

पूर्व आईएएस अधिकारी वी एस पाण्डेय लिखते हैं इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि समस्या केवल किसी एक राज्य या एजेंसी तक सीमित नहीं है। यह एक संगठित उद्योग का रूप ले चुकी है जिसमें कोचिंग माफिया, प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा केंद्र कर्मचारी, साइबर अपराधी और कई बार प्रभावशाली लोग भी शामिल पाए जाते हैं।

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET को पेपर लीक के आरोपों के कारण निरस्त किया जाना केवल एक परीक्षा का संकट नहीं है, बल्कि यह भारत की पूरी परीक्षा प्रणाली पर लगा गंभीर प्रश्नचिन्ह है। लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत, मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और पारिवारिक अपेक्षाओं के साथ इन परीक्षाओं में बैठते हैं, लेकिन जब प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही बाजार में बिकने लगें, व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर घूमने लगें, और बाद में परीक्षाएं रद्द करनी पड़ें, तब यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि मेहनत बनाम भ्रष्टाचार की लड़ाई बन जाती है। हाल के घटनाक्रम में NEET-UG 2026 को पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द किया गया है और जांच एजेंसियां सक्रिय हुई हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का दायरा अत्यंत विशाल है। हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी सरकारी




नौकरियों, मेडिकल, इंजीनियरिंग, विश्वविद्यालय प्रवेश तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में भाग लेते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं इतनी सामान्य हो गई हैं कि अब ईमानदार परीक्षार्थी स्वयं को ठगा हुआ महसूस करने लगे हैं। 2019 से 2024 के बीच देश में कम से कम 65 बड़ी परीक्षाएं पेपर लीक या परीक्षा अनियमितताओं से प्रभावित हुईं। लाखों सपनों की कब्रगाह बन चुका है भारत का परीक्षा तंत्र। हर साल करोड़ों युवा रात-दिन एक करके परीक्षाओं की तैयारी करते हैं कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, कोई सरकारी अफसर। लेकिन जब परीक्षा हॉल में बैठने से पहले ही प्रश्नपत्र व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर वायरल हो जाता है, तो उन सपनों का क्या होता है? यह केवल एक परीक्षा का निरस्त होना नहीं है कृ यह उस पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है जिस पर 140 करोड़ लोगों का भविष्य टिका है। पेपर लीक की एक लंबी और शर्मनाक सूची है । भारत में पेपर लीक कोई नई घटना नहीं है। यह एक दशकों पुरानी बीमारी है जो हर बार नए रूप में सामने आती है। इसके कुछ उदाहरण NEET-UG 2024, 5 मई 2024 को देशभर में लगभग 24 लाख परीक्षार्थी बैठे। परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बिहार में 13 लोग गिरफ्तार हुए जिन्होंने प्रश्नपत्र खरीदा था। गुजरात के गोधरा में एक परीक्षा केंद्र पर धांधली पकड़ी गई। ब्ठप् जांच और सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप हुआ। छज्। के महानिदेशक को बर्खास्त किया गया।

UGC-NET जून 2024, 18 जून को परीक्षा हुई, 19 जून को रद्द। डार्कनेट पर प्रश्नपत्र लीक की पुष्टि हुई। UP पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2024, लगभग 48 लाख अभ्यर्थी प्रभावित। परीक्षा व्यापक लीक के बाद रद्द करनी पड़ी। CBSE 2018, कक्षा 12 की अर्थशास्त्र और कक्षा 10 की गणित का प्रश्नपत्र लीक हुआ। लाखों छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ी। SSC CGL 2017, स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की परीक्षा में लीक के आरोपों ने देशव्यापी प्रदर्शन और CBI जांच को जन्म दिया। AIPMT 2015, सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक लीक के चलते पूरी परीक्षा रद्द करने का आदेश दिया। व्यापम घोटाला, मध्यप्रदेश (2013 और आगे) दर्जनों परीक्षाओं में सुनियोजित धोखाधड़ी। इससे जुड़े कई व्यक्तियों की रहस्यमय मौतें। अब तक का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला माना जाता है। REET 2021, राजस्थानरू शिक्षक भर्ती परीक्षा में सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता से बड़े पैमाने पर लीक। BPSC 67वीं परीक्षा 2022, बिहार-प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल, परीक्षा रद्द। West Bengal SSC घोटाला: शिक्षक भर्ती में पैसे लेकर नौकरी देने और OMR शीट से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप। यह सूची यहीं समाप्त नहीं होती। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र कृ हर राज्य में यही कहानी दोहराई गई है। इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि समस्या केवल किसी एक राज्य या एजेंसी तक सीमित नहीं है। यह एक संगठित उद्योग का रूप ले चुकी है, जिसमें कोचिंग माफिया, प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा केंद्र कर्मचारी, साइबर अपराधी और कई बार प्रभावशाली लोग भी शामिल पाए जाते हैं। सबसे दुखद पक्ष यह है कि हर बार सजा विद्यार्थियों को मिलती है। कोई छात्र दो-दो वर्ष ड्रॉप लेकर तैयारी करता है, कोई गरीब परिवार खेत बेचकर कोचिंग की फीस देता है, कोई छात्र मानसिक दबाव में अवसाद तक पहुंच जाता है। लेकिन परीक्षा रद्द होने के बाद वही छात्र फिर से महीनों तैयारी करने को मजबूर हो जाता है। परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह का अर्थ है कि पूरी मेरिट व्यवस्था पर जनता का भरोसा टूटना। सवाल यह है कि आखिर भारत जैसी तकनीकी शक्ति रखने वाला देश सुरक्षित परीक्षा प्रणाली क्यों नहीं बना पा रहा? इसका सबसे बड़ा कारण है भ्रष्टाचार का संगठित नेटवर्क।ऐसा इस लिए है क्योंकि स्पष्ट रूप से देश की प्रशासनिक व्यवस्था ने एक प्रकार से भ्रष्टाचार को आत्मसात सा कर लिया हो और जब देशमें सर्वत्र भ्रष्टाचार व्याप्त हो तो परीक्षाएं कैसे साफ सुथरी रह सकती हैं। जरा सोंचे कि जब बिना रिश्वत या सिफारिश के शायद ही किसी सरकारी दफ्तर में काम होता है और पूरा प्रशासनिक प्रणाली भ्रष्टाचार से ग्रसित हो तो वही व्यवस्था इम्तहान कैसे ईमानदारी से करा पाने में सक्षम हो सकती है।

**( लेखक भारत सरकार के पूर्व सचिव हैं )**

## युद्धविराम के बाद से लेबनान में 23 बच्चे मारे गए, 93 घायल: यूनिसेफ

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि 17 अप्रैल से लागू युद्धविराम के बाद से लेबनान में कम से कम 23 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 93 बच्चे घायल हुए हैं। यूनिसेफ ने बुधवार को जारी बयान में कहा, ष्स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम 23 बच्चे मारे गए और 93 घायल हुए हैं। दो मार्च से अब तक कुल 200 बच्चों की मौत और 806 बच्चे घायल हुए हैं, यानी औसतन हर दिन लगभग 14 बच्चे मारे गए या फिर घायल हुए हैं। बयान में यह भी कहा गया कि पिछले सात दिनों में ही लेबनान में हमलों में मारे गए और घायल बच्चों की संख्या 59 पहुंच गई हैं। मंगलवार सुबह बेरूत के दक्षिण में एक कार पर हुए हमले में दो बच्चों और उनकी मां की मौत हुई है।



कीव। रूसी हमले के बाद एक आवासीय इलाके में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए घर के मलबे को हटाते बचावकर्मी।

## यूरोपीय बाजार में भारतीय समुद्री उत्पादन को भेजने की छूट

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ की एक अधिसूचना के अंतर्गत की गई घोषणा के अनुसार भारत से झींगा और मछली जैसे मत्स्य पालन उत्पादों को वहां के बाजार में निर्यात की छूट बनी रहेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि ईयू की ओर से 12 मई को प्रकाशित संशोधित मसौदा सूची में भारत को शामिल किया गया है ताकि यूरोपीय संघ के बाजार में जलीय कृषि उत्पादों का निर्यात जारी रखा जा सके। नई घोषणा से ईयू के 4 अक्टूबर 2024 को जारी कार्यान्वयन विनियमन 2024/2598 में पहले हुई चूक से भारतीय निर्यात को में उत्पन्न चिंता दूर हुई है।

# सिर्फ औपचारिकता निभाने चीन नहीं गए हैं ट्रम्प: व्हाइट हाउस

### कहा: ताइवान मुद्दा सबसे अहम, ट्रम्प प्रशासन ने ताइवान के लिए 11 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि अमेरिका ताइवान को हथियार देने की तैयारी कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने ताइवान के लिए 11 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को मंजूरी दी है, हालांकि उसकी डिलीवरी अभी शुरू नहीं हुई है।

ताइवान दुनिया में चिप निर्माण का बड़ा केंद्र है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ट्रम्प अमेरिका में चिप उत्पादन बढ़ाने के लिए ताइवान के साथ व्यापारिक सहयोग मजबूत करना चाहते हैं। इसी सिलसिले में एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बने हैं। ट्रम्प के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी चीन पहुंचे हैं। इसके अलावा टेक, रक्षा, कृषि और वित्त क्षेत्र के कई बड़े कारोबारी भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।



■ ट्रम्प के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी चीन पहुंचे हैं


व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प इस दौरे पर सिर्फ औपचारिकता निभाने नहीं गए हैं, बल्कि कुछ ठोस परिणाम चाहते हैं। अमेरिकी प्रशासन को उम्मीद है कि चीन अमेरिकी सोयाबीन, बीफ और विमानों की खरीद बढ़ाने का ऐलान कर सकता है। साथ ही दोनों देशों के व्यापारिक विवाद सुलझाने के लिए बोर्ड ऑफ ट्रेड जैसी व्यवस्था पर भी चर्चा हो सकती है। हालांकि अभी तक किसी भी संभावित समझौते की स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। इस दौरे के दौरान सबसे बड़ा मुद्दा ईरान बना हुआ है। अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को झटका दिया है। होर्मुज स्ट्रेट के प्रभावित होने से तेल और गैस आपूर्ति बाधित हुई है और ऊर्जा कीमतों में उछाल आया है। ऐसे में ट्रम्प चीन से ईरान पर दबाव डालने की कोशिश कर सकते हैं, क्योंकि चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यह ट्रम्प का 2017 के बाद पहला चीन दौरा है। इससे पहले दोनों नेता पिछले साल अक्तूबर महीने में बुसान में मिले थे। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प और शी जिनपिंग की यह मुलाकात आने वाले समय में अमेरिका-चीन संबंधों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# ताइवान पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## शी जिनपिंग बोले: गलत कदम से छिड़ सकता है संघर्ष

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है कि ताइवान मुद्दे पर किसी भी प्रकार की गलत रणनीति दोनों देशों को 'संघर्ष' की ओर धकेल सकती है। गुरुवार को महाशक्ति शिखर सम्मेलन के तहत हुई बैठक में ट्रम्प ने शी को 'महान नेता' और 'मित्र' बताते हुए कहा कि दोनों देशों का 'भविष्य शानदार' होगा।

शी ने औपचारिक स्वागत समारोह के बीच अपेक्षाकृत सख्त लहजे में यह भी कहा कि दोनों देशों को 'प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार' होना चाहिए। उन्होंने शुरुआत में ही ताइवान मुद्दे को चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण विषय बताया। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार शी ने कहा कि ताइवान प्रश्न चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यदि इसे गलत तरीके से संभाला गया, तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं, जिससे पूरे चीन-अमेरिका संबंध अत्यंत खतरनाक स्थिति में चले जाएंगे। यूरोन्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब सवा दो घंटे तक चली प्रारंभिक



■ चीन के राष्ट्रपति ने कहा: अमेरिका-चीन के बीच टकराव का कारण बन सकता है ताइवान

वार्ता के बाद व्हाइट हाउस के जारी आधिकारिक विवरण में ताइवान का कोई उल्लेख नहीं किया गया। इससे संकेत मिला कि दोनों नेता इस मुद्दे पर किसी ठोस सहमति तक नहीं पहुंच सके। ट्रम्प की यह यात्रा लगभग एक दशक बाद किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली चीन यात्रा है।

भव्य स्वागत समारोह के बावजूद व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अब भी दोनों देशों के बीच प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। शी ने ट्रम्प का स्वागत ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में रेड कार्पेट, सैन्य बैंड, तोपों की सलामी और स्कूली बच्चों के स्वागत नारों के साथ किया। ट्रम्प ने समारोह के दौरान कहा कि चीन और अमेरिका के संबंध पहले से कहीं बेहतर होने जा रहे हैं। इसके विपरीत शी ने प्राचीन यूनानी राजनीतिक सिद्धांत 'थ्यूसीडिडेस ट्रैप' का उल्लेख करते हुए कहा कि उभरती शक्ति और स्थापित शक्ति के बीच प्रतिस्पर्धा युद्ध का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि क्या चीन और अमेरिका तथाकथित 'थ्यूसीडिडेस ट्रैप' से ऊपर उठकर महाशक्तियों के संबंधों का नया प्रतिमान स्थापित कर सकते हैं? सहयोग दोनों पक्षों के लिए लाभकारी है, जबकि टकराव दोनों को नुकसान पहुंचाता है। वर्ष 2017 में ट्रम्प की पिछली चीन यात्रा के बाद से दोनों देश व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और कई वैश्विक मुद्दों पर लगातार मतभेदों में उलझे रहे हैं। ताइवान लंबे समय से दोनों देशों के बीच तनाव का प्रमुख कारण रहा है। अमेरिका 'वन चाइना' नीति के तहत केवल बीजिंग को मान्यता देता है, लेकिन अमेरिकी कानून के अनुसार वह ताइवान को आत्मरक्षा के लिए हथियार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे अपने नियंत्रण में लेने के लिए बल प्रयोग की संभावना से भी इन्कार नहीं करता। हाल के वर्षों में उसने ताइवान पर सैन्य दबाव बढ़ाया है। शी की टिप्पणियों के बाद ताइपे ने प्रतिक्रिया देते हुए चीन को क्षेत्रीय शांति के लिए 'एकमात्र खतरा' बताया और कहा कि अमेरिका ने ताइवान के प्रति अपने 'स्पष्ट और दृढ़ समर्थन' की बार-बार पुष्टि की है। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं की वार्ता अब तक सकारात्मक माहौल में हुई है। ट्रम्प ने शी को 'मित्र' बताया और दोनों नेताओं ने 'रचनात्मक, रणनीतिक और स्थिर संबंध' स्थापित करने पर सहमति जताई है। ताइवान मुद्दे के अलावा बीजिंग में हुई उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान शी और ट्रम्प ने अपेक्षाकृत सौहार्दपूर्ण रुख अपनाया तथा बैठक को बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संबंधों को स्थिर करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया। शिखर सम्मेलन का प्रमुख परिणाम वह नई रूपरेखा रही, जिसे शी ने 'रणनीतिक स्थिरता पर आधारित रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंध' करार दिया।

## चीनी पीएम ने एलन मस्क, टिम कुक, जेन्सेन हुआंग से की मुलाकात

**बीजिंग।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने गुरुवार को एलन मस्क (टेस्ला), टिम कुक (एप्पल) और जेन्सेन हुआंग (एनवीडिया) जैसे अमेरिका के दिग्गज उद्योगपतियों से मुलाकात की और अपील की कि वे चीन एवं अमेरिका के बीच संबंधों के 'स्वस्थ विकास' को बनाए रखने में सहयोग करें। यह महत्वपूर्ण बैठक बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच होने वाले उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। बीजिंग में एक दर्जन से अधिक अमेरिकी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कियांग ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और व्यापारिक तनाव के बावजूद 'मित्र और भागीदार' बने रहने की पूरी क्षमता है। ट्रम्प की इस चीन यात्रा में उनके साथ अमेरिका के 16 प्रमुख उद्योगपतियों का एक बड़ा समूह आया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प चीन के साथ नए निवेश और व्यापार बोर्ड बनाने की संभावनाओं पर काम करना चाहते हैं।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया की वायु सेनाओं की बैठक

■ एयरोस्पेस सहयोग पर चर्चा, डफ-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी दिखा

**कैनबरा।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और रायल आस्ट्रेलियन एयर फोर्स ने श्भविष्य के एयरोस्पेस सहयोगश पर चर्चा की है। यह चर्चा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रक्षा संबंधों के बीच हुई है, जहां फोटो सेशन के दौरान बोइंग एमक्यू-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी पीछे दिखाई दिया। दोनों वायु सेनाओं के बीच हाल ही में 12वीं एयर स्टाफ वार्ता कैनबरा में हुई।

इस वार्ता का खास फोकस अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता , प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर था। आईएएफ के बयान में कहा गया कि 12वीं एयर स्टाफ वार्ता में दोनों वायु सेनाओं ने आपरेशनल तालमेल बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग समझौते, प्रशिक्षण और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार हिंद-प्रशांत साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। आस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना के उप प्रमुख एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस ने कैनबरा और ब्रिस्बेन में भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान की मेजबानी की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और पेशेवर वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाया गया। बैठक के दौरान आस्ट्रेलिया की ओर से जारी एक तस्वीर में बोइंग डिफेंस आस्ट्रेलिया का एमक्यू-28 घोस्ट बैट पीछे दिखाई दिया। यह एक मानव रहित लड़ाकू विमान है, जिसे इस तरह से बनाया गया है कि यह पायलट वाले लड़ाकू विमानों और हवाई प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के साथ मिलकर काम कर सके।

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति ईरानी एक्ट्रेस को मैसेज करते थे

■ दावा: मैक्रों को इस वजह से पत्नी ने थप्पड़ मारा, पिछले साल वीडियो वायरल हुआ था

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को वियतनाम में उनकी पत्नी ब्रिजित मैक्रों ने ईरानी मूल के एक्ट्रेस के कारण थप्पड़ मारा था। न्यूयार्क पोस्ट के मुताबिक, यह दावा फ्रांसीसी पत्रकार फ्लोरियन तारदिफ ने अपनी नई किताब 'एन (आलमोस्ट) परफेक्ट कपल' में किया है। यह किताब बुधवार को प्रकाशित हुई। किताब में कहा गया है कि यह विवाद ईरानी मूल की अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच कथित चौट की वजह से हुआ था।

रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों अभिनेत्री को मैसेज भेजते थे। एक मैसेज में उन्होंने कथित तौर पर लिखा था कि मुझे तुम बहुत खूबसूरत लगती हो। फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैक्रों और फराहानी के बीच कई महीनों तक 'प्लेटोनिक रिलेशनशिप' (दोस्ती वाला रिश्ता) बना रहा। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि यह रिश्ता सिर्फ भावनात्मक और निजी बातचीत तक सीमित था। मैक्रों पिछले साल 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ मारती दिखी थीं। हालांकि, ब्रिजित मैक्रों की टीम ने इन सभी दावों को गलत बताया है। उनके प्रतिनिधियों ने कहा कि ब्रिजित कभी अपने पति का मोबाइल फोन नहीं देखतीं और किताब में कही गई बातें सच नहीं हैं। दूसरी तरफ अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी ने भी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ किसी रिश्ते की खबरों को पहले ही खारिज कर दिया था।

## बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने रचा इतिहास

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह पोस्ट-कोविड दौर में मुख्य भूमिका निभाते हुए दुनिया भर में 3700 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय पुरुष अभिनेता बन गए हैं। धुरंधर फ्रेंचाइजी की शानदार सफलता के साथ रणवीर ने न सिर्फ सिनेमाघरों में अपना दबदबा फिर से स्थापित किया है, बल्कि खुद को आज के भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में भी शामिल कर लिया है। पोस्ट-कोविड दौर में रणवीर की थिएटर यात्रा फिल्म 83 से शुरू हुई, जिसने दुनिया भर में 184.36 करोड़ रुपये की कमाई की। इस फिल्म को इसकी भावनात्मक कहानी और रणवीर के दमदार अभिनय के लिए काफी सराहा गया। इसके बाद वह जएशभाई जोरदार में नजर आए, जिसने वैश्विक स्तर पर 24.1 करोड़ रुपये कमाए, जबकि सर्कस ने 39.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

# बांग्लादेश में खसरे से मृतकों की संख्या 432 हुई

## मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कम से कम आठ और लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप गंभीर होता जा रहा है, इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 432 हो गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कम से कम आठ और लोगों की मौत हुई है।

देश में खसरे के पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 60 हजार से अधिक हो गई है, जिससे स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसे हाल के वर्षों का सबसे बड़ा प्रकोप बताया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, ये मौतें बुधवार सुबह तक के 24 घंटों में दर्ज की गईं। इसी अवधि में, 1489 संदिग्ध मामले सामने आए, जिससे संदिग्ध संक्रमणों की कुल संख्या 53056 हो गई। इसके अतिरिक्त, 126 पुष्ट मामले दर्ज किए गए, जिससे कुल पुष्ट मामलों की संख्या 7150 हो गई।



■ देश में खसरे के पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 60 हजार से अधिक हो गई है

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार ने यह जानकारी दी। जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ मुश्ताक हुसैन ने कहा कि समय पर टीकाकरण न होने के कारण खसरे के मामले तेजी से फैले हैं। उन्होंने कहा, यदि प्रकोप को देखते हुए कोई उचित कदम उठाया गया होता, तो मृत्यु दर काफी कम हो सकती थी। हुसैन ने यह भी कहा कि एक बार जब मामले 50 हजार का आंकड़ा पार कर जाते हैं, तो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाना चाहिए, और ऐसा न करके काफी गलत किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले वर्ष अपर्याप्त टीकाकरण और कुपोषण ने इस प्रकोप को बदतर बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। वायरोलाजिस्ट और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ महबूबा जमील ने इस वर्ष खसरे के मामलों में असामान्य वृद्धि के बारे में बताया। उन्होंने कहा, यदि टीकाकरण गतिविधियां जारी रहती हैं, तो अगले कुछ हफ्तों में संक्रमण में कमी आनी शुरू हो सकती है। जिन क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान चलाए गए हैं, वहां अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति दिख रही है। जमील ने बताया कि संक्रमण के मामले में सिलहट जिला वर्तमान में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। सचेतन नागरिक समाज के बैनर तले प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने ढाका के धनमंडी 27 क्षेत्र में एक मानव श्रृंखला बनाई। उन्होंने खसरे से संबंधित मौतों के लिए पूर्व अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और उनके स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे की भी मांग की।

## कोरोना मौतों का आंकड़ा आधिकारिक संख्या से तीन गुना अधिक: WHO

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि कोविड-19 महामारी से दुनिया भर में मौतों की वास्तविक संख्या 2.2 करोड़ से अधिक पहुंच गई है, जो आधिकारिक तौर पर दर्ज 70 लाख मौतों से करीब तीन गुना ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ की बुधवार को जारी 'वर्ल्ड हेल्थ स्टैटिस्टिक्स 2026' रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच सभी कारणों से वैश्विक अतिरिक्त मौतों (एक्सेस डेथ्स) का अनुमान 2.21 करोड़ लगाया गया, जबकि कोविड-19 से आधिकारिक तौर पर 70 लाख मौतें दर्ज की गईं। इसका मतलब है कि कोविड से दर्ज हर एक मौत के मुकाबले महामारी से जुड़ी लगभग दो अतिरिक्त मौतें हुईं।

# फिलीपींस की संसद में गोलीबारी से मचा हड़कंप

## सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने के लिए चेतावनी दी और फायरिंग की

**मनीला।** फिलीपींस की संसद के भीतर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां कुछ हथियारबंद नकाबपोशों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने के लिए चेतावनी दी और फायरिंग की, जिसके बाद हमलावर हवा में गोलियां चलाते हुए वहां से भाग गए।

यह घटना बुधवार रात तब हुई जब सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए संसद भवन के अंदर छिपे हुए थे। उनपर मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप हैं और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है। रोजा सोमवार से ही अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए संसद में छिपे हुए थे, लेकिन इस गोलीबारी के बाद वह वहां से गायब हो गए हैं। राष्ट्रपति की प्रवक्ता क्लेयर कास्त्रो के





■ फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात जारी वीडियो में कहा कि इस घटना में सरकार का कोई हाथ नहीं

मुताबिक, सीनेटर अब संसद परिसर में नहीं हैं। रोजा पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के खास सहयोगी और पूर्व पुलिस प्रमुख रहे हैं और उन पर नशीली दवाओं के खिलाफ खूनी अभियान चलाने का आरोप है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इसी मामले में पूर्व राष्ट्रपति पहले से ही नीदरलैंड में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात जारी वीडियो में कहा कि इस घटना में सरकार का कोई हाथ नहीं है। उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की और दोषियों को पकड़ने का भरोसा दिया। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। रोजा को 'बाटो' के नाम से जाना जाता है। उन पर आरोप है कि जब वे पुलिस प्रमुख थे, तब उन्होंने 'ओप्लान तोखांग' नाम की योजना के तहत कई लोगों की जान ली। हालांकि रोजा ने इन आरोपों को गलत बताया है और कहा है कि आईसीसी को उन्हें गिरफ्तार करने का अधिकार नहीं है। वे सोमवार से ही संसद भवन के अंदर थे और सुरक्षा एजेंसियों को चकमा दे रहे थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)